रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

सेंसेक्स 81,921.29 +361.75
डॉलर 83.966 -0.006
रांची सर्राफा
10 ग्राम ₹71,930 | 01 किलो ₹90,000

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

भाद्रपद शुक्ल पक्ष 08, संवत 2081 | रांची, बुधवार, 11 सितंबर 2024, वर्ष-25, अंक- 220, पृष्ठ-12 | ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com



पेज-12 भारतीय राजनीति में प्रेम और...

## आईसीएसई कराटे चैंपियनशिप में भाग लेगा खूंटी का अर्पण



**खूंटी।** उर्सुलाइन इंग्लिश मीडियम स्कूल के होनहार कराटेकार अर्पण भेंगरा आईसीएसई स्कूल नेशनल कराटे चैंपियनशिप में भाग लेंगे। झांसी (यूपी) के ब्लू वेल्स पब्लिक स्कूल में 12, 13 एवं 14 सितंबर को आयोजित होने वाली आईसीएसई नेशनल कराटे चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए अर्पण भेंगरा मंगलवार को खूंटी से झांसी के लिए रवाना हुआ। यह जानकारी उसके कोच विजय कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि पूर्व में आयोजित जोनल एवं रीजनल लेवल की प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीतने वाले अर्पण भेंगरा का चयन नेशनल चैंपियनशिप के लिए हुआ है।

## एफजेसीसीआई के कार्यकारिणी चुनाव के लिए नामांकन खत्म

**रांची।** फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज (एफजेसीसीआई) के सत्र 2024-25 के कार्यकारिणी समिति एवं क्षेत्रीय उपाध्यक्ष के चुनाव के लिए नामांकन के अंतिम दिन मंगलवार को 46 पर्चे भरे गए। चुनाव पदाधिकारी ललित केडिया व चेयरमैन अंचल किंगर ने कहा कि नामांकन वापसी की अंतिम तिथि 12 सितंबर है। ज्ञात हो कि चैंबर का चुनाव 22 सितंबर को गुरुनानक स्कूल में होगा।

### प्रमंडल स्तरीय सहकारिता महासम्मेलन का मुख्यमंत्री ने किया उद्घाटन

# गांव समृद्ध होंगे, तभी राज्य समृद्ध होगा : हेमंत सोरेन

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मंगलवार को कहा कि उनकी सरकार और कृषि विभाग का उद्देश्य एवं लक्ष्य राज्य में किसान वर्ग को मजबूती प्रदान करना रहा है। उन्होंने कहा कि झारखंड गांवों का प्रदेश है। ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाले अधिकतर लोगों का जुड़ाव खेती-बाड़ी के कार्यों से है। विगत 4 वर्षों में राज्य सरकार द्वारा किसान वर्ग के लिए कई महत्वपूर्ण योजनाओं का संचालन और नीति निर्धारण की गई है, जो आने वाले समय में मील का पत्थर साबित होगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जब गांव समृद्ध होंगे, तभी राज्य समृद्ध होगा। उनकी सरकार राज्य के गांवों की जड़ों को मजबूत करने पर लगी है। जब गांव की जड़ें मजबूत होंगी, तब स्थायी तौर पर राज्य भी मजबूत होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में उनकी सरकार के गठन के चंद दिनों बाद से ही कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा है। तमाम चुनौतियों से लड़ते-लड़ते विगत चार वर्षों में राज्य के गरीब, वृद्धजन, महिलाएं, किसान, आदिवासी, दलित, शोषित, पिछड़े सभी वर्गों के उत्थान के लिए उनकी सरकार ने जो लकीर खींची है, वह बहुत मजबूत, लंबी और गाढ़ी लकीर है, उसे मिटा पाना असंभव है।

सीएम सोरेन ने ये बातें मंगलवार को द कार्निवल बैंक्वेट हॉल, डिबडीह में आयोजित प्रमंडल स्तरीय सहकारिता महासम्मेलन, रांची-2024 के उद्घाटन एवं 236 चलंत पशु चिकित्सालय वाहन के शुभारंभ कार्यक्रम में कही। उन्होंने कहा कि हमारा देश कृषि प्रधान देश है।

शेष पेज 11 पर



**सीएम ने कहा**

- सरकार ने लंबी और गहरी लकीर खींची है, उसे मिटा पाना असंभव
- किसान के लिए खेती की वैकल्पिक व्यवस्था पर दिया गया है बल

### सरकार सदैव किसान परिवारों के साथ

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि उनकी सरकार सदैव यहां के किसान परिवारों के साथ खड़ी है। राज्य सरकार द्वारा कृषकों के दो लाख रुपये तक के कृषि ऋण माफी का निर्णय भी लिया गया है। राज्य सरकार अब कृषि कार्य के लिए किसान परिवारों को बेहतर गुणवत्ता वाले पशु प्रदान कर रही है। राज्य सरकार ने पहली बार ऐसी नीति बनाई, जिसमें कृषकों को प्रदान किए जाने वाले सभी पशुओं का इंश्योरेंस किया जाता है, ताकि पशुओं के मरने पर उन्हें बीमा की राशि उपलब्ध कराई जा सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में बड़े पैमाने पर लोग मछली पालन के व्यवसाय से भी जुड़े हैं। राज्य सरकार यहां विभिन्न पशुपालन योजनाओं को बढ़ावा दे रही है।

## बिजली उपभोक्ताओं की सब्सिडी के साथ खिलवाड़

मनोज मिश्रा




**उपभोक्ताओं पर पड़ रहा आर्थिक बोझ, सब्सिडी भी खत्म**

**रांची।** राज्य सरकार झारखंड की जनता के आर्थिक बोझ को कम करना चाहती है। इसके लिए उसने 200 यूनिट तक की बिजली मुफ्त कर दी है। लोगों तक यह सब्सिडी पहुंचे, तो राज्य की जनता का बहुत भला हो सकता है। मगर विद्युत विभाग के अधिकारी इस साधारण-सी प्रक्रिया को इतना उलझा दे रहे हैं कि झारखंड की जनता इसका लाभ लेने से वंचित रह जा रही है।

ऐसा ही एक मामला विद्युत आपूर्ति प्रमंडल रांची (पश्चिमी) का है। यहां के उपभोक्ताओं को बिजली की सब्सिडी का लाभ नहीं मिल रहा है। प्रश्न यह उठता है कि ऐसा कैसे हो रहा है, जबकि राज्य सरकार सब्सिडी देने के लिए कटिबद्ध है। उपभोक्ताओं को सब्सिडी का लाभ नहीं मिलने का कारण यह है कि हर माह बिजली का बिल नहीं दिया जा रहा है। विद्युत उपभोक्ताओं का आरोप है कि उन्हें दो महीने या उससे ज्यादा का बिजली बिल को एक साथ जोड़ दिया जा रहा है। ऐसे में उन्हें बिजली की खपत 200 यूनिट से पार कर जाने के कारण सब्सिडी का लाभ नहीं मिल पाता है और एक बार में भारी बिजली बिल चुकाना पड़ रहा है। साथ ही, यूनिट की दर भी बढ़ जाती है। जागरूक उपभोक्ता सब्सिडी लेने की बात कार्यपालक अभियंता हिमांशु कुमार के कार्यालय में करते हैं, तो उन्हें घंटों इंतजार करवाया जाता है। बहुत टाल-मटोल के बाद आवेदन लिखने को कहा जाता है। इस संबंध में राष्ट्रीय नवीन मेल के संवाददाता ने जब जेबीवीएनएल के वाणिज्यिक विभाग के जीएम संजय सिंह से बात की, तो उन्होंने बताया कि शेष पेज 11 पर

## राज्य सरकार ने चुनाव आयोग से शिवराज और हिमंता के खिलाफ की शिकायत

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** राज्य सरकार ने असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा और केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान के खिलाफ चुनाव आयोग में लिखित शिकायत की है। इस पत्र में राज्य सरकार ने दोनों नेताओं पर झारखंड के विभिन्न समुदायों के बीच में नफरत फैलाने का आरोप लगाया है। साथ ही, राज्य के शीर्ष अफसरों को धमकी देने का भी आरोप लगाया है। पत्र में राज्य सरकार की ओर से मांग की गई है कि दोनों नेताओं के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। इस संबध में सरकार के प्रधान सचिव वंदना डाडेल ने दो सितंबर को पत्र चुनाव आयोग को लिखा गया है। इसमें कहा है कि हिमंता बिस्वा सरमा ने झूठे बयान दिए। शेष पेज 11 पर

अबुआ आभार हेमन्त सरकार



**मैं संगीता देवी,** धनबाद,
पेंशन की राशि मिलने से गुजर-बसर में आसानी हो रही है। इससे पहले वृद्धा पेंशन नहीं मिलता था। लेकिन, पिछले दो साल से पेंशन मिल रहा है। इस पैसे से दवा खरीदती हूं और अपना इलाज कराती हूं। सरकार को धन्यवाद, जिसने हम जैसे गरीबों को पेंशन दिया।
**मुख्यमंत्री जी को बहुत-बहुत आभार...**



झारखण्ड में **40 लाख** जरूरतमंद लोगों को सर्वजन पेंशन योजना से मिल रहा लाभ

**मैं महेंद्र प्रसाद,** लातेहार,
बुज़ुर्ग होने तथा नियमित आय के अभाव में मुझे परिवार का पालन पोषण करने में कठिनाई हो रही थी। मैंने सर्वजन पेंशन योजना के तहत आवेदन जमा किया। मेरा आवेदन स्वीकृत हुआ और मुझे एक हजार रुपये प्रतिमाह वृद्धा पेंशन मिलने लगा।
**हेमन्त सरकार को बहुत-बहुत धन्यवाद...**



# योजना का लाभ लेकर जीवन में मिली उम्मीद

### मनरेगा के अंतर्गत सिंचाई कूप निर्माण से सशक्त हुए किसान

**खूंटी**

**खूंटी** के कर्रा प्रखण्ड अंतर्गत ग्राम बमरजा निवासी कोयलो उराँव अपने जीवन को उन्नत करने की दिशा में आगे बढ़ चुके हैं। मनरेगा के तहत संचालित बिरसा सिंचाई कूप संवर्द्धन योजना कोयलो उराँव जैसे हजारों किसानों के लिए सार्थक सिद्ध हो रहा है। सफलता के पथ पर बढ़ते ये किसान अब आत्मविश्वास से लबरेज हैं।

कोयलो उराँव के जीवन में एक आशा की किरण तब नजर आई, जब उसने मनरेगा अंतर्गत सिंचाई हेतु कुआँ की जरूरत से ग्राम सभा को अवगत कराया। उसकी जरूरत को देखते हुए ग्राम सभा और प्रखंड स्तर से उसे योजना की प्रशासनिक स्वीकृति प्राप्त हो गई। देखते ही देखते उसके खेत में कुआँ निर्माण का कार्य शुरू हो गया।

**खेती में हो रही थी परेशानी**

कोयलो को अपने खेत में सिंचाई के लिए पानी की कमी के कारण खेती में परेशानी हो रही थी। कोयलो दूसरे के खेत में खेती करने को विवश था। उसकी परेशानियां तब कम हुई, जब मनरेगा के अंतर्गत उसके खेत में कुआँ का निर्माण हुआ। इससे न केवल वह अपने खेत में खेती करने लगा, बल्कि उसकी आंखों में उम्मीदों की चमक भी दिखाई देने लगी है। वह दोगुने मेहनत से खेती के कार्य में जुट गया। उसकी मेहनत रंग लाई और उसके खेत लहलहाने लगे।



बिरसा सिंचाई कूप संवर्द्धन योजना (लाभुक) - कोयलो उराँव की परिजन

**किसानों के जीवन में सकारात्मक प्रभाव**

किसान कोयलो उराँव का कहना है कि पहले से अब वो चार से पांच गुना ज़्यादा फसल उपजा रहा है। आलू, मटर, बीन, करेला, गोभी, प्याज़, टमाटर इत्यादि से करीब 2 लाख रुपये तक की आमदनी हुई। निकट भविष्य में भी उसे उम्मीद है कि उसके द्वारा उत्पादित फसलों से उसे लाभ होगा। मनरेगा के अंतर्गत कुआँ निर्माण से बमरजा गांव के ही नहीं बल्कि कर्रा प्रखंड के दर्जनों किसानों को भी लाभ हुआ है। किसान कहते हैं कि अब वे हर मौसम में खेती करते हैं और परिवार का भरण-पोषण एवं बच्चों की शिक्षा बेहतर ढंग से कर रहें हैं।

योजना का लाभ लेकर कोयलो कर्रा प्रखंड में एक उभरते हुए किसान के रूप में अन्य किसानों को प्रेरित कर रहा है। मनरेगा से मिली ये सुविधा किसानों तक बेहतर संदेश देने में सहायक सिद्ध हुई हैं। अब ऊर्जावान किसान उन्नत भी हैं और कुशल भी। मालूम हो कि सिंचाई की व्यवस्था के लिए बिरसा सिंचाई कूप संवर्द्धन योजना के तहत राज्य भर में 1 लाख कुआँ निर्माण का लक्ष्य रखा गया है

जोहार, मेरा नाम मलविना पूर्ति है। मुझे फूलो झानो आशीर्वाद अभियान के अंतर्गत योजना का लाभ मिला था। योजना में मिली मदद से मैंने अपना व्यवसाय शुरू किया है। मैं बहुत खुश हूं। हेमन्त दादा को आभार।

मलविना पूर्ति, पश्चिमी सिंहभूम



# नियुक्तियों से युवाओं के सपने हो रहे साकार

### सरकार के लगातार प्रयास से युवाओं को मिला रोजगार और नियुक्ति के अवसर

**हेमन्त सरकार** ने राज्य में होने वाली नियुक्ति में स्थानीय लोगों को प्राथमिकता मिले इसके लिए लगातार प्रयास किये हैं। इसका फायदा भी दिखा है। JPSC एवं JSSC द्वारा ली गयी परीक्षाओं में जो चयन हुआ है उसमें स्थानीय लोगों के चयन का प्रतिशत चौकाने वाले हैं। हाल के दिनों में हुए विभिन्न पदों पर नियुक्तियों में 75 प्रतिशत से 100 प्रतिशत नियुक्ति झारखण्ड के अभ्यर्थियों की हुई है।

JPSC द्वारा जहां लेखा पदाधिकारी के पद पर 100 प्रतिशत झारखण्ड के अभ्यर्थियों की नियुक्ति हुई, वहीं JSSC द्वारा कनीय अभियंता (सिविल) में 75 प्रतिशत युवा झारखण्ड के चयनित हुए। झारखण्ड राज्य के अभ्यर्थियों की संख्या पर नजर डालें तो कार्यपालक पदाधिकारी, सहायक नगर आयुक्त, विशेष पदाधिकारी 94 प्रतिशत, सहायक अभियंता 85 प्रतिशत, कनीय अभियंता (विद्युत) 88 प्रतिशत, कनीय अभियंता (यांत्रिक) 95 प्रतिशत एवं स्ट्रीट लाईट इंस्पेक्टर 81 प्रतिशत झारखण्ड के अभ्यर्थियों की नियुक्ति हुई है। इस तरह झारखण्ड डिप्लोमा संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा 2023 में मोटरयान निरीक्षक में 97.63 प्रतिशत, कनीय अभियंता (यांत्रिक) में 91 प्रतिशत, कनीय अभियंता (असैनिक) में 79.93 प्रतिशत, कनीय अभियंता (विद्युत) में 92.30 प्रतिशत समेत अन्य में झारखण्ड के अभ्यर्थी नियुक्त हुए हैं।

झारखण्ड को बने दो दशक से अधिक हो गए। लेकिन, विभिन्न विभागों में जहां कई पदों पर पहली बार नियुक्ति हुई तो कहीं नियुक्ति नियमावली भी पहली बार बनायी गयी। सभी अड़चनों को दूर कर झारखण्ड सरकार क्रमबद्ध और योजनाबद्ध तरीके से पूरी तेजी के साथ खाली पदों को भरने का अभियान शुरू कर चुकी है और यह सिलसिला लगातार जारी है।




मुख्यमंत्री ने 1500 स्नातकोत्तर प्रशिक्षित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपा।

**नियुक्ति में स्थानीय युवाओं ने मारी बाजी**

(नगर विकास एवं आवास विभाग में विभिन्न पदों के आंकड़े)

| | |
|---|---|
| लेखा पदाधिकारी | 100% |
| कनीय अभियंता (सिविल) | 75% |
| कार्यपालक पदाधिकारी, सहायक नगर आयुक्त, विशेष पदाधिकारी | 94% |
| सहायक अभियंता | 85% |
| कनीय अभियंता (विद्युत) | 88% |
| कनीय अभियंता (यांत्रिक) | 95% |
| स्ट्रीट लाइट इंस्पेक्टर | 81% |

PR No. 335331 (IPRD) 2024-25

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

# योजनाओं को धरातल पर उतारने का हरसंभव हो रहा प्रयास : सीएम

**राज्य सरकार ने वैश्विक महामारी के समय एक बेहतर मैनेजमेंट का उदाहरण पूरे देश के सामने रखा**

**नवीन मेल संवाददाता। रांची/सरायकेला**

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि राज्य सरकार आपकी योजना-आपकी-सरकार आपके-द्वार कार्यक्रम चलाकर महत्वाकांक्षी योजनाओं को आप तक पहुंचाने का कार्य कर रही है। मैं स्वयं राज्य का भ्रमण कर यह देखने की कोशिश कर रहा हूं कि राज्य सरकार की योजनाएं जमीनी स्तर पर उतर रही है या नहीं। बरसात का मौसम है, जगह-जगह बारिश हो रही है, फिर भी आप सभी लोग इतनी बड़ी संख्या में इस कार्यक्रम में पहुंच रहे हैं। यह हर्ष का विषय है। योजनाओं को धरातल पर उतारने का हरसंभव प्रयास किया जा रहा है।

सोरेन मंगलवार को सरायकेला-खरसावां जिला के चांडिल प्रखंड स्थित डोबो काजू बागान में आयोजित आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम में बोल रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार के जिला एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी पंचायत-पंचायत, गांव-गांव, टोला-टोला में शिविर लगाकर सरकारी योजनाओं को आपके घर-आंगन तक पहुंचाने का कार्य कर रहे हैं। वैसे सुदूर ग्रामीण क्षेत्र जहां रोड कनेक्टिविटी नही है वहां भी विभिन्न माध्यमों से राज्य सरकार के पदाधिकारी आप तक पहुंच रहे हैं और आपको योजनाओं से आच्छादित कर रहे हैं। वर्ष 2019 से पहले राज्य के वृद्धजन, दिव्यांगजन, विधवा माता-बहने पेंशन को लेकर जिला एवं प्रखंड कार्यालयों एवं बिचौलियों का चक्कर काटते थे। पेंशन कार्ड तो बनता नहीं था लेकिन दलाल इनसे पैसे जरूर वसूल कर लेते थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज उनकी सरकार राज्य में सर्वजन पेंशन योजना लागू कर सभी पात्र लोगों को सामाजिक सुरक्षा के तहत पेंशन उपलब्ध करा रही है। कोई एक भी पात्र व्यक्ति ढूंढने से नहीं मिलेगा जिसे पेंशन नही मिल रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में जिस दिन उनकी सरकार का गठन हुआ उसके चंद दिनों बाद ही वैश्विक महामारी कोरोना संक्रमण ने देश और दुनिया में दस्तक दी। कोरोना संक्रमण काल इतना



**मैं स्वयं राज्य का भ्रमण कर यह देखने की कोशिश कर रहा हूं कि राज्य सरकार की योजनाएं जमीनी स्तर पर उतर रही हैं या नहीं।**

भयावह और डरावना था कि लोग अपने-अपने घरों में ताला बंद कर रहने को मजबूर हो गए। सभी उद्योग धंधे, रोजगार के साधन एकाएक बंद हो गए परंतु इस विकट परिस्थिति में भी राज्य सरकार ने झारखंड में किसी एक भी व्यक्ति को भूख से मरने नहीदिया। राज्य सरकार ने वैश्विक महामारी के समय एक बेहतर मैनेजमेंट का उदाहरण पूरे देश के सामने रखा। बिना कोई अफरा-तफरी के जीवन और जीविका दोनों को राज्य सरकार ने संरक्षित करने का काम किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोना संक्रमण काल में जनहित का कार्य करते-करते हमारे दो मंत्री भी शहीद हो गए। कोरोना संक्रमण काल में प्रवासी मजदूरों को घर लाने के साथ-साथ उन्हें रोजगार के साधन भी उपलब्ध कराए गए।

## सीएम ने दुर्गा सोरेन को दी श्रद्धांजलि, कहा

# हमेशा गरीबों-वचितों के साथ खड़े रहे



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने आज अपने बड़े भाई दुर्गा सोरेन और झारखंड आंदोलन के नेता दुर्गा सोरेन की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की. सीएम हेमंत सोरेन ने लोवाडीह, नामकोम स्थित दुर्गा सोरेन स्मारक पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और उन्हें पुष्प अर्पित किए। इस दौरान सीएम हेमंत सोरेन के साथ उनकी पत्नी और गांडेय विधायक कल्पना सोरेन और राज्यसभा सांसद महुआ माजी मौजूद रहीं। इस दौरान सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि झारखंड राज्य आंदोलन में अग्रणी भूमिका निभाने वाले महान क्रांतिकारी दादा स्व दुर्गा सोरेन की जयंती पर उन्हें शत-शत नमन। उनका जीवन प्रेरणादायक रहा है। दुर्गा सोरेन अपने पूरे जीवन काल में गरीबों, वंचितो और शोषितो के लिए हमेशा खड़े रहे हैं।

**1965 भारत-पाक युद्ध के हीरो अब्दुल हमीद को भी दी श्रद्धांजलि**

सीएम हेमंत सोरेन ने 1965 भारत-पाक युद्ध में शहीद हुए परमवीर चक्र विजेता अब्दुल हमीद को उनके शहादत दिवस के दिन श्रद्धांजलि दी. इस दौरान सीएम ने कांटाटोली चौक स्थित उनके स्मारक पहुंच कर उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए. इस दौरान हेमंत सोरेन ने अब्दुल हमीद चौक के जीर्णोद्धार कार्य का शिलान्यास किया। इस दौरान सीएम के साथ कल्पना सोरेन और राज्यसभा सांसद महुआ माजी सहित अन्य लोग भी मौजूद रहे।

## रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने ऑस्ट्रेलिया में भारतवंशियों से किया संवाद



**रांची।** रांची के सांसद सह रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ के ऑस्ट्रेलिया प्रवास के प्रथम दिन मंगलवार को मेलबॉर्न में स्थित युद्ध स्मारक (द श्राइन ऑफ रेंब्रेंस) पहुंचे। यहां अपने देश के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वालों को श्रद्धांजलि अर्पित की। काउंसलेट जनरल ऑफ इंडिया के द्वारा मेलबर्न शहर में भारतीयों के साथ एक संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा दूर देश में अपने लोगों से मिलकर अपनत्व का बोध होता है। आप सब ऑस्ट्रेलिया में रहकर अपने कार्यों से भारत का गौरव बढ़ा रहे हैं। सभी भारतीय यहां अपने कार्यक्षेत्र में अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित कर अपने और अपने देश का नाम रोशन कर रहे हैं।

## राज्य के 74 केंद्रों पर हुए जन शिकायत समाधान कार्यक्रम




**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश पर डीजीपी अनुराग गुप्ता के नेतृत्व में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम की शुरूआत मंगलवार को हुई। राज्य के 21 जिले के 74 केंद्रों पर इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इनमें कुल 6396 लोगों की समस्या सुनकर झारखंड पुलिस ने उसका समाधान किया।

**किस जिले में कितने लोगों ने की शिकायत**

रांची में 824, खूंटी में 145, सिमडेगा में 79, लोहरदगा में 123, गुमला में 223, रामगढ़ में 184, हजारीबाग में 392, चतरा में 149, कोडरमा में 104, गिरिडीह में 1100, बोकारो में 205,धनबाद में 686, लातेहार में 283, पलामू में 335, गढ़वा में 418, दुमका में 374, जामताड़ा में 162, पाकुड में 86, साहेबगंज में 342, देवघर में 38, गोड्डा में 144 कुल 6396 शिकायत आयी।


# भारत करेगा वैश्विक सहकारिता सम्मेलन-2024 की मेजबानी

## केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह होंगे शामिल

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

इफको की पहल पर पहली बार आईसीए महासभा और वैश्विक सहकारिता सम्मेलन की मेजबानी भारत करेगा। गौरतलब है कि आईसीए निदेशक मंडल की गत 28 जून 2023 को ब्रुसेल्स में आयोजित बैठक के दौरान इफको ने आईसीए महासभा और वैश्विक सम्मेलन की मेजबानी भारत में करने का प्रस्ताव रखा था, जिसे निदेशक मंडल के सदस्यों ने मंजूर कर लिया। इसके पश्चात संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में हुई बैठक में यह निर्णय लिया गया कि भारत में वैश्विक सहकारिता सम्मेलन के दौरान संयुक्त राष्ट्र अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 का आधिकारिक शुभारंभ भी होगा।

केंद्रीय गृह व सहकारिता मंत्री अमित शाह बतौर मुख्य अतिथि 25 नवंबर को सम्मेलन का



शुभारंभ करेंगे। इस कार्यक्रम में अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 पर एक स्मारक डाक टिकट भी जारी किया जाएगा। प्रधानमंत्री से सम्मेलन के उद्घाटन का अनुरोध किया गया है।

इस संबंध में आईसीए के महानिदेशक जेरोन डगलस ने प्रेस/मीडिया को सूचित किया है कि 25 से 30 नवंबर 2024 तक नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में आयोजित इस कार्यक्रम का विषय 'सहकारिता : सबकी समृद्धि का द्वार' होगा।

इसके अलावा सहकारिता से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर भी चर्चा की जाएगी। उन्होंने बताया कि इस सम्मेलन में भूटान के प्रधानमंत्री, संयुक्त राष्ट्र आर्थिक परिषद के अध्यक्ष, अंतरराष्ट्रीय सहकारी गठबंधन के अध्यक्ष, संयुक्त राष्ट्र के प्रतिनिधि, आईसीए के सदस्य, भारतीय सहकारिता आंदोलन से जुड़े प्रमुख व्यक्तियों तथा एक सौ से अधिक देशों के प्रतिनिधि के रूप में लगभग 1500 विशिष्ट अतिथियों के भाग लेने की उम्मीद है। डॉ.आशीष कुमार भुटानी, सचिव, सहकारिता मंत्रालय ने बताया कि सहकारिता मंत्रालय के गठन के पश्चात अमित शाह के नेतृत्व में सहकारी आंदोलन के सशक्तिकरण हेतु 54 नई पहल शुरू की गई है जो भारतीय सहकारी क्षेत्र के विकास में मील का पत्थर सिद्ध होंगे।

# झारखंड को सत्ताधारी दल के लोग नोच-नोच कर खा रहे हैं : शिवराज

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के गिद्ध वाले बयान पर भाजपा के झारखंड चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान ने पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि हम इस तरह की भाषा नहीं बोलते लेकिन झारखंड को सत्ताधारी दल के लोग चील-कोवे की तरह नोच-नोच कर खा रहे हैं। यहां भ्रष्टाचार की अति है, अन्याय की पराकाष्ठा है। सत्ताधारी दल के लोगों के पास से नोटों का पहाड़ बरामद हो रहा है।

कानून और व्यवस्था की स्थिति ऐसी है कि कोई सुरक्षित नहीं है। रेत, बालू से लेकर खनिज तक खा जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में जल जीवन मिशन का पैसा पूरा बर्बाद कर दिया। प्रधानमंत्री ने हर घर जल के लिए पैसा भेजा, एक गांव में पैसा नहीं पहुंचा आखिर ये पैसा कहा गया?

5 साल तक एक नौकरी नहीं दी और अब चुनाव के समय 10-10 किलोमीटर तक दौड़ा रहे हैं।



युवाओं की जान जा रही है। श्री चौहान ने कहा कि पूरे झारखंड डेमोग्राफी चेंज हो रहा है। इससे पूरे राज्य में भय का वातावरण है। ऐसे में झारखंड को बचाना भारतीय जनता पार्टी का कर्तव्य है।

5 साल में एक वादा पूरा नहीं किया। 2 हजार रुपए चूल्हा खर्च देने का वादा किया था। अब चुनाव के समय केवल 1 हजार रुपए पकड़ाकर जाल बिछा रहे हैं।

# मंदिर के समीप मदिरालय का होना समाज के नैतिक मूल्यों पर हमला : वेदांत कौस्तव

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

कडरू स्थित श्री श्री शिव पौराणिक मंदिर के समीप ओना रेस्टोरेंट और बार में शराब की बिक्री एवं परोसने को लेकर स्थानीय नागरिकों में रोष है। इस विषय को लेकर मंगलवार को युवा आजसू के प्रदेश संयोजक गौतम सिंह एवं युवा नेता वेदांत कौस्तव के नेतृत्व में युवा आजसू के प्रतिनिधिमंडल ने एनडीसी डॉ. सुदेश कुमार के माध्यम से रांची के उपायुक्त के नामित ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में युवा आजसू ने रांची जिले के धार्मिक स्थलों एवं शैक्षणिक संस्थानों के समीप संचालित बार और शराब दुकानों को बंद करने की मांग की है। मंदिरों और शैक्षणिक संस्थानों के निकट शराब परोसे जाने या बिक्री किए जाने संबंधी गतिविधियां न केवल धार्मिक भावनाओं को आहत कर रही हैं, बल्कि समाज में भी असंतोष उत्पन्न कर रही हैं।

युवा आजसू के वेदांत कौस्तव ने



**धार्मिक स्थलों और शैक्षणिक संस्थानों के समीप स्थित शराब दुकानें बंद हों : युवा आजसू**

कहा कि झारखंड उच्च न्यायालय द्वारा विभिन्न जनहित याचिकाओं पर सुनवाई के दौरान दिए गए निर्देशों के बावजूद, मंदिरों के बगल में मदिरालय का संचालन चिंताजनक है। हम प्रशासन से अपेक्षा करते हैं कि वे इन बार और शराब दुकानों को तत्काल बंद करवाएं और सामाजिक सौहार्द बनाए रखने में अपनी भूमिका निभाएं। धार्मिक स्थलों और शैक्षणिक संस्थानों के समीप शराब की बिक्री और परोसना समाज के नैतिक मूल्यों पर सीधा हमला है। यह हमारे युवाओं पर भी गलत प्रभाव डालता है। हम इस अव्यवस्था के खिलाफ हैं और प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग करते हैं। युवा आजसू ने जिला प्रशासन से इस मामले में त्वरित कार्रवाई की अपेक्षा की है। इस अवसर पर प्रदेश संयोजक गौतम सिंह, रांची जिला सह प्रभारी नीरज वर्मा, नीतीश सिंह, अभिषेक झा, विशाल कुमार यादव, रोशन नायक, मनस्वी, सुमित, विशाल गुप्ता, ईशा गुप्ता, मनोज कुमार आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# झारखंड की शुरुआती गलती गैर आंदोलनकारी के हाथों में सत्ता जाना : सूरज मंडल

**झा**रखंड की राजनीति में अपनी अलग छाप छोड़ने वाले सूरज मंडल किसी भी पहचान के मोहताज नहीं हैं। झामुमो से राजनीति शुरू करने वाले सूरज मंडल कई बार सांसद व विधायक भी रहे। वे फिलहाल भाजपा में हैं। उनसे राष्ट्रीय नवीन मेल के संवाददाता रजनीश ने खास बातचीत की। बातचीत के अंशः-

**Q झारखंड** किधर जा रहा है, क्या इसी के लिए झारखंड अलग राज्य की लड़ाई लड़ी गई थी ?

**उत्तर :** झारखंड की शुरूआती गलती यह थी कि गैर आंदोलनकारी के हाथों में सत्ता चली गयी थी। झारखंड का पहला मुख्यमंत्री कड़िया मुंडा को बनाना चाहिए था। जब बाबूलाल मरांडी झारखंड के पहले मुख्यमंत्री बने तो उन्होंने ओबीसी आरक्षण जो 27 प्रतिशत था उसे घटकर 14 प्रतिशत कर दिया। अनुसूचित जनजाति का आरक्षण 14 से बढ़ाकर 27 प्रतिशत कर दिया। कुछ जिलों में वार्ड सदस्य से लेकर एमपी तक के 100 प्रतिशत सीट आरक्षित कर दिया। इसके बाद बाबूलाल मरांडी को सीएम पद से हटाकर अर्जुन मुंडा को बनाया गया, लेकिन अर्जुन मुंडा भी कुछ नहीं किया। उन्होंने कहा कि इस राज्य में ऐसी स्थिति रही कि स्कूलों में बिहार का आदमी अंडा सप्लाई करता है और उसकी सुरक्षा एके-47 से होती है। धनबाद में एक एसपी ने लगभग दस हजार करोड़ का कोयला बेचवाया, उसको अब डीआईजी बना दिया गया।

**Q जाति**, धर्म, अगड़ा-पिछड़ा के विवाद पर आपका क्या विचार है?



**उत्तर :** जो लोग यह कहते हैं कि जात- धर्म की राजनीति नहीं होती है तो यह गलत है। सभी पार्टियां जात-धर्म की राजनीति करती है। बीजेपी हिंदू, कांग्रेस मुस्लिम और क्रिश्चियन को लेकर चलती है । लिफ्ट वाले विदेशी विचारधारा से प्रभावित हैं। कोई भी पार्टी किसी नेता को तभी टिकट देती है जब उसका जातिगत समीकरण फिट बैठता हो। उन्होंने कहा कि क्रिश्चियन सीधे तौर पर राजनीति में नहीं आते हैं, वह शिक्षित करके धर्म परिवर्तन करते हैं।

**Q** आप जिस पार्टी के संस्थापक थे आज वह कहां है और आप क्या कर रहे हैं?

**उत्तर :** जब राज्य बना तब मैं राज्य के उत्थान के लिए काम कर रहा था। तब बाप-बेटा पैसा कमा रहे थे। भाजपा ने मुझे एमपी का टिकट देने पर विचार चल रहा था। लेकिन रघुवर दास ने मुझे कहीं से टिकट देने नहीं दिया। मैं बाहरियों के खिलाफ लड़ता हूं। बाबूलाल मरांडी बीजेपी से अलग होकर दिन-रात बीजेपी को गाली देते थे। अब वे भाजपा के चहेते बने हुए हैं। बाबूलाल मरांडी जब झारखंड के मुख्यमंत्री बनेगा तो वह सबसे पहले ओबीसी वर्ग के लोगों को राजनीति से खत्म करेंगे।

**Q** दिऊडी मंदिर के भूमि विवाद को सरना से कुछ लोग जोड़ रहे हैं इसे आप कैसे देखते हैं?

**उत्तर :** जो चुप है वह डर से चुप है। जाहिर सी बात है कि पाहन है तो पूजा करेंगे ही। लेकिन अगर पेड़ पौधा का पूजा करते हैं तो मंदिर क्यों जाना है। इस राज्य में सनातन धर्म को लेकर कोई काम नहीं किया गया है। केवल मौलवी व मौलानाओं को मंथली पैसा दिया जाता है।

**Q** झारखंड में विकास और भ्रष्टाचार पर आपका क्या राय है?

**उत्तर :** मुद्दा को खाने वाले तो नेता और पत्रकार हैं लेकिन कोई भी इस मुद्दे को नहीं उठाता है। यह केवल राजनीतिक मुद्दा बनकर रह गया है।

**Q** किस दल या संगठन से चुनावी गठबंधन करना चाहेंगे?

**उत्तर :** बीजेपी में ही रहूंगा, बीजेपी से कहीं नहीं जाऊंगा। बीजेपी के स्टेट के नेता मेरे मुकाबला नहीं कर सकते, इसलिए मुझे साइड करके चलते हैं। 2019 में मुझे दुमका लोकसभा क्षेत्र में प्रभारी बनाया गया था। उस वक्त 47000 वोट से भाजपा ने जीत दर्ज की थी। इस बाद देख लीजिए दुमका से 22000वोट से भाजपा हार गयी।

**Q** झारखंड को अभी आप किस मुकाम पर देखना चाहते हैं?

**उत्तर :** झारखंड इस देश का सबसे विकसित राज्य होना चाहिए था क्योंकि झारखंड में सबसे अधिक कोयला और खनिज है। राज्य में जो भी सरकार अब तक आई सभी ने केवल लूटने का काम किया।

# मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन विधानसभा चुनाव में संभावित हार से भयभीत : अमर बाउरी



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने हेमंत सरकार पर बड़ा निशाना साधा। श्री बाउरी ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आगामी विधानसभा चुनाव में सुनिश्चित हार को देखते हुए बौखलाहट में हैं। कहा कि मुख्यमंत्री पदाधिकारियों को आगे कर लोकतंत्र की मयार्दा को तार तार कर रहे ।लोकतंत्र का गला घोंटने का कुत्सित प्रयास कर रहे ।क हा कि भारत में लोकतांत्रिक व्यवस्था है न कि राजतंत्र। एक राजनीतिक नेता ,कार्यकर्ता,देश के किसी हिस्से में जाकर अपने दल की बात रख सकता है। माननीय केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान जी और असम सरकार के लोकप्रिय मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शरमा जी को भाजपा केंद्रीय नेतृत्व ने झारखंड विधानसभा चुनाव केलिए प्रभारी एवम सह प्रभारी बनाया है। इसी क्रम में अपने दायित्वों के निर्वहन में दोनो नेता गण झारखंड के प्रवास पर आ रहे।

# परिवर्तन यात्रा में हेमंत सरकार की विफलताओं को उजागर करेगी भाजपा

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भाजपा प्रदेश कार्यालय में मंगलवार को प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई। इसमें 20 सितंबर से शुरू होने वाली परिवर्तन यात्रा की तैयारियों पर चर्चा की गई। यात्रा संयोजक सांसद दीपक प्रकाश ने बैठक के बाद कहा कि भ्रष्ट और निकम्मी हेमंत सरकार से जनता ऊब चुकी है। सभी वर्गों में राज्य सरकार के खिलाफ आक्रोश है। भाजपा एक मजबूत विपक्ष के नाते जन भावनाओं की अभिव्यक्ति है। जन मुद्दों और सरकार की विफलताओं को जमीनी स्तर पर उजागर करने के लिए भाजपा ने सभी 6 सांगठनिक प्रमंडलों से परिवर्तन यात्रा निकालने का निर्णय लिया है। यात्रा की तैयारी को अंतिम रूप दिया जा रहा। यात्रा की संभावित तिथि 20 से 30सितंबर के बीच होगी, जो सभी विधानसभा क्षेत्रों में जायेगी। उन्होंने कहा कि पार्टी जल्द यात्रा कार्यक्रमों की विधिवत घोषणा करेगी। बैठक का संचालन प्रदेश महामंत्री प्रदीप वर्मा ने किया। बैठक में केंद्रीय मंत्री और विधानसभा चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान,सह प्रभारी एवम असम सरकार के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा, नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष एवं यात्रा के संयोजक सांसद दीपक प्रकाश, समीर उरांव, प्रदेश महामंत्री एवं सांसद आदित्य साहू, शशि भूषण मेहता सहित पार्टी के पदाधिकारी, सांसद, विधायक, जिलाध्यक्ष, जिला प्रभारी उपस्थित थे।

इंडिया

# ट्रेन दुर्घटनाएं यदि गहरी साजिश हैं, तो देश को सतर्क रहना चाहिए

**बी**ते कुछ समय में अचानक ट्रेन दुर्घटनाओं से जुड़ी कोई न कोई खबर आ जा रही है। इसमें कुछ तकनीकी खराबी के होते हैं, तो कुछ मानवीय भूल लगते हैं। लेकिन इन दुर्घटनाओं में कई ऐसे भी हैं जिनमें



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

संदेह है कि किसी ने जानबूझकर भारतीय रेलवे को बदनाम करने के लिए इन घटनाओं को अंजाम दिया है। रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने पहले ही ऐसी आशंका जताई थी । रेलवे ने भी पिछले लगभग 3 महीने में ऐसी 24 घटनाओं की लिस्ट जारी की है, जिसमें जानबूझकर ट्रेन दुर्घटनाओं की कोशिश की गई है। रेलवे ने जो सूची जारी की है, उसमें 5 अप्रैल, 2023 से लेकर 9 सितंबर 2024 तक ऐसी 24 घटनाओं के बारे में बताया गया है, जिनमें कुछ अराजक तत्वों द्वारा ट्रेनों को दुर्घटनाग्रस्त करने की कोशिश की गई। इसमें रेलवे ट्रैक पर पत्थर, लकड़ी, गैस सिलेंडर जैसी वस्तुओं को रखने, सिग्नल खराब करने और ट्रेन पर पथराव जैसी घटनाएं भी शामिल हैं। सोशल मीडिया में भी अनेक वीडियो वायरल हैं जिनमें कुछ लोगों को रेल पटरियाँ खोलने से लेकर तोडफोड करते देखा जा रहा




है । झारखंड में भी ट्रेन दुर्घटना हो चुकी है । उत्तर प्रदेश के कानपुर जिले में रविवार रात कालिंदी एक्सप्रेस को दुर्घटनाग्रस्त करने के लिए बड़ी साजिश रची गई थी। साजिशकर्ताओं ने बर्राजपुर स्टेशन के आगे ट्रैक पर बिछी गिट्टी को हटाकर सिलिंडर गाड़ दिया था। इसके अलावा पास में पेट्रोल बम व बारूद भी रख दिया ताकि धमाके की चपेट में कई बोगियां आ जाएं और व्यापक पैमाने पर जनहानि हो। इस साजिश के पीछे जांच एजेंसियों को आईएसआईएस के खुरासान माड्यूल का हाथ होने की आशंका है। एनआईए की पांच सदस्यीय टीम व एटीएस ने घटना की जांच शुरू कर दी है ।कालिंदी एक्सप्रेस रविवार शाम भिवानी के लिए निकली थी। रात करीब बर्राजपुर स्टेशन पार करने के बाद जैसे ही आगे बढ़ी, ट्रेन पटरी के बीच में रखे गैस से भरे हुए एलपीजी सिलिंडर से टकरा गई। चालक ने इमरजेंसी ब्रेक लगाकर ट्रेन को रोका। गनीमत रही कि ट्रेन से टकराने के बाद गैस से भरा सिलिंडर ट्रैक से छिटककर दूर जा गिरा। जिससे किसी तरह की कोई जनहानि नहीं हुई। एक बड़ा हादसा होने से बच गया। इससे पहले शाम कासगंज-अनवरगंज एक्सप्रेस इसी रूट से गुजरी थी ।दो ट्रेनों के बीच के तीन घंटे 25 मिनट के समय अंतराल के दौरान साजिशकर्ताओं ने पूरी वारदात को अंजाम दिया। मौके पर जांच करने पहुंचे आईजी एटीएस नीलाब्जा चौधरी ने भी इस घटना को साजिश बताया है ।घटनास्थल के पास मिली पेट्रोल से भरी बोतल, झोले में मिली बारूद जैसी सामग्री भी इसी ओर इशारा कर रही हैं। मौके पर पहुंची एनआईए एटीएस, एसटीएफ, आईबी आदि एजेंसियों ने भी जांच शुरू कर दी है ।रेलवे के बरेली डिवीजन के इंजीनियर की तहरीर पर शिवराजपुर थाने में एक अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज की गई है। पुलिस दो हिस्ट्रीशीटर समेत 14 लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। ट्रेन को डिरेल करने के लिए भरे गैस सिलिंडर को स्लीपर के बीच गिट्टी में धंसा दिया था, ताकि टकराने पर धमाके के साथ ट्रेन बेटरी हो जाए। पर सिलिंडर ट्रेन के साथ 53 स्लीपर तक लुढ़कता गया और सात बार स्लीपरों से टकराकर पिचक गया। 32 मीटर तक घिसटने के बाद ट्रैक से 5.80 मीटर दूर जा गिरा ।ट्रैक पर सिलिंडर को इसलिए गाड़ा गया ताकि ट्रेन उससे टकरा कर पलट जाए अथवा सिलिंडर में ब्लास्ट हो जाए। इसके अलावा पेट्रोल बम की सुतली को सिलिंडर की नोजल से जोड़ दिया गया था और ट्रैक के पास बारूद भी रख दिया गया। मंशा यह थी सिलिंडर से टकराने के बाद अगर वह नहीं फटा तो रगड़ से चिंगारी पेट्रोल बम व बारूद तक पहुंच जाए ।सिलिंडर या पेट्रोल बम व विस्फोटक में धमाका हो जाता तो पूरी ट्रेन आग की चपेट में आ जाती, जिससे बड़े पैमाने पर जनहानि हो सकती थी। मौके पर मिला विस्फोटक पदार्थ प्रथम दृष्टया जांच में अमोनियम नाइट्रेट बताया गया है। वहीं, एक्सप्लोसिव एक्सपर्ट का कहना है कि घटनास्थल से मिला पीला पाउडर गंधक है ।कानपुर में कालिंदी एक्सप्रेस को डिरेल करने की साजिश के पीछे आतंकी संगठन आईएस के खुरासान माड्यूल पर जांच एजेंसियों को शक गहराता जा रहा है। इसी वजह से आईबी, एनआईए, यूपी एटीएस समेत कई एजेंसियों ने कानपुर में डेरा डाल दिया है और साजिश से जुड़े हर पहलू की गहनता से जांच की जा रही है। यदि दुर्घटनाओं में साजिश है तब भी और लापरवाही हो तब भी रेलवे के साथ समाज को सतर्क रहना चाहिए।

## साइबर अपराधियों पर नकेल कसने का बड़ा जरिया बना 'प्रतिबिंब' एप

# डीजीपी अनुराग गुप्ता को केंद्रीय गृह मंत्री ने किया सम्मानित

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**


डाटा साइंटिस्ट गुंजन कुमार के प्रयास से झारखंड सीआईडी ने तैयार किया है एप

'प्रतिबिंब' एप के जरिये साइबर अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के लिए झारखंड के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) अनुराग गुप्ता को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को दिल्ली में सम्मानित किया। डीजीपी अनुराग गुप्ता और डाटा साइंटिस्ट गुंजन कुमार के प्रयास से ही झारखंड सीआईडी द्वारा प्रतिबिंब एप तैयार किया गया है। यह एप 7 नवंबर, 2023 को लांच किया गया था। इस एप की वजह से साइबर अपराधियों पर नकेल कसने में काफी मदद मिल रही है। डीजीपी अनुराग गुप्ता और डाटा साइंटिस्ट गुंजन कुमार को यह सम्मान साइबर नियंत्रण के लिए काम करने वाली संस्था आई4सी की ओर से आयोजित कार्यक्रम में दिया गया। पुलिस मुख्यालय से मिली जानकारी के अनुसार गृह मंत्री ने झारखंड पुलिस को समन्वय प्लेटफार्म (प्रतिबिंब एप)के विकसित करने के लिए किए गए योगदान पर सम्मानित किया। प्रतिबिंब एप के जरिये साइबर अपराधियों के द्वारा इस्तेमाल किए जा रहे मोबाइल नंबर की मैपिंग की जाती है। मैपिंग के आधार पर उनके मोबाइल सिम और उससे जुड़े खाते को फ्रीज करवाया जाता है। झारखंड सीआईडी साइबर अपराधियों के जरिये इस्तेमाल किए जा रहे सिम कार्ड का डाटा बेस तैयार कर प्रतिबिंब एप पर फीड करती है। इसके साथ ठगी के लिए जिन इलाकों का इस्तेमाल सर्वाधिक हो रहा है, उसकी मैपिंग भी की जा रही है। इसे सीआईडी के प्रतिबिंब पोर्टल पर रजिस्टर किया जाता है। सिम कार्ड और ठगी के लिए जहां से फोन किए जा रहे हैं, उन इलाकों की भी मैपिंग की जा रही है। प्रतिबिंब में उन सारे नंबरों को दर्ज किया जाता है, जिनका इस्तेमाल साइबर ठगी में देशभर में कहीं भी किया जा रहा है। साइबर ठगी में इस्तेमाल किए जा रहे इन नंबरों को राज्य के संबंधित जिले के एसपी को भेजा जाता है, ताकि उन नंबरों को ब्लॉक कराया जा सके। साथ ही, सर्विस प्रोवाइडर्स को भी इसकी जानकारी दी जाएगी, ताकि फर्जी तरीके से सिम का इस्तेमाल बंद हो। प्रतिबिंब एप और पोर्टल की सहायता से अब तक 1100 से ज्यादा साइबर अपराधी गिरफ्तार हो चुके हैं, जबकि दो हजार से ज्यादा सिम कार्ड ब्लाक किए जा चुके हैं। यह एप साइबर क्राइम के जामताड़ा मॉड्यूल के खिलाफ बेहद कारगर हथियार साबित हुआ है।

### 11 महीने में 1100 साइबर अपराधी गिरफ्तार

पिछले दस महीनों के भीतर पुलिस ने राज्य के विभिन्न इलाकों से 1100 से ज्यादा साइबर क्रिमिनल्स को दबोचा है। प्रतिबिंब एप साइबर क्राइम में इस्तेमाल किए जा रहे मोबाइल फोन का न सिर्फ शिनाख्त कर लेता है, बल्कि रियल टाइम लोकेशन देता है। इसकी मदद से पुलिस साइबर क्रिमिनल्स के ठिकानों पर धावा बोल देती है। अब इस एप का इस्तेमाल दूसरे राज्यों की पुलिस भी कर रही है।

# जलापूर्ति योजना में जिनके कारण विलंब हुआ, उनपर कार्रवाई करे सरकार : हाईकोर्ट

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

साहिबगंज जिले में पाइपलाइन जलापूर्ति योजना शीघ्र चालू करने को लेकर दायर जनहित याचिका पर मंगलवार को झारखंड हाई कोर्ट में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान अदालत ने राज्य सरकार को जिले में जलापूर्ति योजना पूरी होने में विलम्ब के लिए जिम्मेदार अफसरों पर कार्रवाई का निर्देश दिया है। अदालत ने सरकार को अगली सुनवाई तक एक्शन टेकेन रिपोर्ट कोर्ट के समक्ष जमा करने का निर्देश दिया है। राज्य सरकार की ओर से बहस कर रहे महाधिवक्ता ने अदालत को बताया कि कोर्ट में गलत जानकारी देने वाले एग्जीक्यूटिव इंजीनियर को विभाग ने शो कॉज किया है। हाई कोर्ट के एक्टिंग चीफ जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद और जस्टिस अरुण कुमार राय की खंडपीठ ने सुनवाई में मौखिक रूप से कहा कि 16 वर्षों से पानी के नाम पर आश्वासन ही मिला है, जिसके कारण झारखंड के ग्रामीण इलाकों में लोगों को पानी को लेकर जूझना पड़ रहा है। पानी मौलिक जरूरत होती है। प्रार्थी की ओर से वरीय अधिवक्ता राजीव शर्मा और अधिवक्ता ओम प्रकाश ने पैरवी की। प्रार्थी सिद्धेश्वर मंडल ने जनहित याचिका दायर कर पाइपलाइन जलापूर्ति योजना को शीघ्र चालू करने की मांग की है।

## विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस पर कार्यशाला का आयोजन

# मानव जीवन अनमोल है : डॉ भूमिका



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

संतोष कॉलेज ऑफ टीचर्स ट्रेनिंग एंड एजुकेशन के बीएड एवं डीएलएड इकाई के द्वारा विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस के अवसर पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। विषय आत्महत्या संबंधी विचारों को बदलना था। मौके पर मुख्य वक्ता के रूप में प्रसिद्ध मनोवैज्ञानिक एवं काउंसलर डॉ भूमिका सच्चर उपस्थित थीं। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि मानव जीवन अनमोल है। तनाव, दबाव, द्वंद एवं व्यस्त जीवन शैली ने मानव व्यवहार को प्रभावित किया है। आत्महत्या के विचारों को अंकुश लगाने में परिवार, समाज, संबंधियों एवं शिक्षकों की भूमिका अहम होता है। डॉ भूमिका ने अपने पीपीटी प्रेजेंटेशन के माध्यम से आत्महत्या संबंधी विचारों के विभिन्न कारणों एवं इसके रोकथाम संबंधी उपायों के बारे में बताया।

## हजारीबाग चिल्ड्रन हॉस्पिटल में गई मासूम की जान, भागे सारे स्टाफ

# परिजनों ने चिकित्सकों पर लगाया लापरवाही का आरोप



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची/हजारीबाग।** जिले के एक निजी हॉस्पिटल हजारीबाग चिल्ड्रन अस्पताल में 40 दिन की बच्ची की मौत हो गयी। परिजनों ने डॉक्टर और हॉस्पिटल के स्टाफ की लापरवाही का आरोप लगाया है। आए दिन शहर के निजी नर्सिंग होम में मौत के मामले बढ़ते जा रहे हैं। मौके पर पहुंचे स्थानीय एवं मृतक बच्ची के पिता ने बताया कि कुछ दिन पहले तबीयत खराब होने पर बच्ची को यहां भर्ती करवाया था। परंतु मंगलवार सुबह डिस्चार्ज से पहले एक इंजेक्शन देने के 5 मिनट बाद ही बच्ची ने दम तोड़ दिया। हो - हंगामे के बाद अस्पताल से डॉक्टर के साथ सारे स्टाफ फरार हो गये। वहीं अस्पताल में कई बच्चे इलाजरत हैं। हालांकि पुलिस मौके पर पहुंच कर मामले का शांत कराया। इस मामले में जब जिले के एसपी, सिविल सर्जन से संपर्क किया गया, किसी ने फोन नहीं उठाया। जिला जनसंपर्क पदाधिकारी ने कहा कि यह स्वास्थ्य विभाग का मामला है। इस पर हम कुछ भी नहीं कह सकते।

# हाईकोर्ट ने बाबूलाल सहित 18 के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर लगाई रोक

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**




रांची में 23 अगस्त को भारतीय जनता युवा मोर्चा की मोरहाबादी मैदान में रैली के दौरान कार्यकर्ताओं की पुलिसकर्मियों के साथ झड़प मामले में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, विधानसभा में नेता विपक्ष अमर कुमार बाउरी सहित 18 आरोपितों की ओर से लालपुर थाना में दर्ज एफआईआर को निरस्त करने को लेकर दाखिल याचिका की सुनवाई मंगलवार को झारखंड हाई कोर्ट में हुई। मामले में हाई कोर्ट की एकल पीठ ने बाबूलाल मरांडी सहित 18 आरोपियों के खिलाफ लालपुर थाना में दर्ज प्राथमिकी में पीड़क कार्रवाई पर रोक लगा दी है। कोर्ट ने मामले में राज्य सरकार से 3 सप्ताह में जवाब मांगा है। कोर्ट में जिनके खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक लगाई है। इनमें भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, प्रतिपक्ष नेता अमर कुमार बाउरी, सांसद ढुल्लू महतो, विधायक कुशवाहा शशि भूषण के अलावा भाजपा नेता प्रतुल शाहदेव, शशांक राज, सत्येंद्र नाथ तिवारी, मंगल मूर्ति तिवारी, अर्पना सेनगुप्ता, अमित कुमार, अमरदीप यादव, नीरा यादव, आरती कुजूर, वरुण कुमार, इंदु शेखर मिश्रा, प्रदीप कुमार वर्मा, आदित्य प्रसाद हैं।

मामले में इनके खिलाफ कांड संख्या 203/ 2024 दर्ज किया गया है। लालपुर थाने में 51 नामजद और 12 हजार अज्ञात लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है।

### आक्रोश रैली के बाद दर्ज हुआ था मामला

भारतीय जनता युवा मोर्चा की आक्रोश रैली में कार्यकर्ताओं ने हेमंत सोरेन सरकार के जरिये किए गए 'अन्याय' और चुनावी वादों को पूरा करने में 'विफलता' के खिलाफ विरोधी रैली के दौरान बैरिकेड तोड़ दिए थे। पुलिस ने भारतीय जनता युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं को तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस के गोले छोड़े और पानी की बौछार की और रबर की गोलियां चलाईं थी। प्रदर्शनकारियों ने पुलिस पर पत्थर फेंका था जिसमें कई पुलिसकर्मी भी घायल हो गए थे। जिला प्रशासन ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163 को लागू किया था। इस प्रदर्शन के बाद मोरहाबादी मैदान के 500 मीटर के दायरे में धारा 144 लगा दी गई थी।

### उत्पाद सिपाही के एक और अभ्यर्थी की हालत गंभीर

**रांची।** चान्हो थाना क्षेत्र के सुकुरहुट्टू गांव निवासी 26 वर्षीय सुमित उरांव को भगवान महावीर मेडिका सुपरस्पेलिटी अस्पताल रांची में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी हालत गंभीर बनी है। उसकी यह हालत उत्पाद सिपाही भर्ती के लिए आयोजित शारीरिक परीक्षा की दौड़ में भाग लेने के बाद हुई है। डॉक्टरों के अनुसार उसकी किडनी खराब हो गई है। परिजनों ने बताया कि सुमित 25 अगस्त को गिरिडीह जिले की पुलिस लाइन में उत्पाद सिपाही भर्ती के लिए आयोजित दौड़ में भाग लेने गया था।

### स्वयंसेवकों ने प्लास्टिक के दुष्प्रभाव पर किया जागरूक

**रांची।** बीआईटी मेसरा की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की ओर से विशेष शिविर के तहत मंगलवार को- प्लास्टिक को हटाना है, पर्यावरण को सुरक्षित बनाना है, थीम पर जागरुकता अभियान चलाया गया। स्वयंसेवकों ने ग्रामीणों और दुकानदारों को प्लास्टिक के हानिकारक प्रभाव के बारे में जागरूक किया और वैकल्पिक साधनों के उपयोग के लिए प्रोत्साहित किया। अभियान में एनएसएस कार्यक्रम समन्वयक डॉ ओपी पांडेय, कार्यक्रम अधिकारी डॉ अभिजीत नाग, डॉ परितोष महथा, डॉ संजीत कुमार, डॉ सुमित श्रीवास्तव, डॉ सुशांत घोकू शामिल थे।

# डीएसई ने स्कूलों का किया निरीक्षण



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

जिला शिक्षा अधीक्षक बादल राज ने राजकीय मध्य विद्यालय हथमा का निरीक्षण किया। निरीक्षण क्रम में जिला शिक्षा अधीक्षक ने पाया की यहां सिर्फ 91 छात्र नामांकित है, और शिक्षकों की संख्या 09 पायी गयी। प्रार्थना सभा में छात्रों की उपस्थिति केवल 21 पाई गई। पूरा परिसर गंदगी से भरा पाया गया। कक्षा एवं शिक्षक कक्ष भी अवस्थित पाए गए। विद्यालय में प्रोजेक्ट इंपैक्ट के संचालन का अभाव पाया गया। छात्र यूनिफॉर्म का अनुपालन नहीं करते पाए गए। आठवीं कक्षा के छात्रों से सवाल-जवाब करने पर बहुत ही बेसिक सवालों के जवाब नहीं मिले। छात्रों के टॉयलेट बेहद गंदे एवं अव्यवस्थित पाए गए। मध्यान भोजन के संचालन हेतु निर्धारित किचन बेहद खराब स्थिति में था। मध्यान भोजन मेनू भी विद्यालय में कहीं अंकित नहीं पाया गया। जिस पर जिला शिक्षा अधीक्षक द्वारा उक्त कमियों को ससमय पूरा कराने का निर्देश विद्यालय के प्रधानाचार्य को दिया गया। एस. एस +2 डोरंडा बालिका विद्यालय के अपर प्राइमरी कक्षाओं का निरीक्षण जिला शिक्षा अधीक्षक बादल राज द्वारा एस.एस +2 डोरंडा बालिका विद्यालय के अपर प्राइमरी कक्षाओं का निरीक्षण किया। निरीक्षण क्रम में उन्होंने पाया की मध्यान भोजन का संचालन मेनू के अनुसार किया जा रहा था। लेकिन विद्यालय परिसर गंदा पाया गया। छात्र विद्यालय परिसर में कहीं भी बैठकर भोजन करते पाए गए। उन्होंने मध्यान भोजन मेनू तालिका के नीचे जिला शिक्षा अधीक्षक के मोबाइल नंबर अंकित करने का निर्देश जिले के सभी मध्यान भोजन संचालन करने वाले विद्यालयों को दिया गया है। जिसका इस विद्यालय में अनुपालन नहीं किया गया था।

## न्यूज बॉक्स

### राशन लाभुकों को सही समय पर राशन मिले : मोनी कुमारी



**रांची।** विशिष्ट अनुभाजन पदाधिकारी मोनी कुमारी ने मंगलवार को अपने कार्यालय कक्ष में समीक्षा बैठक की। इस दौरान रांची शहरी क्षेत्र के एमओ सभी एजीएम एवं डीएसडी उपस्थित थे। सभी राशन लाभुकों को सही समय पर राशन मिले इसको लेकर समीक्षा की। विशिष्ट अनुभाजन पदाधिकारी मोनी कुमारी ने सभी सम्बंधित पदाधिकारी को समय पर राशन वितरण करने का निर्देश दिया। वहीं दशहरा पर्व को देखते हुए 20 सितंबर तक राशन वितरण सुनिश्चित कराने को कहा गया। साथ ही उन्होंने कहा की राशन देने पर अनियमियता पाए जाने पर राशन डिलरों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। किसी भी राशन सम्बंधित शिकायत पाए जाने पर तुरंत संज्ञान लेते हुए जांच किया जायेगा। जांच में की गई शिकायत सही पाए जाने पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### पार्षद हत्याकांड में आरोपितों की कुर्की-जब्ती करेगी रांची पुलिस

**रांची।** रांची पुलिस पार्षद वेद प्रकाश हत्याकांड के आरोपितों धीरज मिश्रा और सत्यम पाठक के खिलाफ कुर्की जब्ती की कार्रवाई शुरू करेगी। इस मामले के जांच अधिकारी ने रांची सिविल कोर्ट के मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी की कोर्ट में दोनों आरोपितों के खिलाफ इश्तहार जारी करने का आग्रह किया है। इससे पहले कोर्ट दोनों आरोपितों के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी कर चुका है। उल्लेखनीय है कि पिछले महीने धुर्वा में वेद प्रकाश को गोली मार दी गयी थी। लंबे इलाज के बाद दिल्ली में वेद प्रकाश की तीन अगस्त को मृत्यु हो गयी थी। इस केस के एक आरोपित को पुलिस गिरफ्तार कर चुकी है जबकि अन्य आरोपित फरार है।

### एसएस मेमोरियल कॉलेज में सोहराई पेंटिंग कार्यशाला हुआ समापन



**रांची।** एसएस मेमोरियल कॉलेज में दो दिवसीय सोहराई पेंटिंग कार्यशाला का मंगलवार को समापन हुआ। कॉलेज के सांस्कृतिक समिति के तत्वावधान में 9 और 10 सितंबर को सोहाराई पेंटिंग कार्यशाला का आयोजन किया गया था। सोहराई पेंटिंग में राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त विशेषज्ञ जयश्री इंदवार ने कार्यशाला में कॉलेज के विद्यार्थियों को सोहराई पेंटिंग की थीम व बारीकियों को विस्तार से बताया। जिसे विद्यार्थियों ने ध्यान पूर्वक सुना व सीखा। वहीं पेपर में मनमोहक पेंटिंग बना कर जीवंत रूप में उकेरने का भरपूर कोशिश किया। समापन समारोह में कॉलेज के प्राचार्य डॉ बीपी वर्मा ने अपने विद्यार्थियों के प्रतिभा निखारने में हमेशा से तत्पर रहते है। विद्यार्थियों के प्रतिभा देख कर बहुत आनंदित हुए कॉलेज के विद्यार्थी मात्र दो दोनों के प्रशिक्षण से इतना सुंदर पेंटिंग बनाये इसे देख कर अपने कॉलेज के विद्यार्थियों की प्रतिभा की सराहना किए और अपने संबोधन में कहे के हमारे कॉलेज के विद्यार्थियों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है।

### विशेष मध्यस्थता अभियान में 28 मामलों में मिली सफलता

**रांची।** झालसा के निर्देश पर न्यायायुक्त-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार के मार्गदर्शन में पांच दिवसीय विशेष मध्यस्थता अभियान का शुरूआत हो गया। पांच दिवसीय विशेष मध्यस्थता अभियान के दूसरे दिन परिवार न्यायालय एवं विभिन्न न्यायालयों से कुल 35 मामले अग्रसारित होकर मध्यस्थता केन्द्र में प्राप्त हुए थे, जिन्हें भिन्न-भिन्न मध्यस्थों को सुपुर्द किया गया। इनमें 28 मामलों में सफलता मिली और दोनों पक्ष राजी-खुशी से अपने मामले को समाप्त करने के लिए तैयार हो गये। अन्य मामलों में अभी अंतिम स्तर की बातचीत बाकी है, इसलिए वे मामले विशेष मध्यस्थ के पास अगले स्तर के सुनवाई के लिए लंबित है। मालूम हो कि पांच दिवसीय विशेष मध्यस्थता अभियान का मंगलवार को दूसरा दिन था।

### सीसीएल में सतर्कता जागरूकता अभियान पर किया गया पौधरोपण




**रांची।** सतर्कता जागरूकता अभियान के स्मृति तरु पहल के तहत सीसीएल के लाल एवं सीसीएल की लाडली अध्ययन केंद्र, गांधीनगर में पौधारोपण किया गया। अवसर विशेष पर सीसीएल के सीएमडी निलेन्दु कुमार सिंह, निदेशक (तकनीकी/संचालन) हरीश दुहान और मुख्य सतर्कता अधिकारी पंकज कुमार ने अध्ययन केंद्र परिसर में फलदार पौधे लगाये। इस अवसर पर अध्ययन केंद्र में कार्यरत सफाई कर्मचारियों, सुरक्षा कर्मियों और सीसीएल के लाल एवं सीसीएल के लाडली के छात्रों ने भी पौधा लगा कर पर्यावरण संरक्षण का सन्देश दिया। पौधरोपण अभियान के बाद, सीएमडी, सीसीएल श्री सिंह ने छात्रों को संबोधित किया और उन्हें परिणामों के बारे में बहुत अधिक चिंता किए बिना कड़ी मेहनत करने के लिए प्रोत्साहित किया।

# कर्तव्य पथ पर परेड करना गर्व की बात : डॉ अजीत

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



रांची विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने गणतंत्र दिवस परेड चयन शिविर का आयोजन किया। आरयू के दीक्षांत मंडप में कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। चयन शिविर में रांची विश्वविद्यालय के 35 विभिन्न महाविद्यालयों एवं विभिन्न विभागों के कुल 256 एनएसएस के स्वयंसेवक, 45 कार्यक्रम पदाधिकारी सहित कुल 360 से ज्यादा लोगों की सहभागिता रही। इस अवसर पर कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा ने कहा कि नई दिल्ली के कर्तव्य पथ (राजपथ) पर परेड करना सभी के लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि राजपथ पर परेड में शामिल होने के पूर्व विश्वविद्यालय स्तरीय परेड शिविर में चयन होने के बाद राज्य स्तरीय परेड शिविर में शामिल होना होगा। राज्य स्तरीय परेड शिविर में चयन होने के पश्चात पूर्व गणतंत्र दिवस परेड शिविर में शामिल होना होगा। वहां से चयन होने के पश्चात ही गणतंत्र दिवस परेड शिविर 26 जनवरी 2025 में शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि परेड शिविर में शामिल होने वाले एनएसएस के स्वयंसेवकों के अंदर देशभक्ति, समाजिक सरोकार सहित व्यक्तित्व विकास के कई आयाम का भाव विकसित होता है। उन्होंने शिविर में शामिल होने वाले स्वयंसेवकों का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि कोशिश करने वाले की कभी हार नही होती। इस अवसर पर रांची विश्वविद्यालय के डीएसडब्ल्यू डॉ सुदेश कुमार साहू, कुलसचिव डॉ बिनोद नारायण, कुलानुशासक डॉ एमसी मेहता, सीसीडीसी डॉ पीके झा, विज्ञान संकायाध्यक्ष डॉ अरूण कुमार, प्रचार्य डॉ राजकुमार शर्मा, डॉ मनोज कुमार, डॉ सुप्रिया आदि ने भी संबोधित किया। परेड शिविर में डॉ जीके सिंह एवं डॉ जीसी बास्के के मार्गदर्शन में एनसीसी के कैडेटों ने एनएस एस के स्वयंसेवकों का परेड रिहर्सल एवं अन्य बारीकियों के आधार पर राज्य स्तरीय परेड शिविर हेतु चयन किया गया। परेड के बाद सभी प्रतिभागियों का सांस्कृतिक क्षेत्र के विभिन्न विधाओं का भी व्यक्तिगत प्रदर्शन कराया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में एन एस एस के कार्यक्रम पदाधिकारी क्रमशः डॉ कुमारी उर्वशी, डॉ कुमारी भारती सिंह, डॉ निक्कू कुमारी, डॉ आनंद कुमार भगत, डॉ अमित कुमार, डॉ अंजना कुजूर, डॉ गजेंद्र यादव, डॉ पवन कुमार दास, डॉ आराधना तिवारी, डॉ इसाबोला होरो, डॉ एमलीन केरकेट्टा, डॉ विनीता कोंगारी एवं एन एस एस के टीम लीडर्स क्रमशः दिवाकर, कनिष्क, आस्था, अमित, सुरभि, स्वरा, आकांक्षा, नवीन, रवि, अतुल, क्षणिका आदि का उल्लेखनीय योगदान रहा।

### नाबालिग के यौन उत्पीड़न मामले में युवक को तीन साल की सजा

**रांची।** पॉक्सो के विशेष न्यायाधीश आसिफ इकबाल की अदालत ने नाबालिग से यौन उत्पीड़न मामले में ट्रायल फेस कर रहे अभियुक्त कैफी खान (26 वर्ष) को दोषी करार कर तीन साल कैद की सजा सुनाई है। कैफी खान डोरंडा के ओल्ड मिस्त्री मोहल्ला निवासी है। अदालत ने उस पर 10 हजार रुपए का जुमार्ना लगाया है। जुमार्ने की राशि नहीं देने पर उसे अतिरिक्त तीन महीने जेल की सजा काटनी होगी। घटना को लेकर पीड़िता ने डोरंडा थाना में 7 सितंबर 2019 को नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई थी। पुलिस ने दूसरे दिन 8 सितंबर 2019 को उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। मामले में सुनवाई के दौरान एपीपी ने अदालत के समक्ष पीड़िता समेत पांच गवाहों की गवाही दर्ज कराई थी, जिसके आधार पर युवक को दोषी पाकर सजा सुनाई गई।

# एनडीपीएस एक्ट में अभियुक्तों को मिलती है कड़ी सजा : राजेश

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झालसा के निर्देश पर न्यायायुक्त-सह-अध्यक्ष के मार्गदर्शन में मंगलवार को को संत अन्ना बालिका उच्च विद्यालय में नशा मुक्ति पर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर एलएडीसीएस अधिवक्ताराजेश कुमार सिन्हा, लाइफ सेवर्स एनजीओ के चीफ अतुल गेरा, मोटिवेटर, कमलजीत कौर, सीआईडी डीएसपी राजकुमार यादव, एनसीबी के मनोहर मंजूल, संत अन्ना कॉन्वेंट स्कूल के प्रधानाध्यापक, शिक्षक-शिक्षिकाएं, छात्र-छात्राएं एवं राजा वर्मा उपस्थित थे। मौके पर अतुल गेरा ने बताया कि कि कैसे साधारण खांसी की सिरप जैसी चीजों का नशे के लिए उपयोग किया जाता है। झारखंड राज्य न केवल नशीली दवाओं का उपभोग करता है, बल्कि भारी कार्रवाई के बावजूद इनका उत्पादन भी करता है। नशा करने से व्यक्ति और परिवार, शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। कुछ लोगों के लिए नशे की यात्रा 16 वर्ष या इससे कम उम्र से ही शुरू हो जाती है। पुनर्वास केंद्रों की अधिक जनसंख्या उनके लिए एक बड़ी समस्या बन गई है। यदि राँची में नशे की समस्या पर नियंत्रण पाया जाए तो अपराध दर में लगभग 70 प्रतिशत की कमी आ सकती है। राँची में नशीली दवाओं से संबंधित किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना अधिकारियों को देने की सलाह दी जाती है। एलएडीसीएस अधिवक्ता राजेश कुमार सिन्हा ने एनडीपीएस एक्ट के संबंध में वहां के छात्राओं को विधिक जानकारी प्रदान की, जिसमें कड़ी सजा का प्रावधान के बारे में तथा उन मादक पदार्थों के बारे में बतलाया और उन पदार्थों का विस्तारण, भंडारण एक जगह-से-दूसरे जगह आयात-निर्यात करना, खरीद-विक्री करना दूसरे व्यक्ति को उसमें सम्मिलित करना एवं प्रोत्साहित करना के संबंध कड़ी सजा, जिसमें 10 वर्ष से 20 वर्ष तक कठोर आजीवन कारावास एवं आर्थिक दंड के रूप में 2 लाख रूपया जुर्माना का प्रावधान है। सीआईडी डीएसपी राजकुमार यादव ने कहा कि झारखंड में इस नशे की समस्या को रोकने के लिए नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) की भूमिका महत्वपूर्ण है। यह कानूनों के कार्यान्वयन और हितधारकों के बीच समन्वय के लिए जिम्मेदार है। नशे की दवाओं का उत्पादन और वितरण इस समस्या की जड़ तक पहुंचता है।

### राष्ट्रीय लोक अदालत 28 को, दी गई जानकारी

## एक नजर

### मांडर थाने में जनसुनवाई शिविर का आयोजन

**मांडर।** डीजीपी अनुराग गुप्ता के आदेश पर मांडर थाने में जन सुनवाई शिविर का आयोजन मंगलवार को किया गया। इस कार्यक्रम में चान्हो से 41, मांडर से 58 और ठाकुरगांव से 8 मामले का आवेदन प्राप्त हुए। इनमें से तीन आवेदन का तत्काल निष्पादन किया गया, दो लोगों के आवेदन पर अग्रेतर कार्रवाई के लिए प्राथमिकी दर्ज की गई। साथ ही बाकि के आवेदन पर जांच के बाद कार्रवाई की बात आवेदन देने वाले लोगों से कही गई। मौके पर डीएसपी रामनारायण चौधरी, मांडर थानेदार राहुल, चान्हो थानेदार चन्दन कुमार गुप्ता, ठाकुरगांव थाना प्रभारी विनीत कुमार सहित अन्य मौजूद थे।

### प्रखंड कार्यालय में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम आज

**सिल्ली/मुरी।** झारखंड पुलिस के पहल पर रांची पुलिस की ओर से आज बुधवार के दिन सिल्ली प्रखंड कार्यालय में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन सिल्ली थाना एवं मुरी ओपी के संयुक्त तत्वाधान में किया गया है। जनसुनवाई के दरमियान जमीन संबंधित, मोबाइल गुमशुदगी, आस पड़ोस के आपसी झगड़े एवं पुलिस के निवारण योग्य अन्य मामले पर सुनवाई के साथ समाधान की जाएगी साथ ही साथ संदिग्ध मामलों पर मौके पर ही एफ आई आर करने की सुविधा भी दी जाएगी। रांची पुलिस ने सभी लोगों से अपील किया है कि समाधान कार्यक्रम में पहुंचकर शिकायत के त्वरित एवं प्रभावी निराकरण का लाभ अवश्य उठाएं एवं दूसरों को भी लाभ हेतु सहयोग करें।

### मलकोको बना नमो फुटबॉल टूर्नामेंट का विजेता, पूर्व विधायक के हाथों हुआ सम्मानित

**बरही।** सांसद खेल महोत्सव के तहत बीते 2 सितंबर से बरही प्रखंड मैदान में प्रारंभ हुए नमो फुटबॉल टूर्नामेंट का सेमीफाइनल और फाइनल मैच मंगलवार को खेला गया. सेमीफाइनल के पहले मैच में रसोईया धमना और दूसरे मैच में मलकोको की टीम विजेता बनकर फाइनल में स्थान बनाया. फाइनल मैच का बतौर मुख्यातिथि पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने फीता काटकर और फुटबॉल किक लगाकर शुभारंभ किया. खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करने के बाद अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि नमो टूर्नामेंट युवाओं में खेल भावना के साथ उनके शारीरिक एवं मानसिक विकास में सहायक होगा. इस प्रकार के आयोजन के लिए उन्होंने सांसद मनीष जायसवाल की तारीफ करते हुए इसे सराहनीय कदम बताया. फाइनल मैच में दोनों टीमों के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला जो अंत तक ड्रॉ रहा.

झारखंड बंद की पूर्व संध्या पर मशाल जुलूस निकाला गया

# झारखंड आंदोलनकारी को भूल जाना गंभीर बात : कमलेश्वर प्रसाद सिंह




**नवीन मेल संवाददाता। बेडो/लापुंग** झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के सैकड़ो कार्यकर्ताओं ने बेड़ो और लापुंग प्रखंड में अलग-अलग मशाल जुलूस निकाली। आक्रोशित कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया और 11 सितंबर को झारखंड बंद का आह्वान किया। बेड़ो प्रखंड में झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के कार्यकताओं ने शिशिर लकडा. जुगेश उरांव एवं धनंजय कुमार राय के संयुक्त नेतृत्व में मशाल जुलूस निकाली और हेमंत सोरेन सरकार पर गंभीर आरोप लगाए। कहा कि जिन आंदोलनकारियों के आंदोलन की बदौलत झारखंड अलग राज्य मिली। उन्हीं आंदोलनकारियों को राज्य सरकार ने भुला दिया। धनंजय कुमार राय ने कहा कि झारखंड आंदोलनकारी का संघर्ष पिछले 24 साल से लगातार जारी है लेकिन कई सरकारें आई और चली गई। हेमंत सरकार से आंदोलनकारियों को बड़ी उम्मीद थी लेकिन हेमंत गैर आंदोलनकारी को लाभ देने में मशगूल हैं। उन्हें आंदोलनकारी की कोई चिंता नहीं है। वहीं लापुंग प्रखंड में प्रखंड अध्यक्ष कमलेश्वर प्रसाद सिंह, जयंत बरला एवं बिरसा मुंडा के संयुक्त नेतृत्व में मशाल जुलूस निकाली गई। लापुंग के बिरसा चौक के पास आंदोलनकारियों ने जोरदार प्रदर्शन किया और हेमंत सोरेन सरकार के खिलाफ बिगुल फूंका। कमलेश्वर प्रसाद सिंह ने कहा कि झारखंड आंदोलनकारी को भूल जाना गंभीर अपराध है। आंदोलनकारी और उसका पूरा परिवार न्याय पाने के लिए दर-दर भटकने को मजबूर है लेकिन सरकार सुध नहीं ले रही है। एतवा मुंडा सीताराम दास, पारसनाथ दास ईशाक बरला, रघुनाथ भगत, राजकिशोर सिंह, आनंद बडाईक, हाबिल कच्छप, विशु उरांव सहित दर्जनों लोगों ने मशाल जुलूस में हिस्सा लिया। वहीं बेड़ो में आयोजित आंदोलन के आंदोलनकारियों में कोरेश मिरदाहा, नीली लकड़ा, सहिन्द्र उरांव, पीटर तिर्की, सतवीर लाल खन्ना सहित सैकड़ों लोगों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

एसीसी स्कूल के एकलव्य व उपमन्यु हाउस ने जीता फुटबाल मैच

# इंटर हाउस फुटबाल व कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ



**नवीन मेल संवाददाता।** खलारी एसीसी उच्च विद्यालय खलारी में इंटर हाउस फुटबॉल व कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। प्रधानाध्यापक एसएन तिवारी ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर फुटबाल को किक मारकर खेल का शुभारंभ किया। वहीं बच्चियों के कबड्डी प्रतियोगिता में प्रधानाध्यापक ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर खेल आरंभ करने की घोषणा की। मंगलवार को प्रतियोगिता के तीन खेल खेले गए। पहला मैच आरुणि हाउस व एकलव्य हाउस के बीच खेला गया। जिसमें एकलव्य हाउस 2-0 से विजयी रहा। दूसरा मैच अर्जुन हाउस व उपमन्यु हाउस के बीच खेला गया। जिसमें उपमन्यु हाउस 1-0 से विजय रहा। तीसरा मैच बेस्ट 11 हाई स्कूल व इंटर कालेज के बीच खेला गया जिसमें इंटर कालेज की टीम 1-0 से विजय रही। छात्राओं के कबड्डी प्रतियोगिता में एकलव्य हाउस व उपमन्यु हाउस के बीच पहला मैच खेला गया। जिसमें उपमन्यु हाउस विजयी रहा।

## न्यूज बॉक्स

### डॉ परमेश्वर भगत ने खिलाड़ियों में फुटबॉल और जर्सी का किया वितरण



**चान्हो।** मंगलवार को चान्हो प्रखंड अंतर्गत ग्राम मसमानो में पूर्व डीडीसी सह समाजसेवी डॉ परमेश्वर भगत ने खिलाड़ियों को फुटबॉल और जर्सी वितरण किए। इस अवसर पर इन्होंने खिलाड़ियों को खूब मेहनत के साथ खेलने को कहा। आगे इन्होंने कहा की आप प्रखंड से जिला, जिला से राज्य, राज्य से राष्ट्र और अंतरराष्ट्रीय लेवल तक अपना पहचान बनाने की लक्ष्य से खेले। आप अवश्य आपना मंजिल को प्राप्त कर सकते है। मौके पर अनिल उरांव, छोटू उरांव, सलामत अंसारी, रामावतार उरांव, विजय उरांव, परमेश्वर उरांव, तुलसी उरांव, सुबास उरांव, बबलू उरांव, संजय उरांव, बीरा उरांव, अमित उरांव, ललित उरांव, विपिन उरांव सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

### श्रीश्याम मंदिर में श्री सुंदरकांड व श्री हनुमान चालीसा का हुआ सामूहिक पाठ



**रांची।** श्री श्याम मित्र मण्डल के तत्वावधान में हरमू रोड़ के श्रीश्याम मंदिर में मंगलवार को श्री सुन्दरकाण्ड पाठ - श्री हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ का आयोजन सायं 4.30 से किया गया। मण्डल के उपमंत्री अनिल नारनोली ने हनुमान जी महाराज की दिव्य पावन ज्योति प्रज्वलित करके केसरिया पेड़ा, चना, गुड़, नारियल, फल का भोग अर्पित करके श्री रामचरितमानस व पाठ वाचक का पूजन वंदन किया। पाठ वाचक मनीष सारस्वत, ओम शर्मा व अन्य ने ढोलक, ढफली, झांझ, खड़ताल, आरगेन के संगीतमय गूंज के बीच श्री सुन्दरकाण्ड पाठ सामूहिक रूप से करवाया। श्री श्याम मित्र मण्डल के प्रथम महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया ने बताया कि इस आयोजन में राजेश जायसवाल ने फल प्रसाद, श्रवण ढाढ़ंनिया ने चना प्रसाद, पुष्पा देवी पौदार ने केसरिया पेड़ा प्रसाद, एवं मुकेश मित्तल ने गिरीगोला की सेवा निवेदित की। श्री सुन्दरकाण्ड पाठ के समापन के बाद पुनः श्री हनुमान चालीसा का सामुहिक पाठ करके महाआरती की गयी। भक्तो के बीच सभी प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष सुरेश सरावगी, महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया, श्रवण ढाढ़ंनिया, अनिल नारनोली, स्नेह पौदार सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे। 14 सितंबर को श्री श्याम मित्र मण्डल द्वारा करमा/ पदमा एकादशी के अवसर पर रात्रि 9.30 बजे हरमू रोड़ के श्रीश्याम मंदिर में एकादशी कीर्तन होगा। तितला, रातु निवासी विकी कुमार, शोभा कुमारी खाटू नरेश की अखण्ड ज्योति प्रज्ज्वलित करेंगे।

### आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा का झारखंड बंद आज, मशाल जुलूस निकला




**रांची।** झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के तत्वावधान में 11 सितंबर को झारखंड बंद का ऐलान किया गया है। इसे लेकर मंगलवार की रात शहीद स्मारक स्थल से अल्बर्ट एक्का चौक तक मशाल जुलूस निकाला गया। आंदोलनकारियों ने अपने मांगों के समर्थन में नारा लगाया कि झारखंड आंदोलनकारियों के जेल जाने की बाध्यता समाप्त करते हुए सभी को राजकीय मान सम्मान अलग झारखंडी पहचान, बेटा बेटियों को रोजी रोजगार , नियोजन के अधिकारों की सौ प्रतिशत गारंटी करने, सम्मान पेंशन राशि 50 50 हजार रुपया देना होगा। पूर्व राज्यपाल कैलाशपति मिश्र की प्रतिमा झारखंड से हटाना होगा, राज्य में समता जजमेंट लागू करना होगा ,मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को अपना वादा निभाना होगा, आंदोलनकारी को सम्मान पेंशन देना होगा का भी नारा लगाए। झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के संस्थापक एवं प्रधान सचिव पुष्कर महतो ने बताया कि 50 हजार आंदोलनकारी अपने अधिकारों एवं स्वाभिमान की रक्षा के लिए 11 सितंबर को झारखंड बंद करने सड़कों पर उतरेंगे। उन्होंने परिवहन मालिकों और दुकानदारों से बंद में सहयोग करने की अपील की। आकस्मिक सेवाएं को बंद से मुक्त रखा गया है।

## डायन बिसाही का आरोप लगा महिला की हत्या



**बेड़ो।** बेड़ो थाना क्षेत्र के भसनंदा गांव में डायन बिसाही का आरोप लगाकर 47 वषीर्या महिला मुन्नी देवी उर्फ मुन्नी उरांव की लाठी डंडे से मार मार कर नृशंस हत्या कर दी गई। घटना सोमवार की रात लगभग 9:30 बजे की है। पारिवारिक सूत्रों के अनुसार घर का दरवाजा तोड़कर गांव के धापा उरांव एवं राजू उरांव सहित पांच छह लोगों ने घर में प्रवेश किया। मारपीट कर मुन्नी को बाहर निकाला। लाठी डंडे से मारपीट कर उसके घर के बाहर ही उसकी नृशंस तरीके से हत्या कर दी। मामला डायन बिसाही का बताया जा रहा है। धापा उरांव के घर में पिछले दिनों चार अलग-अलग महिलाओं की मौत हो गई थी। इससे धापा को लगा कि मंगरा की पत्नी मुन्नी डायन बिसाही है। हमारे घर के सभी लोगों को उसने खा गया। डायन बिसाही कर महिलाओं को मार डाला। इससे धापा उरांव और उसके सभी साथी काफी आक्रोशित थे। उन्होंने सोमवार की रात योजना बनाकर मुन्नी देवी को लाठी डंडे से पीट-पीट कर हत्या कर दी। मंगलवार की शाम 7:00 तक मामला दर्ज नहीं हुआ था। थाना प्रभारी नकुल शाह ने बताया कि अभी आवेदन टाइप हो रहा है। आवेदन टाइप होने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है।

बुढ़मू, खलारी व मैकलुस्कीगंज थाना क्षेत्र से आए 72 मामले

# खलारी में आयोजित हुआ जन शिकायत समाधान कार्यक्रम




**नवीन मेल सांवाददाता। खलारी** खलारी प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में मंगलवार को झारखंड पुलिस द्वारा जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इस आयोजन में लगाए गए शिविर में बुढ़मू, खलारी तथा मैकलुस्कीगंज थाना का अलग अलग स्टाल लगाया गया। शिविर में बुढ़मू, खलारी और मैक्लुस्कीगंज प्रखंड के लोगों ने अपनी भूमि संबंधित आपसी विवाद, पैसे का लेन देन का विवाद, पूर्व से चले आ रहे मुकदमो सहित अन्य मामलों के समाधान हेतु आवेदन दिए। समस्याओं के निराकरण के लिए अंचल अधिकारी बुढ़मू सच्चिदानंद वर्मा, अंचल अधिकारी खलारी प्रणव अम्बश्ट, खलारी थाना प्रभारी सह पुलिस निरीक्षक विजयकुमार सिंह, मैकलुस्कीगंज थाना प्रभारी गोविन्द कुमार व बुढ़मू थाना प्रभारी रितेशकुमार महतो सहित थानों के अन्य पुलिस अवर निरीक्षक उपस्थित थे। आयोजन में खलारी थाना क्षेत्र से 14 मामलों को लेकर आवेदन दिए गए। जिनमें जमीन विवाद, वृद्धा पेंशन, पैसों का आपसी लेन देन में विवाद, जमीन खाता संबंधित समस्या, सीसीएल क्षेत्र में अधिग्रहित भूमि पर नौकरी और मुआवजा नहीं मिलने का शिकायत संबंधित आवेदन दिया गया। वहीं मैक्लुस्कीगंज थाना क्षेत्र से 50 लोगों ने अपनी समस्याओ को लेकर आवेदन दिया। जिनमें पैसों के लेन देन, अबुआ आवास के अलावा जमीन विवाद संबंधित मामले शामिल थे। बुढ़मू थाना क्षेत्र के कुल 8 लोगों ने आवेदन दिया। जिनमें पशु चराने को लेकर हुए विवाद, बाइक चोरी, जमीन विवाद, जमीन कब्जा करने, मारपीट से संबंधित मामले शामिल है। खलारी थाना प्रभारी विजयकुमार सिंह ने कहा कि तीनो थाना क्षेत्र से आए लोग अपनी शिकायतों को लेकर आवेदन दिए है।

# समाज व संस्कृति के रक्षक हैं आदिवासी : आशुतोष तिवारी



**नवीन मेल संवाददाता। चान्हो** प्रखंड अंतर्गत मुरतो पंचायत के मेलानी गांव में मंगलवार को जतरा खूंटा निर्माण कार्य का शिलान्यास जिप सदस्य सह आजसू के केंद्रीय सचिव आशुतोष तिवारी द्वारा किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि आधुनिक युग में आज भी आदिवासी समाज अपनी परम्परा और संस्कृति को साथ लेकर चल रहा है। लंबे समय से लोग इस गांव में जतरा खूंटा के निर्माण की मांग कर रहे थे। लोगों के आस्था और धर्म को देखते हुए उन्होंने पंद्रहवें वित्त आयोग के तहत इसकी अनुशंसा की थी। अभी भी सरना समाज शिक्षा से कोसों दूर है। हमें नई शिक्षा पद्धति को हर हाल में अपनाना ही होगा। साथ ही शराब से भी दूर रहने की अपील उन्होंने युवाओं से की। युवा ही समाज को आगे ले जा सकते हैं और उन्हें अपनी जिम्मेवारी का निर्वहन करना ही होगा। आज के युवा अपनी परंपरा और संस्कृति से दूर होते जा रहे हैं जो कि गलत है। मौके पर पूर्व प्रमुख सह बेयासी मुखिया भोला उरांव, समाजसेवी कर्मा उरांव, डॉ अनिल साहू, मुखिया सुनीता उरांव, मुखिया प्रतिनिधि राजेंद्र उरांव, वार्ड सदस्य बालकु उरांव, सविता देवी, फिरोज अंसारी, अफरोज अंसारी, लतीफ अंसारी, जितेंद्र उरांव, त्यागी पांडे, कमलू साहू, कयूम अंसारी सहित अन्य मौजूद थे।

धमधमिया में धूमधाम से होगी दुर्गा पूजा

## समिति के अध्यक्ष बने राजकिशोर



**नवीन मेल संवाददाता। खलारी** दुर्गा पूजा समिति माइनस चौक धमधमिया की बैठक दुर्गा पूजा मंडप के प्रांगण में हुई। अध्यक्षता तुमांग पंचायत के मुखिया संतोष महली ने किया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी धूमधाम से दुर्गा पूजा मनाया जाएगा। आयोजन को लेकर दुर्गा पूजा समिति का पुनर्गठन किया गया। नयी कमेटी में अध्यक्ष राजकिशोर सिंह, उपाध्यक्ष शिवकुमार चौधरी, सचिव मनोज राम, सहसचिव भोलानाथ चौहान, कोषाध्यक्ष दिलुकुमार राम, सह कोषाध्यक्ष पारस उरांव, विनय राम व संरक्षक मुखिया संतोष महली, पंसस सहदेव महली, रामेश्वर भोगता, मनोज साव को बनाया गया है। वही कार्यकारिणी सदस्य में दिलीप चौहान, आशीषकुमार यादव, शंकर भगत, बजरंगी राम, धर्मेन्द्र पासवान, संजय राम, कंदरु मुंडा, फुटीना भुइयां, सुधीर उरांव, नवीन पासवान आदि का नाम शामिल है।

पिस्का पंचायत में कम्युनिटी स्मार्ट क्लब बन कर तैयार, उद्घाटन आज

# कम्युनिटी स्मार्ट क्लब की मदद से पिस्का पंचायत का विकास किया जाएगा



**नवीन मेल संवाददाता। सिल्ली/मुरी** सिल्ली प्रखंड के पिस्का पंचायत के कुसुम टिकरा फुटबॉल मैदान के समीप कम्युनिटी स्मार्ट क्लब बन कर तैयार हैं। जिसका उद्धघाटन कल सिल्ली के स्थानीय विधायक सुदेश महतो करेंगे। इसकी तैयारी पूरी कर ली गई है। आपको बता दें कि झारखंड राज्य का सिल्ली प्रखण्ड के पिस्का पंचायत पहला ऐसा पंचायत जिसमे कम्यूनिटी स्मार्ट क्लब बना है। इधर कम्युनिटी स्मार्ट क्लब के बारे में विधायक सुदेश कुमार महतो से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि इस कम्युनिटी स्मार्ट क्लब के मदद से पिस्का पंचायत का विकास की रूप रेखा तैयार की जाएगी। साथ ही पंचायत के स्कूली बच्चों एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम में हिस्सा लेने वाले छात्राओं के लिए एक मंच तैयार होगा। इसी कम्युनिटी स्मार्ट क्लब परिसर में ओपन जिम की व्यवस्था की गई है। वही शाम में स्कूली बच्चों के लिए कोचिंग की व्यवस्था की जाएगी। कम्युनिटी स्मार्ट क्लब में बुद्धिजीवी वर्ग के लोगों के लिए अखबार रखे जाएंगे। जहां से वे लोग पढ़कर देश दुनिया की खबरों से रूबरू होंगे। बइसके अलावा निशुल्क लाइब्रेरी का भी व्यवस्था किया जा रहा है। पिस्का पंचायत का यह पहला कम्यूनिटी स्मार्ट क्लब राज्य के लिए एक प्रेरणा स्रोत साबित होगा। ज्ञात हो कि इस कम्युनिटी स्मार्ट क्लब का निर्माण हजारीबाग निवासी मनोज कुमार ने की है। इस कम्युनिटी स्मार्ट क्लब की सुंदरता और भव्यता देखते ही बन रही है। ओपन जिम की व्यवस्था देखकर स्थानीय युवकों में बुजुर्गों में खुशी देखी जा रही है। इधर ओपेन जिम का निर्माण करने पहुंचे नाशिक के अमर सिंह को सिल्ली के विकाश योजनाएंतथा हसीन वादियां भा गई। उन्होंने कहा कि मैंने कभी शायद ही देश में इस तरह का किसी विधानसभा क्षेत्र में विकास हुई हो। जिस तरह सड़को व पुल पुलिया,के साथ साथ कई बड़े भवन निर्माण वास्तव में यहां के विधायक सुदेश कुमार महतो काफिले तारीफ है।

## जेबीकेएसएस व कांग्रेस के दर्जनों कार्यकर्ता आजसू में हुए शामिल



**नवीन मेल संवाददाता। सल्ली** प्रखंड के कुटाम गांव में मंगलवार को जेबीकेएसएस व कांग्रेस पार्टी के दर्जनों कार्यकर्ता शकुर आलम व असरफ अंसारी के नेतृत्व में आजसू पार्टी में शामिल हुए। जिसमें अफरीदी अंसारी, गुलाम अंसारी, हैदर अंसारी , अशरफ अंसारी, रेफाकत अंसारी, अमीरुद्दीन अंसारी, अशरफ, हाफिजुद्दीन अंसारी, अहमद अंसारी, हेसारुद्दीन अंसारी, अबराब अंसारी आदि शामिल हैं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रखंड प्रमुख जितेन्द्र बड़ाईक एवं क्षेत्रीय प्रभारी लक्ष्मण महतो ने आजसू पार्टी का अंग वस्त्र पहनाकर नये कार्यकताओं का स्वागत किया। इस मौके पर आजसू पार्टी का चुल्हा प्रमुख बैठक का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम में गांव के समस्या एवं समाधान पर चर्चा किया गया। कार्यक्रम के दौरान गांव में युवा आजसू का गठन किया गया। प्रमुख जितेन्द्र बड़ाईक ने सभी को समन्वय बनाकर गांव के समस्या के समाधान पर कार्य करने एवं गांव में एकजुटता बनाए रखने का आग्रह किया। इस मौके पर गांव के चुल्हा प्रमुख समेत कई लोग उपस्थित थे।

# बेड़ो डीएसपी ने सुनी लोगों की फरियाद



**नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो** जन शिकायत समाधान कार्यक्रम को लेकर बेड़ो थाना में आयोजित शिविर के दौरान डीएसपी अखिल नीतीश कुजूर को बेड़ो और नरकोपी थाना क्षेत्र के 26 लोगों ने आवेदन दिया और मामले पर कार्रवाई करने की गुहार लगाई। इस मौके पर डीएसपी अखिल नीतीश कुजूर ने कहा कि सभी मामलों पर त्वरित गति से कार्रवाई करते हुए सभी मामलों का निष्पादन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पुलिस और आम जनता के बीच परस्पर संबंध और संवाद स्थापित होते रहना चाहिए। आपसी संबंध बेहतर होगा तो क्षेत्र में उग्रवाद और अपराध पर नियंत्रण होगा। पुलिस और पब्लिक को मिलकर इस दिशा में बेहतर कदम उठाना चाहिए। जमीन विवाद, झगड़े, मारपीट, झूठा मुकदमा, गलत तरीके से एफआईआर में नाम देने तथा हत्या को एक्सीडेंट शो करने जैसे कई मामले सामने आए। इस मौके पर अंचलाधिकारी प्रताप मिंज, बेड़ो सर्किल के सर्किल इंस्पेक्टर उत्तम कुमार उपाध्याय, बेड़ो थाना के थाना प्रभारी नकुल शाह, नरकोपी थाना के थाना प्रभारी देवप्रताप प्रधान सहित कई पुलिस के पदाधिकारी मौके पर मौजूद थे। अंचलाधिकारी प्रताप मिंज ने जमीन संबंधी विवादों का निपटारा किया। जन शिकायत समाधान कार्यक्रम के दौरान चनगनी की सुनीता उरांव ने बेड़ो थाना कांड संख्या 71/24 दिनांक 04-07-2024 4/5 69 भारतीय न्याय संहिता एवं 61 के तहत दर्ज मामले में गिरफ्तारी नहीं होने पर डीएसपी अखिल नीतीश कुजूर से न्याय की गुहार लगाई। वहीं नरकोपी थाना क्षेत्र के करकरी टंगराटोली निवासी आलम अंसारी ने गुहार लगाई कि कांड संख्या 38/23 में 27 लोगों को प्राथमिकी अभियुक्त बनाया है जिनमें से उसके सहित कई लोग निर्दोष हैं। उन्होंने डीएसपी से कहा कि मामले की जांच कर उनका नाम प्राथमिकी से विलोपित किया जाय। बेडो. की नूतन टंडन ने डीएसपी से गुहार लगाई है कि उन्होंने रघुनंदन सिंह से जमीन खरीदी है लेकिन अभी तक रजिस्ट्री नहीं किया गया है।

### जिला पुलिस नें जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का किया आयोजन

# व्यवसायी अपने प्रतिष्ठानों में लगाएं सीसीटीवी कैमरा : अमोल होमकर

▸ पुलिस महानिरीक्षक नें समस्याओं के त्वरित समाधान का दिया आश्वासन

नवीन मेल संवाददाता

**रामगढ़।** छावनी फुटबॉल मैदान में 10 सितंबर को रामगढ़ जिला पुलिस द्वारा जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पुलिस महानिरीक्षक अभियान अमोल वेणुकांत होमकर , विशिष्ट अतिथि पुलिस अधीक्षक अजय कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी आशीष गंगवार, वन प्रमंडल पदाधिकारी नीतीश कुमार, भूमि सुधार उप समहर्ता दीप्ति कुजूर, रामगढ़ अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी परमेश्वर प्रसाद, पतरातू अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी पतरामू बिरेन्द्र राम मौजूद थे। जन शिकायत समाधान कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महानिरीक्षक अभियान अमोल वेणुकांत होमकर एवं अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर उदघाटन किया।

### डायल 112 और डायल 1930 के बारे में जागरू करना

पुलिस महानिरीक्षक अभियान ने लोगों को बताया की इस कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को डायल 112 एवं डायल 1930 (साइबर फ्रॉड) के संबंध में जागरूक किया जा रहा है। ताकि लोग साइबर फ्रॉड का शिकार होने से बचें।



अपराधियों के मन में होता है सीसीटीवी कैमरे का खौफ

अमोल वेणुकांत होमकर ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा की व्यवसायी अपने प्रतिष्ठानों में सीसीटीवी कैमरे लगाएं क्योंकि इससे अपराध को रोकने में मदद मिलती है। बताया की सीसीटीवी कैमरे का खौफ अपराधियों के मन में होता है। उन्हें लगता है की सीसीटीवी में उनका फुटेज कैद होने पर वे पकड़े जाएंगे और उनपर कार्रवाई होगी। इस भय से अपराधी अपराध करने से डरते हैं। इसलिए प्रतिष्ठानों में सीसीटीवी कैमरा जरूरी है।

### लोगों को परेशान नही किया जाए

पुलिस महानिरीक्षक अभियान ने कहा की यदि कोई व्यक्ति किसी थाना या ओपी में अपना मामला दर्ज करवाने के लिए जाता है और उस थाना के पदाधिकारी या कर्मी व्यक्ति का मामला दर्ज नही कर प्रताड़ित करते हैं तो संबंधित पदाधिकारी या कर्मी पर कार्रवाई की जाएगी।

### मामलों को दर्ज करने से नही किया जा सकता इंकार

पुलिस महानिरीक्षक अभियान अमोल वेणुकांत होमकर ने बताया की यदि कोई व्यक्ति किसी थाना/ओपी में मामला दर्ज करवाने जाता है तो संबंधित पदाधिकारी या कर्मी मामला दर्ज करने से इंकार नही कर सकता भले ही वह मामला उस थाना या ओपी का नही हो। बताया की मामले को बाद में संबंधित थाना या ओपी को भेजा जाएगा।

### एसटी-एससी मामलो में त्वरित कार्रवाई

अमोल वेणुकांत होमकर ने बताया की राज्य सरकार द्वारा निर्देश दिया गया है की एसटी-एससी मामलों में संबंधित थाना/ओपी त्वररित कार्रवाई करते हुए उसका निष्पादन करें। संबंधित थाना/ओपी द्वारा इस बात का ध्यान रखा जाए की पीड़ित को परेशानी नही हो और उन्हें न्याय मिले।

### लोगों से बेहतर संबंध कायम करना

पुलिस महानिरीक्षक अभियान अमोल वेणुकांत होमकर ने जन शिकायत समाधान कार्यक्रम में शामिल लोगों से बातचीत में कहा की इस कार्यक्रम का आयोजन राज्य के मुख्यमंत्री और पुलिस महानिरीक्षक के निर्देश पर हुआ है । कहा की पीड़ितों को न्याय और पुलिस के समक्ष वे बिना किसी दिक्कत के अपने मामले को रखें इसको लेकर कार्यक्रम का आयोजन हुआ है।

### लोगों से उचित व्यवहार का निर्देश

लोगों से बातचीत में पुलिस महानिरीक्षक अभियान अमोल वेणुकांत होमकर ने कहा की पुलिस पदाधिकारियों व कर्मियों को थाना अथवा ओपी अपने मामलों को लेकर आनेवाले लोगों के साथ मित्रवत व्यवहार कर उनकी समस्याओं का समाधान करने का निर्देश दिया गया है। इसलिए लोग अपनी शिकायत लेकर अपने थाना अथवा ओपी पहुंचे उनके साथ उचित व्यवहार करते हुए उनकी समस्या का समाधान किया जाएगा।

### लोगों को अफीम और ब्राउन शुगर के बारे में जागरूक

पुलिस महानिरीक्षक अभियान ने लोगों को बताया की इस कार्यक्रम का आयोजन पूरी तरह से लोगों के हित में किया जा रहा है। कहा की कई स्थनों से अफीम की खेती के साथ ब्राउन शुगर की खरीद बिक्री के मामले प्रकाश में आते हैं। अफीम और ब्राउन शुगर के संबंध में जागरूक किया जा रहा है।

### झारखंड राज्य पेंशनर समाज की मासिक बैठक संपन्न

**बरही।** प्रखंड परिसर स्थित पूर्वी पंचायत भवन में झारखंड राज्य पेंशनर समाज अनुमंडल इकाई बरही की मासिक बैठक संपन्न हुई. जिसकी अध्यक्षता राजेंद्र प्रसाद रुखरियार व संचालन तोखन प्रजापति ने किया. जिसमे अनुमंडल इकाई के कई सदस्य शामिल हुए. बैठक में पूर्व के प्रस्तावों की समीक्षा करते हुए आगामी 25 सितंबर को धनबाद में आयोजित होने वाले प्रदेश स्तरीय सम्मेलन पर चर्चा हुई. साथ ही सम्मेलन में अनुमंडल इकाई के सदस्यो के उपस्थिति पर विचार किया गया. जिसमे सर्वसम्मति से प्रदेश स्तरीय सम्मलेन में 5 से 7 सदस्यो के शामिल होने पर सहमति बनी. इसके साथ ही दुर्गापूजा के कारण अक्टूबर माह में होने वाले मासिक बैठक की तिथि 15 अक्तूबर निर्धारित किया गया।

### अवैध शराब से लदी निजी कार जब्त, दो गिरफ्तार, जेल

**बरही।** मंगलवार की सुबह साढ़े आठ बजे पटना रोड ओभारब्रीज के पास अवैध शराब से लदा बिहार की ओर जा रही सफेद रंग के सेवरले कंपनी की निजी कार संख्या जेएच 01 एसी 7052 को बरही पुलिस ने जब्त किया. पुलिस इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी आभाष कुमार ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर उक्त जानकारी दी. जारी विज्ञप्ति के अनुसार उक्त कारवाई वरीय पदाधिकारी के सूचना के आधार पर पटना रोड स्थित ओवरब्रिज के समीप वाहन चेकिंग के दौरान किया गया. वाहन चेकिंग कार्य में पुअनि रंजीत भगत और सशस्त्र बल ने सार्थक भूमिका निभाई।

## न्यूज बॉक्स

### डीपीएस का छात्र राजेश राष्ट्रीय ताइक्वांडो चैंपियनशिप में जीता गोल्ड मेडल



**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत गंगपाचो स्थित सीबीएसई बोर्ड से प्लस टू तक मान्यता प्राप्त डिवाइन पब्लिक स्कूल के छात्र राजेश कुमार ने राष्ट्रीय ताइक्वांडो चैंपियनशिप प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीत कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। अपने वेट में झारखंड प्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हुए 38 वीं राष्ट्रीय सब जुनियर ताइक्वांडो चैंपियनशिप में राजेश कुमार 27-29 किलोग्राम कैटेगरी में गोल्ड मेडल जीता। यह प्रतियोगिता 08 से 10 सितम्बर तक आगरा में आयोजित किया था। इसकी जीत में अहम योगदान ताइक्वांडो प्रशिक्षक गुलाम हसन का रहा जिन्होंने अपने कड़े प्रशिक्षण से राजेश को इस योग्य बनाया कि ये केवल विद्यालय का ही नहीं बल्कि झारखंड राज्य का प्रतिनिधित्व करने योग्य हो गए।वहीं विद्यालय निदेशक आई पी भारती ने राजेश समेत अन्य बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। प्रशिक्षक गुलाम हसन इस सफलता का श्रेय बच्चों के कठिन अभ्यास और उनके लगन को दिया।

### खून बना चरही घाटी का यूपी मोड़ सड़क दुर्घटना में तीन की मौत

**हजारीबाग।** बीती रात जिले के चरही थाना क्षेत्र के यूपी मोड़ के पास सड़क दुर्घटना में ऑल्टो सवार तीन लोगों की मौत हो गई। सभी ऑल्टो कार से हजारीबाग से पेटरवार अपने घर जा रहे थे। सभी रामगढ़ जिले के रहने वाले हैं। घटना की जानकारी मिलने के बाद उनके परिजन भी शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचे। उन्होंने बताया कि तीनों युवक हजारीबाग में गाड़ी सर्विसिंग कराने के बाद वापस घर लौट रहे थे। इसी दौरान सड़क दुर्घटना में तीनों की मौत हो गई। सभी अलग-अलग परिवार के हैं। सूचना मिलने के बाद हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल की पहल पर सभी का शव पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल लाया गया। इस दौरान उनके प्रतिनिधि रंजन चौधरी उपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि जानकारी मिली थी कि तीन लोगों का शव सड़क पर पड़ा हुआ है। शव हजारीबाग अस्पताल लाने में परेशानी हो रही है। इसके बाद हजारीबाग से नीरज पासवान को एम्बुलेंस के साथ घटनास्थल भेजा गया और तीनों के शव अस्पताल लाया गया। आपको बता दे कि घाटी की सड़क में काफी तीखे मोड़ और ढलान हैं। जिससे बाहर से आने वाले ट्रक चालकों को सड़क ठीक से दिखाई नहीं पड़ती और दुर्घटना हो जाती है।

### झारखंड आंदोलनकारी धीरेंद्र पांडेय बनाये गए बेलकपी दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष

**बरकट्ठा।** माँ शारदीय नवरात्र दुर्गा पूजा 2024 को लेकर बेलकप्पी दुर्गा मन्दिर प्रांगण में ग्रामीणों द्वारा बैठक आयोजित किया गया।बैठक की अध्यक्षता झारखण्ड आंदोलनकारी धीरेन्द्र पाण्डेय ने किया। इस निमित पिछले वर्ष के लेखा जोखा पर चर्चा की गई। तत्पश्चात आगामी पूजा हर्षोल्लास के साथ मनाने का निर्णय एवं सफल संचालन हेतु कमिटी का गठन किया गया ।जिसमें सर्वसम्मति से पूजा समिति का अध्यक्ष पद के लिए धीरेन्द्र पाण्डेय, उपाध्यक्ष दुलारचंद पाण्डेय, सचिव बिरेन्द्र पाण्डेय, उपसचिव राजकुमार पाण्डेय, कोषाध्यक्ष ज्ञानदीप पाण्डेय, उपकोषाध्यक्ष रिंकू पाण्डेय तथानिगरानी समिति में सुशील पाण्डेय, लालबहादुर पाण्डेय, अर्जुन पाण्डेय, मिथलेश पाण्डेय, जितेंन्द्र चंद्रवंशी,सुदामा साव, हुलास नायक, तरुण पाण्डेय, भुनेश्वर सोनी, दिलचंद पासवान, महेन्द्र पाण्डेय का चयन किया गया बैठक में श्यामाकांत पाण्डेय,पुजारी दिवाकर पाण्डेय एवं ग्रामीण सदस्यगण अशोक पाण्डेय,अनुज पाण्डेय,चन्दन पाण्डेय,बबलू पाण्डेय,अजीत पाण्डेय,सतीश पाण्डेय, लक्ष्मण यादव,हेमलाल पासवान,तुलसी राम,जीतन पाण्डेय,द्वारिका ठाकुर,नंदकिशोर ठाकुर,बीरेंद्र मोदी, शैलेन्द्र बर्नवाल,कौशल पाण्डेय,सुनील रवानी समेत सैकड़ो ग्रामीण शामिल थे।

### आम नागरिकों के शिकायतों का पुलिस विभाग नें जन शिकायत समाधान कार्यक्रम की हुई शुरुआत



**हजारीबाग।** नागरिकों के शिकायतों का त्वरित एवं प्रभावी निवारण साथ ही पुलिस एवं नागरिकों के बीच एक अविश्वास एवं दूरी को समाप्त करने के उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए पुलिस और नागरिकों के बीच बेहतर समन्वय हेतु महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक झारखण्ड,राँची के द्वारा जन शिकायत समाधान कार्यक्रम की शुरुआत की गई है। जिला स्तर पर जन शिकायत समाधान कार्यक्रम पूरे राज्य में आयोजित किया किया गया। उक्त के संदर्भ में हजारीबाग जिला में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम को जिला स्तर पर हजारीबाग समाहरणालय परिसर से आयोजित की गई।

### टाइगर जयराम महतो की विचारधारा से प्रभावित होकर सभी संप्रदाय के लोग जुड़ रहे हैं :आर्यन

**रामगढ़ ।** झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा रामगढ़ इकाई के पतरातू प्रखंड अंतर्गत सुदूरवर्ती गांव जोबो करमा टोला में बारीडी पंचायत में पंचायत कमेटी विस्तार तथा बूथ कमेटी विस्तार जीवधान गंजू के अध्यक्षता तथा संचालन सिकंदर मुंडा ने किया।इस बैठक में मुख्य रूप से एसटी मोर्चा के जिला संगठन सचिव आर्यन टोप्पो तथा प्रखंड महा सचिव प्रेमलाल बेदिया उपस्थित हुए। इस पंचायत कमेटी विस्तार में जीवधन गंझु ने कहा की झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के सुप्रीमो टाइगर जयराम महतो के हाथों को मजबूत करने के लिए हम लोग टाइगर दादा के विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का काम करेंगे और लोगों को इनकी सोच को लोगों तक पहुंचाने का काम करेंगे।

## सांसद मनीष जायसवाल की पहल रंग लाई, स्वच्छता कर्मी काम पर लौटे

नवीन मेल संवाददाता



**हजारीबाग।** लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल का हजारीबाग नगर निगम में कार्यरत हड़ताल पर गए सफाईकर्मियों से वार्ता का प्रयास रंग लाया। सोमवार को ही हजारीबाग शहर में बाधित सफाई को लेकर कूड़े के ढेर में तब्दील होते शहर की गंदगी और वातावरण में फैलते बदबू से परेशान लोगों को निजात दिलाने हेतु हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल ने पहल किया और अपनी 6 सूत्री मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल कर रहे झारखंड राज्य लोकल बॉडीज क एम्पलाइज फेडरेशन,कर्मचारी संघ हजारीबाग इकाई के पदाधिकारी से अपने सांसद सेवा कार्यालय में एक विशेष बैठक की। जिसमें सांसद मनीष जायसवाल ने उनकी समस्याएं जानी और फिर तत्काल इस पर पहल करते हुए झारखंड राज्य के नगर विकास मंत्री हफीजुल हसन और संबंधित विभाग के सचिव सुनील कुमार से दूरभाष पर बात करते हुए संबंधित मामले पर संज्ञान लेकर कर्मचारी संघ से वार्ता हेतु विशेष समय दिलवाया और उनसे यथाशीघ्र इनके न्यायोचित मांग पर पहल करने का आग्रह किया। जिसके बाद सांसद मनीष जायसवाल के पहल पर हजारीबाग से सफाई कर्मचारियों का एक प्रतिनिधिमण्डल नगर विकास सचिव सुनील कुमार से मिलने राजधानी रांची पहुंचे। यह प्रतिनिधिमंडल के हजारीबाग लौटते ही मंगलवार को उन्होंने हड़ताल समाप्त कर काम पर वापस लौटने का ऐलान कर दिया ।

## मेधावी फाउंडेशन के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र दिया भाजपा नेत्री शेफाली ने

नवीन मेल संवाददाता




**हजारीबाग।** हुरहुरू स्थित मेधावी फाउंडेशन के द्वारा पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्य रूप से भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता ने शामिल होकर पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरण किया। प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत चयनित कारीगरों का उत्साहवर्धन किया और इस पहल के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त किया। जिसमें कुल 75 प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत चयनित कारीगरों में प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। इस मौके पर योजनान्तर्गत चयनित कारीगरों ने देश यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मेधावी फाउंडेशन एवं भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता का आभार व धन्यवाद व्यक्त किया। मौके पर भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि मोदी सरकार जरूरतमंदों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए संकल्पबद्ध है। केंद्र सरकार तरह के योजनाओं से जरूरतमंदों को आत्मनिर्भर व सशक्त बनाने हेतु कार्य कर रही है। उन्होंने कहा आत्मनिर्भर होने से परिवारिक समृद्धि एवं उच्च जीवन शैली बनाने में काफी मदद मिलेगी। मौके पर जिला उद्योग विभाग के एस.एस.त्रिपाठी, केंद्र प्रबंधक चंदन कुमार एवं सह समन्वयक विनोद कुमार पटेल सहित लोग उपस्थित थे।

## बड़ा बाजार दुर्गा पूजा महासमिति की दूसरी बैठक में युवा टीम का हुआ गठन



नवीन मेल संवाददाता

**हजारीबाग।** बड़ा बाजार दुर्गा पूजा महासमिति के द्वारा सोमवार को देर शाम मल्लाह टोली स्थित धर्मशाला प्रांगण में दूसरी बैठक प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई बैठक की शुरुआत मां दुर्गे के जयकारों के साथ बैठक प्रारंभ किया गया,बैठक में पूजा को लेकर विस्तार पूर्वक चर्चा किया गया, इसी दौरान सभी के सर्व सहमति से युवा टीम का गठन किया गया। **महासमिति के युवा टीम :** संरक्षक गुड्डन सोनकर,अध्यक्ष अविनाश निषाद, सचिव छोटू निषाद,सह सचिव श्री संदीप निषाद, बिट्टू निषाद, गणेश निषाद, सुधीर यादव,सत्यम यादव, आशुतोष चौधरी,अनिल गुप्ता,उपाध्यक्ष प्रेम निषाद,पंकज निषाद,रोहित निषाद, मनीष निषाद, प्रकाश निषाद,महासचिव श्री पवन कुमार गुप्ता,अंकित यादव कार्यकारिणी सदस्य सतीश गुप्ता,सचिन केसरी को नियुक्त किया गया है। युवा टीम का गठन दुर्गा पूजा के आयोजन को और बेहतर बनाने और सामुदायिक सहभागिता को बढ़ाने के उद्देश्य से किया गया है। महासमिति ने युवाओं की सक्रिय भागीदारी की सराहना की है, इस नई युवा टीम से पूजा आयोजन में नई ऊर्जा और उत्साह की उम्मीद की जा रही है।

### कुष्ठ रोग अभियान का केंद्र स्तरीय टीम ने किया जिले का निरीक्षण

**रामगढ़।** कुष्ठ रोग खोजी अभियान को लेकर डॉ श्वेता राणा आईसीएमआर कंसलटेंट सीएलडी सेंट्रल मॉनिटर न्यू दिल्ली और डॉ गौतम के नेतृत्व में गठित केंद्र स्तरीय टीम ने सोमवार को रामगढ़ जिले का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने गोला प्रखंड के मगनपुर क्षेत्र अंतर्गत अब तक हुए सर्वे का जायजा लिया एवं संदिग्ध पाए गए लोगों का सही तरीके से शारीरिक जांच करने एवं कुष्ठ रोगियों का अच्छे से उपचार करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने सुदूर क्षेत्रों में रहने वाले लोगों एवं स्लम क्षेत्र के लोगों पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। मौके पर जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी डॉ तूलिका रानी, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी गोला डॉक्टर आशुतोष त्रिपाठी, चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर मदन, प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक विनय उरांव, पारा मेडिकल वर्कर-एनएलईपी (सीएचसी गोला) सुश्री मनीषा पहान, काय चिकित्सक सहित अन्य उपस्थित थे।

## जीएम इंटर महाविद्यालय ,में नशा मुक्त अभियान में एक दिवसीय कार्यशाला संपन्न

नवीन मेल संवाददाता

**हजारीबाग।** जीएम इंटर महाविद्यालय ,इचाक में नशा मुक्त अभियान के तहत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमे तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम (NTCP) हजारीबाग जिला के नोडल पदाधिकारी रेहान जामी, उनके सहयोगी इफ्फत नाज, मो.इरफान,महाविद्यालय प्रभारी पंकज कुमार के नेतृत्व में संपन्न हुई। जिला नोडल पदाधिकारी रेहान जामी के द्वारा बच्चो को नशा मुक्त भारत का निर्माण के लिए बहुत सारे बातो को बताया गया जिसमे नशा करने से आपको किन किन बीमारियों का सामना करना पड़ सकता है। नशा सेवन करने से मनुष्य कैसे बचे। महाविद्यालय के प्राचार्य शंभू कुमार ने कहा कि नशा करने से नशा एक ऐसी बुराई है जो हमारे सम्पूर्ण जीवन को नष्ट कर देती है। नशे की लत से पीड़ित व्यक्ति परिवार के साथ समाज पर बोझ बन जाता है। युवा पीढ़ी सबसे ज्यादा नशे की लत से पीड़ित है। सरकार इन पीड़ितों को नशे के चुंगल से छुड़ाने के लिए नशा मुक्ति अभियान चलाती है, शराब,तंबाकू,सिगरेट और गुटखे पर रोक लगाने के प्रयास करती है।महाविद्यालय प्रभारी पंकज कुमार ने कि नशा हम सब के लिए एक अभिशाप है। जो हमारे समाज में आम है। हम जानते हैं कि मानव ही इस धरती पर सबसे बुद्धिमान और शक्तिशाली है और अपने जीवन को सुखद बनाने के लिए हर संभव कोशिश करता है लेकिन अच्छी शिक्षा के अभाव में लोग कम उम्र में ही नशा जैसे अन्य शारीरिक परिणामों का शिकार हो जाते हैं।




## ऑफ डेंटल साइंसेज एंड हॉस्पिटल में गणपति पूजनोत्सव संपन्न

नवीन मेल संवाददाता



▸ धूमधाम से प्रतिमा का हुआ विसर्जन

**हजारीबाग।** कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेज एंड हॉस्पिटल में दिन सोमवार की देर संध्या गणपति पुजनोत्सव संपन्न होने बाद धूमधाम से प्रतिमा का विसर्जन हुआ। संध्या की आरती कर सुसज्जित शोभायात्रा निकला गया। कॉलेज परिसर में भ्रमण के दौरान अबीर गुलाल एक दुसरे को लगाकर झुमते- गाते भक्ति में लीन होकर जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो गया। गणपति बप्पा मोरिया, अगले बरस तू जल्दी आना, देवा हो देवा गणपति देवा तुमसे बढ़कर कौन भजनों पर श्रद्धालु खूब थिरके। वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ भगवान गणेश की प्रतिमा को मुकुंदगंज स्थित तालाब में आरती कर विसर्जित किया गया। इस मौके पर सचिव डॉ प्रवीण श्रीनिवास ने सभी के लिए सुख, समृद्धि, खुशहाली, ऋद्धि-सिद्धि की कामना की। कहा कि भगवान गणेश जी की पुजन से खुशहाली, सम्पन्नता, ऋद्धि-सिद्धि की प्राप्ति के साथ विघ्नएवं बाधा का हरण होता है। भगवान गणेश लोकमंगल देवता हैं। लोकमंगल ही उनका मुल उदेश्य है एवं उनकी कृपा से धन, संपदा एवं समृद्धि का कभी अभाव नहीं रहता है। मौके पर प्राचार्य डॉ के श्रीकृष्ण, उपप्राचार्य डॉ अंकुर भार्गव, डॉ देवर्षि नंदी, डॉ सौम्या वर्मा, डॉ गुंजन सिन्हा, डॉ सृष्टि, डॉ कुमारी शालिनी, डॉ मनोज कुमार सिंह, डॉ अन्नपूर्णा आहूजा, डॉ शेखर प्रशांत, डॉ धृतिमान बैद्य, डॉ मोहम्मद ऐसन रज़ी, डॉ आद्या सिंघल, डॉ ऐश्वर्या धाम, डॉ उदय कुमार, डॉ विपुल कुमार श्रीवास्तव, डॉ सौरव पुरबे, डॉ दीपक कुरुप, डॉ सुभ्रा डे, डॉ एम.डी. ज़ैघम रज़ा, डॉ अनुभूति, डॉ अविनाश सिन्हा, डॉ शाज़िया महरीन, डॉ गुरिंदर कौर, डॉ ऋषिता मजूमदार, डॉ प्रशांत एस. पाटिल डॉ देबाशीष बसाक, डॉ सौवीर मोहन पांडे, डॉ दया शंकर मिश्रा, पाटिल सहित बड़ी संख्या में छात्र- छात्राएं शामिल रहे।

### पंचायत पहुंचा सरकार आपके द्वार,लोगों की उमड़ी भीड़

**बरकट्ठा।** प्रखंड मुख्यालय स्थित बरकट्ठा उतरी पंचायत भवन में सरकार आपके द्वार शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बीडीओ रोशमा डुंगडुंग, अंचलाधिकारी श्रवण कुमार झा, मुखिया प्रमीला देवी, पंसस प्रीती गुप्ता,बीस सूत्री अध्यक्ष प्रदीप प्रसाद, बीस सूत्री उपाध्यक्ष कुदुश अंसारी ने दीप प्रज्वलित कर किया। शिविर में कुल 760 आवेदन आए, जिसमें 207 का ऑन द स्पॉट निष्पादन किया गया। जबकि 553 प्रोसेस में रखा गया। बरकट्ठा उतरी पंचायत शिविर में सबसे अधिक आवेदन अबुआ आवास योजना के लिए 248, मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना 84 सावित्री फुले किशोरी समृद्धि योजना 10, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना 27, सर्वजन पेंशन योजना 600समेत कई आवेदन प्राप्त हुए।

## कृषि विज्ञान केंद्र, रामगढ़ पहुंचे आईसेक्ट विश्वविद्यालय के विद्यार्थी

नवीन मेल संवाददाता



**हजारीबाग।** आईसेक्ट विश्वविद्यालय, हजारीबाग के कृषि विभाग के स्नातक के छात्र-छात्राओं को कृषि विभाग डीन डॉ अरविंद कुमार की निगरानी में एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण पर कृषि विज्ञान केंद्र, रामगढ़ भेजा गया, जहां विद्यार्थी कृषि कार्यों में ड्रोन तकनीक की बारीकियों से अवगत हुए। आईसेक्ट विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद ने बताया कि कृषि विभाग के सभी सेमेस्टर के विद्यार्थियों को समय-समय पर शैक्षणिक भ्रमण के जरिए जलवायु परिवर्तन, मिट्टी की उपयुक्तता, मौसम का प्रभाव सहित अन्य जानकारियों से अवगत कराया जाता है। साथ ही कृषि से संबंधित प्रशिक्षण भी कृषि विज्ञान केन्द्रों में करायी जाती है ताकि किताबी ज्ञान के साथ साथ प्रैक्टिकल नॉलेज भी विद्यार्थियों को पढ़ाई के दौरान ही मिल सके। बता दें कि तय कार्यक्रम के मुताबिक कृषि विज्ञान केंद्र, रामगढ़ में संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसकी शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस दौरान वरीय वैज्ञानिक डॉ सुधांशु शेखर ने कृषि विज्ञान केंद्र की गतिविधियां व शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में फसलों की देखभाल से संबंधित विस्तृत जानकारियां विद्यार्थियों को दी। वहीं आईसेक्ट विश्वविद्यालय के कृषि विभाग डीन डॉ अरविंद कुमार ने विश्वविद्यालय की कार्य प्रगति एवं कृषि की पढ़ाई के बाद इस क्षेत्र में रोजगार की संभावनाओं पर विस्तार से चर्चा किया। डॉ खेरेवार एवं शनि कुमार ने नैनो खाद संबंधित जानकारी दी। आईसीएआर पूर्वी क्षेत्र अनुसंधान परिसर, पटना के कृषि वैज्ञानिक डॉ प्रेम सुंदरम व डॉ पवन कुमार ने तफ्सील से ड्रोन टेक्नोलॉजी के उपयोग और वर्तमान समय में इसकी उपयोगिता को लेकर चर्चा की। शैक्षणिक भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों को कृषि उपकरणों की जानकारी के साथ साथ इसके उपयोग के तरीके भी बताए गए।

### कल्हाबाद में दुर्गा पूजा धूमधाम से मनाने को लेकर कमेटी गठित

**बरकट्ठा।** प्रखंड के कल्हाबाद सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति के द्वारा प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी दुर्गा पूजा धूमधाम से मनाने को लेकर बैठक आयोजित की गई और कमेटी का गठन किया गया। बैठक की अध्यक्षता कृष्णदेव प्रसाद व संचालन गोरखनाथ पांडेय ने किया । बैठक में मुख्य रूप से प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी दुर्गा पूजा धूमधाम व शांतिपूर्ण वातावरण में मनाने को लेकर अनेकों बिंदुओं पर बारीकी से चर्चा परिचर्चा की गई। बैठक में उपस्थित गांव के बुद्धिजीवी वर्ग के व्यक्ति ,जनप्रतिनिधिगण व यूवकों ने अपना अपना मंतव्य दिया और सर्वसम्मति से अध्यक्ष पद के लिए छोटेलाल प्रसाद मेहता एवं सचिव पद के लिए किशुन राम का चयन किया गया ।वहीं कोषाध्यक्ष के रूप में महेंद्र राम व सहयोगी उपाध्यक्ष के रूप में द्वारिका राम,तथा उप सचिव के रूप में भीम कुमार का चयन किया गया।

## एक नजर

### पूर्व प्रमुख रैमन बाः की बेटी के असमायिक निधन पर विधायक जताया शोक

**सिमडेगा।** कांग्रेस नेता सह पूर्व प्रमुख रैमन बाः की बेटी पल्लवी बाः का मंगलवार को निधन हो गया। पल?लवी गुमला स्थित इंटर कॉलेज में इंटर कक्षा में पढ़ाई कर रही थी। मंगलवार को पल्लवी की तबियत खराब हुई। इसके बाद परिजनों ने उसे शहर के एक निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मंगलवार को उनका अंतिम संस?कार पाकरटांड़ प्रखंड के खंजालोया स्थित काड़ामुखा में किया गया। मौके पर कई पुरोहितों की उपस्थिति में मिस्सा पूजा हुई। जहां दिवंगत के आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई। उनके अंतिम संस्कार कार्यक्रम में जिप सदस्य जोसिमा खाखा भी शामिल हुई। साथ ही परिजनों को ढांढ़स बंधाते हुए इस दुख की घड़ी में साथ खड़ा रहने का आश्वासन दिया।

### कीटनाशक पीकर व्यक्ति ने की आत्महत्या

ठेठईटांगर। थाना क्षेत्र के राजबासा बिडियम टोली गांव में कीटनाशक पीकर सुदर्शन लुगुन नामक व्यक्ति ने आत्महत्या कर ली। मिली जानकारी के अनुसार सुदर्शन अपनी पत्नी हर्षिता के साथ बाजार गया था और लौट के बाद घर पर था और पत्नी खाना बना रही थी। इसी दौरान किसी बात को लेकर घर में रखे कीटनाशक का सेवन कर लिया और उसकी तबीयत बिगड़ गई तुरंत उसे परिवार वालों ने इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां पर इलाज के क्रम में उसकी मौत हो गई। समाचार लिखे जाने तक परिवार वालों ने पोस्टमार्टम नहीं करने की बात करते हुए शव को अपने साथ ले गए।


### मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में रांची चले आज : नील जस्टिन

**बानो।** झारखंड नवनिर्माण दल व ननबैंकिंग कंपनी पीड़ित मंच, बानो-सिमडेगा के बैनर तले मुकेश साहू की अध्यक्षता में बाजारटांड़ में जमाकर्ताओं की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित दल के नेता सह प्रगतिशील मनरेगा मजदूर यूनियन के केंद्रीय प्रभारी नील जस्टिन बेक ने 11 सितंबर 2024 को मुख्यमंत्री के समक्ष आयोजित कार्यक्रम में रांची चलने की अपील की और कहा कि खून पसीने की जमा पैसे आंदोलन के बल पर ही मिलेगा । सहारा इंडिया, एपीलाईन, साईं प्रकाश, पल्स, विश्वामित्र, वेलफेयर, सहित दर्जनों ननबैंकिंग कंपनी में जमा पैसे की जल्द भुगतान की मांग को लेकर बड़ी कोशिश की जा रही है। इस अभियान में जमाकताओं को बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेना होगा तभी मेहनत के पैसे भुगतान की गारंटी हो पाएगी । बैठक में 11 सितंबर 2024 को मुख्यमंत्री के समक्ष कार्यक्रम में बानो क्षेत्र से सैकड़ों की संख्या में रांची चलने तथा 18 सितंबर 2024 को जिला मुख्यालय सिमडेगा में भ्रष्टाचार के खिलाफ व जनसमस्याओं को लेकर आयोजित झारखंड बचाओ रैली सह महापंचायत कार्यक्रम में हजारों की संख्या में सिमडेगा जाने की तैयारी में लगे हैं।

---

भाजपा ने मतदाता सूची में हुई गड़बड़ी को लेकर उपायुक्त से की शिकायत

# मतदान केन्द्रों की गड़बड़ी को शीघ्र दूर किया जायेगा




**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** भाजपा जिला संगठन प्रभारी बबन गुप्ता के निदेर्शानुसार भाजपा जिलाध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक ने उपायुक्त अजय कुमार सिंह से मतदाता सूची में मतदान केंद्रों की गड़बड़ी को लेकर आवेदन सौंपा। उन्होंने बताया कि 25 जुलाई 2024 को निर्वाचन विभाग के द्वारा प्राप्त मतदाता सूची को भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने निरीक्षण किया, तो पाया कि मतदान केंद्रों की दूरी लगभग 5,7 और 10 किलोमीटर है तथा दूसरे पंचायत में भी है। जिससे मतदान केंद्रों तक पहुंचने में मतदाताओं को काफी परेशानी होगी एवं मतदान का प्रतिशत गिरेगा। उन्होंने बताया कि बूथ संख्या 204 सेवई पंचायत उत्क्रमित मध्य विद्यालय दुन्दुकच्छार को टैंसेरा पंचायत के स्वामी श्रद्धानन्द मध्य विद्यायल टैंसेरा में किया गया है जिसकी दूरी 7 किलोमीटर है। इस तरह ही बूथ संख्या 199 एवं अन्य मतदान केंद्रों का भी गड़बड़ है। उन्होंने गड़बड़ मतदाता सूची की छाया प्रति भी सुपुर्द की। साथ हीं मतदाता सूची के अनुसार मतदान केंद्रों का पुनरीक्षण करा कर यथाशीघ्र अनियमितता को संशोधित करते हुए पुनः मतदाता सूची मतदान केन्द्रवार प्रशासन के द्वारा उपलब्ध कराने की बात कही गई है। मौके पर भाजपा जिला महामंत्री दीपक पूरी सहित अन्य उपस्थित थे।

## समग्र शिक्षा के तहत ठेठईटांगर में खेलो झारखंड प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता। ठेठईटांगर** प्रखंड मैदान में स्कूली शिक्षा एव साक्षरता विभाग झारखंड सरकार समर्ग शिक्षा अंतर्गत खेलो झारखंड 2024-25 का अयोजन हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में प्रखंड प्रमुख विपिन पंकज मिंज विधायक प्रतिनिधि मोहम्मद कारू मोहम्मद वहीद उपस्थित हुए। इस खेल में मुख्य प्रतियोगिता एथलेटिक्स, कबड्डी, बॉलीबॉल तीरंदाज फुटबाल हॉकी अयोजन किया गया।प्रखंड प्रमुख विपिन पंकज मिंज ने अपने संबोधन में कहा कि इस तरह का आयोजन से और अधिक खिलाड़ी उभर के सामने आएंगे। देश दुनिया मे परचम लहरायेंगे। सिमडेगा का नाम रोशन करेंगे। राज्य सरकार खिलाड़ियों को उनकी प्रतिभा निखारने के साथ साथ नौकरी देने का काम कर रहे है। विधायक प्रतिनिधि मोहम्मद कारू ने कहा कि लक्ष्य निश्चित हो तो सफलता भी निश्चित है। खेल-खेलने से शारीरिक एवं मानसिक विकास होता है।मौके पर मौजूद शिक्षक तापेश्वर भगत,राजेश कुजूर, गोल्ड मिल्टन बाड़ा, विजय सोरेंग, नेल्सन मुंडू, मियुस डुंगडुंग, निर्मल बड़ा, अतुल केरकेट्टा, बसंत तिर्की, रजत टेटे, संजय कुमार, विजय कुमार पाण्डेय, डेविड कंडुलना, पत्रिक केरकेट्टा, आदि उपस्थित थे।

## न्यूज | बॉक्स

### एसएस प्लस टू उच्च विद्यालय बानो में खेलो झारखंड प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**बानो ।** एस एस+2उच्च विद्यालय बानो के प्रांगण में खेलो झारखंड प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें प्रखण्ड के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया ।सभी को एथलेटिक्स गेम कराया गया। प्रतियोगिता में क्रमश प्रथम एवं द्वितीय, तृतीय विजेता को पुरस्कृत किया गया। मौके पर प्रखण्ड विकास पदाधिकारी नईमुद्दीन अंसारी बीपीओ अनिल खलखो द्वारा सभी विजेता प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र दिया गया। बीडीओ ने कहा कि विद्यालयों में इस तरह कार्यक्रमों में अवश्य भाग लेना चाहिए। विद्यालय के शिक्षक भी अपने अपने विद्यालयों में अभ्यास कराते रहें। मौके पर शिक्षक नवल किशोर सिंह, आशीष कुमार पांडे, देवदर्शन बड़ाईक, दिनेश बड़ाईक, परमानंद ओहदार, मणिशंकर कर्ण, आनंद कुमार सिंह, मुकेश साहू, रविंद्र सिंह, जोसेफ, गोपाल डांग, घनश्याम साहू घनश्याम साहू, बालगोविंद पटेल, मनोज कुमार महतो, बिरेश कुमार, सुनील बागे आदि लोग उपस्थित थे।

### 29 सितंबर को होने वाले जन जागरण पदयात्रा को लेकर आजसू ने की बैठक




**सिमडेगा।** बैठक में विभिन्न विषयों पर विचार विमर्श एवं चर्चा किया गया और आने वाले 29 सितंबर 2024 दिन रविवार को सिमडेगा में जन जागरण पदयात्रा सह युवा सम्मेलन समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया जाना तय किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से झारखंड सरकार के पूर्व उपमुख्यमंत्री केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो केंद्रीय मुख्य प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत, गिरिडीह के लोकप्रिय सांसद सह आजसू पार्टी के केंद्रीय उपाध्यक्ष चंद्र प्रकाश चौधरी, केंद्रीय उपाध्यक्ष हसन अंसारी, सिमडेगा जिला के प्रभारी गोपीनाथ सिंह, झारखंड छात्र संघ प्रदेश अध्यक्ष ओम वर्मा यूथ प्रदेश संयोजक गौतम सिंह एवं जब्बार अंसारी मुख्य रूप से शामिल होंगे। जन जागरण पदयात्रा सह युवा सम्मेलन कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए जिला के सभी केंद्रीय पदाधिकारी जिला कमेटी के पदाधिकारी जुट जाने के लिए जिला अध्यक्ष के द्वारा अपील किया गया। इस मौके पर जिला सचिव विकास बड़ाइक एवं प्रवक्ता शिवनाथ डेहरी उपस्थित रहे।

### डेढ़ साल बाद सरखुटोली गांव से दूर हुआ अंधकार, गांव में लगा नया ट्रांसफार्मर



**सिमडेगा।** भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश प्रवक्ता मार्गेट बा पिंकी के अथक प्रयास से पाकरटांड प्रखंड के कैरबेड़ा पंचायत अंतर्गत सरखुटोली गांव में नया ट्रान्सफार्मर लग गया। डेढ़ साल से ट्रान्सफार्मर खराब होने के कारण अंधेरा में गांव था। नया ट्रान्सफार्मर का उद्घाटन मार्गेट बा पिंकी सहित ग्रामीणों ने संयुक्त रूप से किया। ग्रामीणों में नया ट्रान्सफार्मर लग जाने से उत्साह देखा गया। साथ हीं गांव वालों ने मार्गेट बा पिंकी का आभार व्यक्त किया। कहा कि आज से पहले इतनी जल्दी गांव की समस्या का समाधान होते नही देखा। आज आपके सहयोग से हम सभी के लिए गर्व की बात है कि हमारे गाँव मे पुनः बिजली आ गई। भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश प्रवक्ता ने बिजली विभाग की सराहना की, कहा कि गांव की बिजली समस्या को दूर करने में कार्यपालक अभियंता ने ग्रामीणों का सहयोग किया। आगे कहा कि गांव की समस्या को दूर करने के लिए हमेशा मैं प्रयासरत रहूंगी। राज्य में भाजपा की सरकार बनते हीं, सुदूरवर्ती गांव तक बिजली समस्या से निजात दिलाने का कार्य किया जाएगा। सरखुटोली गांव में लंबे समय के बाद यहां के ग्रामीणों को अंधेरे से अब मुक्ति मिल गई है।

### जनता दरबार में डीसी ने फरियादियों की सुनी समस्याएं

**कोडरमा।** फरियादियों की समस्याओं के समाधान और त्वरित निष्पादन को लेकर मंगलवार को डीसी मेघा भारद्वाज ने अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया। इस दौरान जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों ने जनता दरबार में आकर अपनी-अपनी समस्याओं को डीसी के सामने रखा। इस दौरान डीसी ने सभी लोगों से एक-एक कर उनकी समस्याएं सुनी और भरोसा दिया कि संज्ञान में आए हुए सभी शिकायतों की जांच कराते हुए जल्द से जल्द सभी का समाधान किया जाएगा। जनता दरबार में वृद्ध पेंशन,अबुआ आवास योजना का लाभ दिलाने, हरा राशनकार्ड को लाल कार्ड में परिवर्तन करने, जमीन पर जबरन कब्जा करने समेत कई मामलों में आवेदन दिया। ऐसे में जनता दरबार में सभी शिकायतकर्ता की समस्याओं को सुनने के बाद डीसी ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश कर कहा कि सभी आवेदनों का भौतिक जांच करते हुए उसका समाधान जल्द से जल्द करें।

आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम में शामिल हुए विधायक, कहा

## सरकार की योजनाओं का लाभ उठायें ग्रामीण

*कांग्रेस महागठबंधन की सरकार ने एक से बढ़कर एक योजना आपके लिए जनहित में लाई है*



**नवीन मेल संवाददाता। कोलेबिरा** प्रखंड के नवाटोली पंचायत मे आयोजित आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत पंचायत स्तरीय शिविर में मंगलवार को कोलेबिरा विधायक नमन बिक्सल कोनगाड़ी शामिल हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि हमारी-आपकी की गठबंधन सरकार आम जनता को देखते हुए यह कार्यक्रम बनाया कि प्रदेश के लोग सुदूर जंगलों पहाड़ों में निवास करते हैं। लोग अपने कामों सरकारी योजनाओं से लाभान्वित होने के उद्देश्य से प्रखंड अंचल पहुंच नहीं पाते हैं। फलस्वरूप आमजनता योजनाओं के लाभ से वंचित रह जाते हैं। यही सब ध्यान में रखते हुए आपकी सरकार ने योजना बनाई और आपके द्वार पर सरकारी महकमा, उनके पदाधिकारियों को आपके द्वार पर लाकर खड़ा कर दिया। जिससे कि आप बिचौलियों से बचते हुए लाभ उठा पाएं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस महागठबंधन की सरकार ने एक से बढ़कर एक योजना आपके लिए जनहित में लाई है। जो पूर्ववर्ती सरकार नहीं ला सकी। अभी 200 यूनिट बिजली माफी योजना, मइया सम्मान योजना, सर्व जन पेंशन योजना, मुख्यमंत्री गाड़ी ग्राम योजना,200 लाख तक केसीसी लोन माफी योजना आदि शामिल हैं। उन्होंने कहा आप लोगों के सहूलियत के लिए सभी विभाग का स्टाल लगा हुआ है फार्म भरकर लाभ उठाएं। सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं से ग्रामीण पूरी तरह से लाभ उठायें और जीवन को बदल डालें। कार्यक्रम में प्रखंड अध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि सुलभ नेल्सन डुंगडुंग, मंडल अध्यक्ष राकेश कोनगाड़ी, अमृत डुंगडुंग, बीनिता जोजो कोनगाड़ी आदि मौजूद थे।

### भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा जिला समिति का हुआ विस्तार

**सिमडेगा।** भाजपा जिलाध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक के निर्देश पर अनुसूचित जनजाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष राकेश रविकांत ने अनुसूचित जनजाति मोर्चा जिला कार्य समिति एवं मंडल अध्यक्षों की घोषणा की है,और उम्मीद जताई है कि नियुक्त किये गए पदाधिकारी तन मन धन से संगठन मजबूती के लिए कार्य करेंगे। कार्यसमिति और मंडल अध्यक्ष की घोषणा होते ही भाजपा कार्यकर्ताओं नवनियुक्त पदाधिकारी को बधाई दी है। बधाई दिए जाने वालों जिला अध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक, संगठन प्रभारी बबन गुप्ता, पूर्व मंत्री विमला प्रधान, सुशील श्रीवास्तव दिपक पुरी, अनूप प्रसाद, श्रद्धानन्द बेसरा, सुजान मुंडा मनोज साय, प्रणव कुमार, रामविलास बड़ाईक, रवि गुप्ता तुलसी साहु, नरेंद्र बड़ाईक, कृष्णा ठाकुर ,संजय ठाकुर आदि शामिल है।

## झारखंड आंदोलनकारी नेता दुर्गा सोरेन की जयंती पर झामुमो ने किया याद



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** झामुमो सिमडेगा द्वारा झारखंड राज्य आंदोलन के अग्रणी योद्धा, झामुमो के महान नेता स्व. दुर्गा सोरेन की जयंती पर श्रद्धांजलि दी। मंगलवार को जिला सचिव के आवास पर आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष एवं जिला सचिव ने कहा कि उनके बताएं मार्ग पर चलने की आवश्यकता है। मौके पर जिला जिला अध्यक्ष अनिल कांडुलना, जिला सचिव सफीक खान, जिला कोषाध्यक्ष नोवास केरकेट्टा, जिला संगठन सचिव कल्याण मिंज, जिला युवा मोर्चा सचिव राजेश टोप्पो, किसान मोर्चा अध्यक्ष सुनील सुरीन, बुद्धिजीवी मोर्चा अध्यक्ष इरशाद आलम, व्यसायिक मोर्चा अध्यक्ष साबिर अंसारी, नगर उपाध्यक्ष मो सिकंदर,नागर कोषाध्यक्ष विकास कांडूलना,मो जावेद वार्षि,साकिब आलम, रुस्तम खान, नौसद आलम, अकीब जावेद, मो साबिर, अहमद रजा, लारेंस बागे, अमजद ओहदार और अनिल लुगुन आलोक बारला और काफी संख्या में झामुमो नेता उपस्थित रहें।

## विवेकानंद शिशु विद्या मंदिर लचरागढ़ में नौवीं कक्षा की छात्रा बनी एक दिन की प्रधानाचार्य



**नवीन मेल संवाददाता। कोलेबिरा** विवेकानन्द शिशु/विद्या मंदिर लचरागढ़ के कक्षा नवम की छात्रा शिखा कुमारी को एक दिन का प्रधानाचार्य बनाया गया। उनके आगमन पर प्रधानाचार्य राजेन्द्र साहु ने पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया।सभी आचार्य-आचार्या और किशोर एवम कन्या भारती के छात्र-छात्राओं ने तालियों की गड़गड़ाहट से स्वागत किया। तत्पश्चात राजेन्द्र साहू ने प्रधानाचार्य की कुर्सी पर बैठाया। उसके बाद आचार्यों का पाठ योजना में हस्ताक्षर की।और वंदना सभा में दीप प्रज्वलित कर छात्र छात्रों को संबोधित की प्रत्येक कक्षा में जाकर कक्ष निरीक्षण की।कई अभिभावक समिति के पदाधिकारी भी मिलने आए और सकारात्मक चर्चा हुई।और कक्षा दशम में इंग्लिश पढ़ायी और आज के समय में इंग्लिश के महत्व को समझायी। किशोर भारती कन्या भारती के भैया-बहनों के साथ बैठक कर अपने विभाग का सफल संचालन का निर्देश दिया गया। अंत में आचार्यों के साथ बैठक हुई जिसमें आज के प्रधानाचार्य द्वारा कई महत्वपूर्ण सुझाव दिया गया।बैठक में सभी आचार्य-आचार्या उपस्थित थे और शिखा कुमारी के उज्ज्वल भविष्य की कामना किया गया।

### छात्राओं को मिला सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना का लाभ

**कोडरमा।** आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के तहत मंगलवार को प्रखंडों की पंचायतों में शिविर लगाया गया। इस दौरान बीडीओ, सीओ समेत स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने महिलाओ, बहनों को मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का स्वीकृति पत्र, स्कूली बच्चियों को सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना का स्वीकृति पत्र दिया गया। स्कूली बच्चिमनरेगा जॉब कार्ड, जेएसएलपीएस की सखी दीदियों को आई कार्ड, क्रेडिट लिंकेज का चेक आदि का वितरण किया गया।

सिमडेगा पुलिस की ओर से नगर भवन में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का हुआ आयोजन

# पुलिस व पब्लिक के बीच की दूरी को कम करने का यह प्रयास है : पुलिस महानिरीक्षक





**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** सिमडेगा पुलिस की ओर से नगर भवन में राज्य के डीजीपी के निर्देश अनुसार जन शिकायत समाधान शिविर का आयोजन किया गया शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में पुलिस महानिरीक्षक सीआईडी असीम विक्रांत मिंज, एसपी सौरभ , अनुमंडल पदाधिकारी सुमंत तिर्की जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव मरियम हेमरोम, एसडीपीओ एवं अंचल अधिकारी के द्वारा दीप प्रज्वलित करते हुए कार्यक्रम की शुरूआत की। इस मौके पर सर्वप्रथम कस्तूरबा गांधी विद्यालय कोलेबिरा की छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से डायल 112 एवं जन शिकायत समाधान से संबंधित नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को जागरूक किया। इसके अलावा प्रचलित बिहार नुक्कड़ नाटक की टीम ने शराब से होने वाली समस्या एवं सड़क दुर्घटना रोकथाम के लिए नुक्कड़ नाटक दिखाकर लोगों को जागरूक किया। इस मौके पर अपने संबोधन में पुलिस महानिरीक्षक सीआईडी असीम विक्रांत मिंज ने कहा कि राज्य में पुलिस की छवि को बेहतर बनाने और पुलिस और पब्लिक के बीच में दूरियों को कम करने का यह प्रयास है, जिससे कि जो लोग थाना आने से डरते हैं या फिर लोगों के बीच में पुलिस के प्रति जो छवि है उसे समाप्त करने के उद्देश्य से पुलिस लोगों के समस्याओं को गांव तक जाकर उनके दरवाजे तक जाकर सुनने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि कई बार थाना में जाने के बाद शिकायत दर्ज नहीं हो पाती थी लेकिन आप शिकायत करने के बाद तुरंत उन्हें पावती रसीद प्राप्त होगी और उसे शिकायत के आलोक में क्या कार्रवाई हुई यह सूचना पीड़ित व्यक्ति तक देने का प्रयास किया जाएगा। एसपी सौरभ ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि सिमडेगा पुलिस हमेशा से सामुदायिक पुलिसिंग को विशेष प्राथमिकता देने का प्रयास की है और पुलिस महानिदेशक के निर्देश पर इस प्रकार के कार्यक्रम करने से जिले में पुलिस के प्रति लोगों का विश्वास बढ़ा है।

### बासेन मुखिया सत्या देवी बनी भाजपा महिला मोर्चा केरसई मंडल की अध्यक्ष

**केरसई।** भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक के निर्देश पर भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष सुषमा देवी ने बासेन मुखिया सत्या देवी को केरसई भाजपा महिला मोर्चा का मंडल अध्यक्ष नियुक्त किया है एवं आशा जताई है कि उनके नेतृत्व में केरसई मंडल में महिला मोर्चा मजबूत होकर संगठन के लिए कार्य करेगी।सत्या देवी के महिला मोर्चा अध्यक्ष बनने पर मंडल के पदाधिकारी ने सत्या देवी को बधाई और शुभकामनाएं दी है । बधाई देने वालों में मंडल अध्यक्ष मानकीलाल मंडल, प्रभारी मनोज साय, जिला उपाध्यक्ष प्रणव कुमार, जिला मीडिया प्रभारी रवि गुप्ता, प्रमुख तरण भोय, भाजयुमो जिला मीडिया प्रभारी गौतम कुमार, ओबीसी मोर्चा जिला महामंत्री दिनेश प्रसाद बुलेश्वर प्रसाद, कैलाश मेहर, सुधीर मांझी, देवनारायण डेहरी, रामचन्द्र मांझी ,जुगेश्वर मांझी फूलेशर प्रधान ,सागर पहान ,सहित सभी लोगों ने नवनियुक्त महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष सत्या देवी को बधाई दी।

विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस के मौके पर जागरूकता कार्यक्रम का हुआ

# आत्महत्या किसी भी समस्या का समाधान नहीं : संतु बड़ाईक



*आत्महत्या करने वाले व्यक्ति की बातें व्यवहार तथा मन की स्थिति से इन्हें पहचाना जा सकता है*

**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** संत जेवियर कॉलेज सिमडेगा में मंगलवार को विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया । यह कार्यक्रम सदर अस्पताल सिमडेगा के जिला मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम विभाग द्वारा किया गया क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट संतु बड़ाईक ने कहा कि आत्महत्या किसी भी समस्या का समाधान नहीं है। उन्होंने कहा कि आत्महत्या करने वाले व्यक्ति की बातें व्यवहार तथा मन की स्थिति से इन्हें पहचाना जा सकता है। व्यक्ति आत्महत्या करने से पहले चेतावनी भरे संकेत देता है जैसे अंतिम कॉल या मैसेज व्यक्ति अंतिम कॉल या मैसेज इसलिए करता है क्योंकि व्यक्ति आत्महत्या करना नहीं चाहता है। वह चाहता है कि हमें कोई रोके। अगर व्यक्ति एक बार आत्महत्या करने की कोशिश की है तो आत्महत्या करने की प्रवृत्ति बनी रहती है। साथ-साथ उन्होंने आत्महत्या करने वाले व्यक्ति अलग-अलग कारणों लक्षणों एवं उपाय के बारे में विद्यार्थियों को जानकारी दी। मनोरोग नर्स माधुरी कुमारी ने कहा कि आत्महत्या से संबंधित किसी भी मदद या जानकारी या रोकथाम हेतु हेल्पलाइन नंबर 14416 पर 24 घंटे सेवा उपलब्ध की गई है। यहां विशेषज्ञ द्वारा उचित मार्गदर्शन और सलाह दिए जाते हैं। इस मौके पर दीपक कुमार प्रसाद ,अनुग्रह तिर्की ,राहुल कुमार संदीप आदि उपस्थित थे।

# सरकार की योजनाओं पर लोगों की प्रतिक्रिया और सुझाव लेने आया हूं



**नवीन मेल संवाददाता। पाकुड़** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार मंगलवार को पाकुड़ जिला के लिट्टीपाड़ा प्रखण्ड स्थित सोनाधनी पंचायत में ग्रामीणों के साथ संवाद किया। मौके पर कहा कि वे यहां पर सरकार की योजनाओं के कार्यान्वयन पर लोगों की प्रतिक्रिया और सुझाव प्राप्त करने आए हैं। उन्होंने बताया कि पहले योजनाओं के लिए आवंटित धन का केवल एक छोटा हिस्सा ही जनता तक पहुंचता था, लेकिन आज की स्थिति पूरी तरह बदल गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस बात पर विशेष ध्यान देते हैं कि योजनाओं का 100% लाभ लोगों तक पहुंचे। राज्यपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत निःशुल्क गैस कनेक्शन दिया गया है और हर घर नल योजना के माध्यम से सभी को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के लिए सरकार सतत प्रयासरत है। प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत लाभुकों को गुणवत्तापूर्ण आवास दिए जा रहे हैं। आयुष्मान भारत योजना के तहत 5 लाख रुपये तक का निःशुल्क इलाज उपलब्ध है। साथ ही, स्वंय सहायता समूह के माध्यम से महिलाओं का सशक्तिकरण हो रहा है। आज गांव-गांव तक बिजली पहुंच गई है। राज्यपाल ने ग्रामीणों की समस्याओं को भी सुना। ग्रामीणों ने इंटर तक के लिए आवासीय स्कूल की मांग की, सिंचाई की समस्याओं का समाधान करने और सड़कों के निर्माण की आवश्यकता को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि स्कूल जाने के लिए सड़क के निर्माण से बच्चों को सुविधा होगी।

### राज्यपाल ने हूल क्रांति के अमर महानायकों को दी श्रद्धांजलि

## शहीदों के वंशजों से की भेंट

**नवीन मेल संवाददाता। साहिबगंज** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने मंगलवार को साहिबगंज में सिदो कान्हू मुर्मू पार्क, अमर शहीद सिदो- कान्हू, चांद-भैरव और फूलो-झानों की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर राज्यपाल ने शहीदों के वंशजों से भेंट की।



## एक नजर

### तीन महीने में पांच हजार सदस्य बनाएगा खाद्यान्न व्यवयासी संघ

**धनबाद।** धनबाद जिला खाद्यान्न व्यवसायी संघ अपने संगठन को पुनर्णठन और सुदृढ़ करेगा। इसके लिए जिला में सदस्यता अभियान चलाया जाएगा। अगले तीन महीने में पांच हजार सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा गया है। यह जानकारी संघ के अध्यक्ष विनोद गुप्ता और महासचिव विकास कुमार कंधवे ने दी। दोनों गांधी सेवा सदन में आयोजित प्रेस कान्फ्रेंस में पत्रकारों से मुखातिब थे। जिला चैंबर के अध्यक्ष चेतन गोयनका, महासचिव अजय नारायण लाल, खाद्यान्न व्यवसायी संघ के कोषाध्यक्ष अरूण साव आदि की मौजूदगी में आयोजित इस कॉन्फ्रेंस में बताया गया कि धनबाद जिला खाद्यान्न व्यवसायी संघ को सशक्त करने के लिए जिला भर में सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है।

### मंत्री पुत्र रोहित उरांव के प्रयास से मरीज का हो रहा आईसीयू में इलाज

**लोहरदगा।** भंडरा प्रखंड के ग्राम अकासी निवासी भैया आनंद नाथ सहदेव की पत्नी अन्नपूर्णा देवी उम्र 50वर्ष विगत कुछ दिनों से गंभीर बीमारी से ग्रसित है। जिसके ईलाज के लिए परिजनों के द्वारा रांची रिम्स में भर्ती किया गया।परिजनों के द्वारा माननीय विधायक लोहरदगा सह मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव के पुत्र युवा नेता रोहित उरांव से संपर्क किए एवं उनके परिजनों के द्वारा बेहतर इलाज के बात की गई। जिसमे रोहित उरांव के द्वारा तत्काल अपने तरफ से आर्थिक सहायता के साथ अस्पताल प्रबंधक से बात कर डॉक्टर एवम अपने अस्पताल प्रभारी खान को रिम्स अस्पताल में उचित ईलाज की बात किए। इसके साथ ही त्वरित कार्य करते हुए मरीज के स्थिथि को देखते हुवे मरीज को स्पेशल आईसीयू की व्यवस्था किया गया।रोहित उरांव के द्वारा किया गया जो लगभग 18 घंटो से अस्वस्थ थे उससे आईसीयू की बेवस्था किया गया।

### चैनपुर थाना परिसर में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**चैनपुर।** चैनपुर थाना परिसर में मंगलवार को जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें आमजनों की समस्याओं को सुनते हुए उनका समाधान जल्द करने की बात कही गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में चैनपुर अनुमंडल पदाधिकारी पूर्णिमा कुमारी के साथ चैनपुर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अमिता लकड़ा ने उपस्थित सभी ग्रामीणों की समस्याओं को सुना जन शिकायत समाधान कार्यक्रम में कुल 18 मामले आए जिसमें अधिकतर मामले जमीन विवाद से जुड़े हुए थे। और कुछ लोगों यौन शोसन सहित बैंक पासबुक संबंधित मामले भी रखा जिसपर सभी समस्याओं को सुनते हुए पदाधिकारीयों ने जल्द मामले का निष्पादन करने की बात कही। कार्यक्रम में मुख्य रूप से चैनपुर मुखिया शोभा देवी, कातिंग मुखिया मधुरा मिंज, जिप सदस्य मेरी लकड़ा, सीओ दिनेश कुमार सहित सभी थाना स्टाफ एवं आमजन उपस्थित थे।

### आपकी शिकायत की लगातार मॉनीटरिंग होगी, समाधान होगा : एसपी हारिस बिन जमां

**लोहरदगा।** पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां ने कहा कि जन शिकायत समाधान कार्यक्रम आम लोगों और पुलिस के बीच के संबंध को और विश्वसनीय बनाने के लिए चलाया जा रहा है। आप जब कोई शिकायत दर्ज कराएंगे तो उसकी की संख्या जेनरेट होगी। उसके बाद उसकी मॉनिटरिंग की जाएगी। जो भी शिकायत प्राप्त होगी उसका समाधान किया जाएगा। आप अपनी शिकायत मोबाईल नंबर (9470546635) एवं ईमेल से भी दर्ज करा सकते हैं। आप जो भी शिकायत दर्ज करायें उसकी पावती रसीद अवश्य प्राप्त करें। कार्यक्रम में डीएसपी समीर तिर्की, सभी थाना प्रभारी समेत बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित थे। सभी के सहयोग से कम हुआ नक्सलवाद एवं उग्रवाद लोहरदगा जिला में नक्सलवाद और उग्रवाद सभी के सहयोग से कम हुआ है। एक समय लोहरदगा जिला में यह समस्या बहुत अधिक थी। इसके प्रभाव को कम करने के लिए कई लोगों ने अपने प्राण न्यौछावर किये।

## बच्चे के लिए मौत का दरवाजा बना दुमका के गांधी मैदान का गेट



**नवीन मेल संवाददाता। दुमका** झारखंड की उपराजधानी दुमका के गांधी मैदान का मुख्य गेट टूट कर गिर गया. इसकी चपेट में आकर एक बालक की मौत हो गई. इस घटना से आक्रोशित लोगों ने बच्चे के शव के साथ सड़क जाम कर दिया.

**माता-पिता का एकलौता पुत्र था आशीष :** दरअसल, गांधी मैदान के मुख्य द्वार पर लोहे का गेट लगा हुआ है. मंगलवार को जिस पर चढ़कर आसपास रहने वाले कुछ बच्चे खेल रहे थे. इसी बीच गेट टूट कर गिर गया, जिसमें 10 वर्षीय बालक आशीष कुमार रजक दबकर गंभीर रूप से घायल हो गया. परिजनों और स्थानीय लोगों की मदद से उसे तुरंत में फूलो झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया. इस हादसे में मारा गया बालक आशीष कुमार अपने माता-पिता का एकलौता पुत्र था, यह परिवार अत्यंत गरीब है.

**आक्रोशित लोगों ने किया सड़क जाम :** फूलो झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल से जैसे ही आशीष का शव डंगालपाड़ा मोहल्ला स्थित उसके घर लाया गया, आसपास के लोग काफी आक्रोशित हो उठे. उन्होंने बच्चे के शव को रोड पर रखकर नगर पालिका चौक स्थित सड़क को जाम कर दिया. लोगों का कहना है कि यह अत्यंत गरीब परिवार है, ऐसे में इन्हें उचित मुआवजा दिया जाए. साथ ही उनकी मांग यह भी थी कि जिस सरकारी विभाग और संवेदक के द्वारा गांधी मैदान का यह लोहे का गेट लगाया गया है, उनके खिलाफ कार्रवाई हो.

**क्या कहते हैं थाना प्रभारी :** इस मामले पर नगर थाना प्रभारी अमित लकड़ा का कहना है कि गांधी मैदान का गेट टूटने से एक बालक की मौत हुई है. इसको लेकर लोगों ने सड़क जाम किया है।

### हेलीकॉप्टर के चक्कर में महिला का टूटा हाथ, सदर अस्पताल में हुआ इलाज

**गिरिडीह।** गांडेय प्रखंड के कुंडलवादाह पंचायत में सोमवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन हुआ. इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के साथ मंत्री सत्यानंद भोक्ता, मंत्री बेबी देवी, मंत्री इरफान अंसारी के साथ विधायक कल्पना सोरेन के अलावा कई नेता पहुंचे. यहां हेलीकॉप्टर देखने के चक्कर में एक महिला का हाथ टूट गया. दरअसल, मुख्यमंत्री का हेलीकॉप्टर जब लैंड करने वाला था तो उसे देखने के लिए दौड़ पड़े।

## न्यूज बॉक्स

### मृतका के पति और बेटी पर लगा हत्या का आरोप

**कुडू/लोहरदगा।** कुडू थाना क्षेत्र की 33 वर्षीय उरांव महिला की संदिग्धावस्था में मौत मामले में सनसनीखेज और आश्चर्यजनक खुलासा हुआ है। मृतका के पति और बेटी ही हत्यारा निकले। कुडू पुलिस ने पति को लोहरदगा जेल भेज दिया है वही उसकी 16 वर्षीय नाबालिग बेटी को निरुद्ध कर मंगलवार को बाल सुधार गृह भेज दिया। ज्ञात हो कि शुक्रवार की रात मंगल उरांव( बदला हुआ नाम ) और उसकी पत्नी संध्या उरांव( बदला हुआ नाम) खाना खाकर अपने कमरे में सोने गए थे। शनिवार सुबह जब संध्या उरांव काफी देर तक नही उठी तो घरवालों ने देखा वह मृत पड़ी हुई है। इसके बाद महिला के मायके वालों ने कुडू पुलिस को लिखित आवेदन देकर उसके पति पर गला दबा कर हत्या करने का आरोप लगाया था। घटना की सूचना मिलने पर कुडू थाना के सअनी सुरेश उरांव पुलिस बल के साथ घटनास्थल पहुचकर शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल लोहरदगा भेज दिया। पुलिस ने मामले में आरोपित पति को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही थी। पूछताछ में पति ने अपना जुर्म कबूल करते हुए अपनी 16 वर्षीय बेटी के साथ मिलकर पत्नी की गला दबाकर हत्या करने की बात स्वीकार किया। जिसके बाद पुलिस ने बेटी को भी थाना लाकर पूछताछ की तो उसने भी अपराध स्वीकार करते हुए बतायी की उसके साथ मां-पिता दोनों बराबर मार पीट करते थे। उस दिन पिता के कहने पर माँ की गला दबाकर हत्या करने पर पिता की साथ नही देती तो पिता हमको मारते इसलिये दोनों मिलकर गला दबाकर हत्या कर दिया। मामले का खुलासा होने के बाद कुडू पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर मंगलवार को आरोपी पति को जेल और नाबालिक बेटी को बाल सुधार गृह भेज दिया है।

### दोस्ती की आड़ में निभाई दुश्मनी पीट-पीटकर ले ली जान

**धनबाद।** पहले दोस्ती, उसके बाद दुश्मनी, फिर हत्या. हम बात कर रहे हैं झरिया के दो दोस्त पंकज और अभिषेक की. घनुआडीह ओपी क्षेत्र के मोहरीबांध के रहने वाले पंकज निषाद और अभिषेक काफी अच्छे दोस्त थे. किसी बात को लेकर उनमें दुश्मनी हो गई, जिसके बाद अभिषेक ने पंकज की हत्या कर दी. बताया जाता है कि पंकज निषाद और अभिषेक एक समय अच्छे मित्र हुआ करते थे. दोनों की दोस्ती की लोग मिसाल देते थे. दोस्ती कब दुश्मनी में बदल गई। अभिषेक सिंह ने कुछ साथियों के साथ साजिश रची और घटना को अंजाम देने के लिए घनुआडीह क्षेत्र के चूना भट्ठी के स्थान को चुना. पंकज निषाद भगवान गणेश की प्रतिमा का विसर्जन कर अपने घर लौट रहा था. रास्ते में घात लगा कर बैठे अभिषेक सिंह और उसके साथी अंधेरे का फायदा उठाकर पंकज निषाद को सड़क से घसीटते हुए चूना भट्ठा के पास ले गए. अपने साथियों की मदद से अभिषेक ने लकड़ी से पीट पीट कर लहूलुहान कर दिया।


झारखण्ड सरकार
नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग
महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, खूँटी 835210

झारखण्ड सरकार द्वारा संचालित महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, खूँटी में शैक्षणिक सत्र 2024–25–26 में नामांकन लेने हेतु दसवी पास महिला उम्मीदवार जो झारखण्ड राज्य के स्थायी/ स्थानीय निवासी हो। जो आई0 टी0 आई0पोर्टल (https://iti.jhrkhand.gov.in) Admission Module द्वारा Online Registration and Choice Filling दिनांक – 17.09.2024 तक महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, खूँटी में आकर करा सकते हैं। रिक्त सीटों की विवरणी इस प्रकार हैं–

Govt. Women ITI Khunti

| Sl. No | Trade | Vacant Seat | SC | ST | GENERAL | EWS | SMQ | PH |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Electronic Mechanic | 07 | 01 | 04 | 00 | 0 | 01 | 01 |
| 2 | Drone Technician | 19 | 01 | 10 | 04 | 02 | 01 | 01 |

PR 335263 Labour Employment and Traning (24-25)_D

प्रभारी प्राचार्य
महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, खूँटी


## चंपाई सोरेन कोई फैक्टर नहीं, दिख रही हमारी जीत : कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष



*कार्यकर्ताओं का उत्साह आगामी विधानसभा चुनाव में सफलता और विजय का सूचक है*

**नवीन मेल संवाददाता। जमशेदपुर** झारखंड कांग्रेस के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश कोल्हान का दौरा कर रहे हैं. इसी दौरान कांग्रेस कार्यकर्ता हर जगह उनका जोरदार स्वागत कर रहे हैं. कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि कार्यकर्ता संवाद में उत्साह दिख रहा है वह आने वाले चुनाव के सफलता और विजय का सूचक है. बातचीत के दौरान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने बताया की वे 26 अगस्त से झारखंड के सभी जिलों के दौरे पर हैं और कार्यकर्ता संवाद कार्यक्रम के तहत कार्यकर्ताओं की बातों से रूबरू हो रहे हैं. उन्होंने बताया कि कार्यकर्ताओं में काफी उत्साह और जोश है. कार्यकर्ताओं का उत्साह आगामी विधानसभा चुनाव में सफलता और विजय सूचक है. वहीं चम्पाई सोरेन के भाजपा मे शामिल होने पर इंडिया गठबंधन पर होने वाले असर पर उन्होंने कहा कि इससे पहले भी गीता कोड़ा और कई लोगों ने भाजपा ज्वाइन किया है, लेकिन रिजल्ट सामने है. इसलिए किसी के जाने से कोई फर्क नहीं पड़ता है. वहीं झारखंड में सीट शेयरिंग पर उन्होंने कहा कि जल्द ही इसका निर्णय हो जाएगा मिलकर चुनाव लड़ेंगे. कांग्रेस के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष केशव कमलेश महतो सड़क मार्ग से चाईबासा, सरायकेला जिला मे कार्यकर्ता संवाद करने के बाद जमशेदपुर भी पहुंचे. जमशेदपुर पहुंचने के बाद प्रदेश अध्यक्ष बिस्टुपुर स्थित पार्टी कार्यालय तिलक पुस्तकालय पहुंचे और कार्यालय मे थोड़ी देर रुकने के बाद वे कार्यक्रम स्थल की ओर रवाना हो गए. इस दौरान जिलाध्यक्ष आनंद बिहारी दूबे युवा कांग्रेस नेता अजय सिंह और भारी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### जन शिकायत समाधान कार्यक्रम में पुलिस के पास पहुंचे लोग

**बोकारो।** पुलिस ने आज 'जन शिकायत समाधान' कार्यक्रम का आयोजन किया है. इसे लेकर बोकारो के कई जगहों पर नुक्कड़ नाटक सभा कर जन जागरूकता का कार्य किया गया. डीएसपी आलोक रंजन ने बोकारो के दूंदीबाद बाजार में आयोजित जागरूकता कार्यक्रम को संबोधित किया. इस दौरान उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में महिला सुरक्षा एवं गुमशुदा बच्चों से संबंधित मामले सहित जीरो एफआईआर, ऑनलाइन एफआईआर, डायल 112 ,डायल 1930, मानव तस्करी एवं डायन प्रताड़ना, नशीले पदार्थ का सेवन और सामाजिक तत्वों का जमावड़ा, सुरक्षा मूलक उपाय, संपत्ति मूलक अपराध, साइबर अपराध, चिटफंड जैसे मामलों में भी शिकायत की जा सकती है. बोकारो जिले के आईटीआई कैंपस पिंड्राजोड़ा, चास डीवीसी प्लस टू हाई स्कूल चंद्रपुरा, सेक्टर 2ऊकला केंद्र बोकारो और मध्य विद्यालय सिवनडीह, माराफारी में मंगलवार को जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।

## अस्पतालों के चक्कर में हो गई गर्भवती महिला की मौत

### पीजेएमसीएच में भी नहीं हुआ इलाज

इस दौरान काफी समय बीत गया था. फिर काफी प्रयास के बाद दुमका से एंबुलेंस मंगाया गया और रविवार की शाम को प्रिंसिका को लेकर परिजन फूलो झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचे. पिता के अनुसार पीजेएमसीएच में भी बेटी का इलाज नहीं किया गया और चिकित्सक ने उसे बाहर ले जाने की बात कही. गर्भवती बेटी को दूसरी जगह ले जाने के लिए वह अस्पताल से बाहर निकले ही थे कि इसी क्रम में उसकी मौत हो गई।

### सिविल सर्जन ने चिकित्सक को किया शोकॉज

मामले में दुमका सिविल सर्जन डॉ. बच्चा प्रसाद सिंह ने कहा कि जिस डॉक्टर सुमित आनंद की उस वक्त सीएचसी गोपीकांदर में ड्यूटी थी, वे ड्यूटी पर मौजूद नहीं थे. वे रहते तो तुरंत रेफर कर सकते थे. काठीकुंड में सिजेरियन ऑपरेशन की व्यवस्था थी. हमें जब जानकारी मिली थी तो काठीकुंड से एंबुलेंस भिजवाया था. ऐसे में डॉ सुमित से शो-कॉज किया जाएगा. वहां के चिकित्सा प्रभारी से भी मंत्वय मांगा गया है।



**नवीन मेल संवाददाता। दुमका** स्वास्थ्य विभाग की लचर व्यवस्था से गोपीकांदर प्रखंड की एक पहाड़िया गर्भवती महिला की मौत हो गई है. मृतका की पहचान प्रखंड क्षेत्र के कुंडापहाड़ी गांव निवासी प्रिसिंका महारानी के रूप में की गई है.

**अस्पताल-अस्पताल घूमती रही, पर नहीं हुआ इलाज :** जानकारी के अनुसार गर्भवती महिला की हालत बिगड़ने पर परिजन पहले उसे नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र ले गए, लेकिन वहां इलाज नहीं हो सका. फिर परिजन महिला को लेकर गोपीकांदर सीएचसी पहुंचे, लेकिन वहां चिकित्सक नहीं थे. इस कारण महिला को फूलो झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया गया. परिजन किसी तरह जब फूलो झानो मेडिकल कॉलेज पहुंचे तो वहां से भी चिकित्सक ने महिला को रेफर कर दिया. इस दौरान रास्ते में ही महिला ने दम तोड़ दिया. जानकारी के अनुसार गोपीकांदर प्रखंड के कुंडापहाड़ी गांव के पहाड़िया टोला निवसी प्रिसिंका महारानी आठ माह की गर्भवती थी. दो दिन पूर्व शनिवार शाम को उसे दर्द का अहसास हुआ तो उसने परिजनों को जानकारी दी. वह मायके में थी. प्रिसिंका के पिता मंगला देहरी ने उसे नजदीक के दुगार्पुर गांव स्थित स्वास्थ्य केन्द्र ले गए, लेकिन उसे इलाज नहीं मिल पाया.

**गोपीकांदर सीएचसी में डॉक्टर थे नदारद :** इसके बाद रविवार को महिला को गोपीकांदर सीएचसी ले जाने का प्रयास किया गया, लेकिन सूचना देने के बावजूद एंबुलेंस नहीं पहुंची. वहीं बेटी की हालत खराब होता देखकर पिता ने किसी तरह रुपये का बंदोबस्त कर ऑटो मंगवाया और बेटी को गोपीकांदर सीएचसी लेकर पहुंचे. लेकिन अस्पताल में मात्र दो एएनएम ही मौजूद थीं. इस कारण बगैर किसी इलाज के महिला को रेफर कर दिया गया।

### लखनपुर के तीन कुओं में मिला कॉलिफोर्म बैक्टीरिया

**धनबाद।** टुंडी की लझुराडीह पंचायत स्थित लखनपुर गांव के तीन कुएं के पानी में कॉलिफोर्म बैक्टीरिया पाया गया है। यह बैक्टीरिया डायरिया समेत जल जनित बीमारियों का कारण होता है। इन कुओं का पानी पीने से पिछले दिनों गांव के तीन लोग डायरिया के शिकार हो गए थे। इसके बाद आईडीएसपी की टीम ने गांव के तीन कुओं के पानी की जांच जिलास्तरीय वाटर टेस्टिंग लेबोरेटरी में कराई थी। इस जांच में तीनों कुओं के पानी में कॉलिफोर्म बैक्टीरिया पाया गया। बता दें कि लखनपुर के बगल के गांव रामपुर में डायरिया से लगभग 10 लोग बीमार हुए थे। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने इस गांव के पांच कुओं के पानी की जांच कराई थी। सभी कुओं का पानी ठीक था। एहतियात के तौर पर टीम ने पड़ोस के गांव लखनपुर में भी जांच अभियान चलाया था। वहां डायरिया के तीन मरीज मिले थे। इसमें एक बच्ची ठीक हो चुकी थी। एक वृद्ध समेत एक अन्य व्यक्ति बीमार थे।


झारखण्ड सरकार
श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग
फैक्स नं०–0651–2490956 ई० मेल : sec-labour-jhr@nic.in

प्रेस विज्ञप्ति
रॉंची, दिनांक........................

एतद् द्वारा झारखण्ड संयुक्त असैनिक सेवा प्रतियोगिता बैकलॉग परीक्षा (विज्ञापन सं0–27/2017) के माध्यम से झारखण्ड लोक सेवा आयोग द्वारा झारखण्ड नियोजन सेवा के तहत जिला नियोजन पदाधिकारी/नियोजन पदाधिकारी के पद पर नियुक्ति हेतु अनुशंसित अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि नियुक्ति के पूर्व शैक्षणिक/जाति/आवासीय आदि मूल प्रमाण पत्रों का सत्यापन कार्यक्रम दिनांक–13.09.2024 को झारखण्ड मंत्रालय, नेपाल हाउस, डोरण्डा, रॉंची के तृतीय तल स्थित कमरा संख्या–301 में 11:00 बजे पूर्वाह्न से 01:00 बजे अपराह्न तक निर्धारित किया गया है।

2. सभी अनुशंसित अभ्यर्थी यथानिर्धारित स्थान, तिथि एवं समय पर सभी शैक्षणिक प्रमाण पत्रों तथा आरक्षित श्रेणी के अभ्यर्थी विज्ञापन में विहित जाति/दिव्यांगता/आवासीय आदि मूल प्रमाण पत्रों एवं आयोग द्वारा मुख्य परीक्षा हेतु निर्गत प्रवेश पत्र की मूल प्रति के साथ उपस्थित होंगे।
3. सभी चयनित अभ्यर्थी संलग्न विहित प्रपत्र में अपने स्थायी पता में अंकित जिले के अनुमण्डल पदाधिकारी/कार्यपालक दण्डाधिकारी द्वारा प्रमाणित इस आशय का शपथ पत्र समर्पित करेंगे कि उनके द्वारा समर्पित सभी प्रमाण पत्र सही हैं तथा उनके विरूद्ध किसी न्यायालय में कोई फौजदारी/अन्य वाद दायर नहीं है एवं उनका आचरण प्रतिकूल नहीं है।
4. किसी नियोक्ता के अन्तर्गत पूर्व से कार्यरत अभ्यर्थियों को पूर्व नियोक्ता द्वारा निर्गत इस आशय का प्रमाण पत्र समर्पित करना होगा कि अभ्यर्थी को जिला नियोजन पदाधिकारी/ नियोजन पदाधिकारी के पद पर योगदान देने हेतु पूर्व नियोक्ता (विभाग/संस्थान) द्वारा विरमित कर दिया जाएगा।
5. दिनांक–13.09.2024 को किसी कारणवश शैक्षणिक/जाति/आवासीय आदि मूल प्रमाण पत्रों के सत्यापन कार्यक्रम में भाग नहीं ले पाने वाले अभ्यर्थियों के मूल प्रमाण पत्रों का सत्यापन दिनांक–18.09.2024 को किया जाएगा।

अनुलग्नक:–विहित शपथ पत्र प्रारूप।

ह0/–
(नागेन्द्र पासवान)
सरकार के संयुक्त सचिव।

In the Court of Executive Magistrate/Sub Divisional Magistrate

I, Mr./Ms./Mrs.............................................S/D/W/O ............................................. aged ............................... by caste-...................................by faith ................................ by Nationality- Indian by occupation ................................................ resident of Village/Town- ................................ P.S.......................................... District .................................... State .................................. do here by solemnly affirm and declare as follows:

(1) That there is no any adverse remarks against me in any Police Station.
(2) That there is no criminal case against me in any police station or in any honourable Court.
(3) That all the documents i.e. caste certificate, residential certificate, educational qualification certificates/mark sheets and other certificates submitted by me are true to the best of my belief and knowledge.

I solemnly affirm that the above declaration is true and I understand that in the event of the declaration being found to be incorrect after my appointment, I shall be liable to be dismissed from service and also liable to be punished under law.

Date-
Place-

Solemnly affirm and declared before me to be true by the deponent who is identified by the Advocate.........................

..................................Signature of Magistrate

Deponent's Signature

PR 335247 (Labour Employment and Traning)24-25*D

संपादकीय

## भोजन की बबार्दी रोकना देशहित में

कुछ लोगों की भोजन की थाली में समझ नहीं आता कि क्या खाएं, क्या न खाएं। वहीं कुछ बच्चे ऐसे भी हैं कि उन्हें आशा रहती है कि कहीं से थाली में क कुछ आ जाए। यह समस्या मात्र भारत की नहीं विश्व के अनेक देशों की है। जो भोजन की बबार्दी कर रहे हैं, उन्हें यह एहसास भी नहीं है कि वे स्वयं अपने भविष्य को अंधकारमय बना रहे हैं। एक लंबा सफर गुजर गया, जब दुनिया के समस्त राष्ट्रों ने पर्यावरण, सामाजिक और आर्थिक समता एवं सामंजस्य वाले लक्ष्यों को पाने के घोषणापत्र पर हस्ताक्षर किए थे। उन संकल्पों को वर्ष 2030 तक प्राप्त करना है, लेकिन आज भी नियंत्रित एवं निर्मूल की जा सकने वाली खाद्य बबार्दी जैसे विषय पर प्रगति नगण्य है। वास्तविकता तो यह है कि एक तिहाई कार्बन उत्सर्जन के लिए दोषी खाद्य व्यवस्था नियंत्रित नहीं हो पा रही। तथ्य यह भी है कि खाद्यान्न बबार्दी एवं नुकसान पर नियंत्रण से सतत विकास लक्ष्य दो, आठ, बारह व तेरह एक साथ साधे जा सकते हैं।आम तौर पर कार्बन उत्सर्जन के लिए गाड़ियों एवं परिवहन के अन्य साधनों को दोषी ठहराया जाता है, जो भौतिकतावादी युग में निरंतर बढ़ती जा रही हैं। लेकिन बिगड़ती हुई या यों कहें, छद्म गरिमा से विकृत हो रही भोजन व्यवस्था, जो तात्कालिक रूप से सुधारी जा सकती है, संपूर्ण परिदृश्य से बाहर है।

**सर्वप्रथम बबार्दी से बचाव हेतु दंडात्मक व्यवस्था की भी आवश्यकता है, ताकि जूठन छोड़ने का दुस्साहस भी नहीं हो। इसी तरह, खाद्य सामग्री निमार्ता को भी निर्माण से विपणन, उपभोग और निस्तारण की संपूर्ण ट्रैकिंग व्यवस्था कायम करनी होगी।**

इस विकृति के चलते और बढ़ते स्वरूप से संपूर्ण ब्रह्मांड को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से खतरा पैदा हो रहा है। पश्चिमी एवं विकसित देशों में इस बावत चिंता ज्यादा गहरा रही है और खाद्यान्न के उत्पादन से लेकर उपभोग तक हर कदम पर बबार्दी को रोकने हेतु संगठित प्रयास किए जा रहे हैं। इन देशों में भोजन करने की पद्धति का विश्लेषण करते हुए ट्रे संस्कृति को हतोत्साहित करने एवं भोजन हेतु छोटी प्लेट के उपयोग को बढ़ावा दिया जा रहा है। इसी क्रम में विभिन्न प्रसंस्कृत एवं अन्य खाद्य सामग्री की पैकेजिंग के आकार और मात्रा को नियंत्रित करने के बाबत भी कदम उठाए जा रहे हैं।भारत में खाद्यान्न एवं भोजन दान की परंपरा आदिकाल से रही है एवं सनातन धर्म में इसे पुण्य कमाने का सबसे उत्तम साधन माना गया है। किंतु भोजन दान की प्रक्रिया में यह भी आकलन नहीं हो पाता कि किस व्यक्ति या वर्ग की क्या आवश्यकताएं हैं। परिणामस्वरूप दान औचित्यहीन हो जाता है। इस परिदृश्य के दृष्टिगत आवश्यकता है कि नीतिगत स्तर पर मानक तय हों एवं दान हेतु भी सख्त नियम-कायदे बनें। सर्वप्रथम बबार्दी से बचाव हेतु दंडात्मक व्यवस्था की भी आवश्यकता है, ताकि जूठन छोड़ने का दुस्साहस भी नहीं हो। इसी तरह, खाद्य सामग्री निमार्ता को भी निर्माण से विपणन, उपभोग और निस्तारण की संपूर्ण ट्रैकिंग व्यवस्था कायम करनी होगी। वर्तमान में किसी भी निमार्ता द्वारा बहुमूल्य खाद्य सामग्री को जलाकर निस्तारण करने के आंकड़े जाहिर नहीं किए जाते। ट्रैकिंग के माध्यम से उसके उपयोग हेतु निर्धारित अवधि में ही विभिन्न माध्यमों से वितरण की व्यवस्था की जा सकती है। इस बाबत सबसे पहले फ्रांस ने भोजन बबार्दी रोकने हेतु खुदरा एवं बड़े विक्रेताओं को वाध्य करने हेतु कानून लागू किया था, जिसका अनुसरण अनेक देशों ने किया है। शायद आम जन को यह जानकर दुखद आश्चर्य हो कि लगभग सभी विशिष्ट खाद्य निमार्ता कंपनियां हर माह अपने डिपो से बड़ी मात्रा में खाद्य सामग्री सीमेंट प्लांट में जलाने हेतु भेजती हैं, जिसके लिए एक बड़ा वर्ग तरसता है। हमारी संस्कृति में अन्न को ही ब्रह्म माना जाता है, तो उसको जलाना या बर्बाद करना कितना न्यायोचित है, या यों कहें कि यह सीधा-सीधा पाप है।हाल ही में ग्लोबल फूड बैंकिंग नेटवर्क द्वारा जारी रिपोर्ट में अधिकाधिक फूडबैंक स्थापित करने की महत्ता के बाबत प्राकट्य तथ्यों में उल्लेख किया है कि एक फूडबैंक की स्थापना से लगभग एक हजार कारों के समकक्ष कार्बन उत्सर्जन को रोकने में मदद मिल सकती है और इसका लाभ दस वर्षों तक लगाए 63 हजार पौधों के समकक्ष होगा।

# विकिरण प्रौद्योगिकी से भारत की खाद्य सुरक्षा में बदलाव



चिराग पासवान
खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री

भोजन का महत्व बुनियादी जीविका से कहीं बढ़कर है। यह हमारी सांस्कृतिक पहचान और सामाजिक गतिशीलता को प्रतिबिम्बित करते हुए हमारे त्योहारों, सामाजिक समारोहों और अनुष्ठानों में प्रमुख भूमिका निभाता है। आर्थिक रूप से, खाद्य उद्योग विकास को गति देता है, रोजगार के अवसरों का सृजन करता है तथा ग्रामीण एवं कृषि संबंधी विकास को बढ़ावा देता है। यह घरेलू खपत और निर्यात दोनों के माध्यम से राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान देता है। अपनी स्वतंत्रता के 78वें वर्ष में भारत जैसे-जैसे विकसित भारत के विजन की ओर बढ़ रहा है, खाद्य सुरक्षा और संरक्षा को आगे बढ़ाना अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसमें उपभोक्ताओं तक पहुंचने वाले भोजन का संदूषित पदार्थों से सुरक्षित होना तथा भोजन की हानि एवं बबार्दी को कम से कम किया जाना सुनिश्चित करना शामिल है, ताकि सभी को पर्याप्त, पौष्टिक भोजन की उपलब्धता की गारंटी मिल सके। खाद्य सुरक्षा और निरंतरता बढ़ाने के लिए खाद्य पदार्थों, खासकर फलों और सब्जियों जैसे जल्दी खराब होने वाले पदार्थों की हानि और बबार्दी को कम करना बहुत जरूरी है। इससे हमारे किसानों के लिए लाभकारी दाम सुनिश्चित करने में भी मदद मिलती है।

इसके अतिरिक्त, जैसे-जैसे कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पादों काव्यापार बढ़ता है, प्रभावी खाद्य सुरक्षा प्रबंधन और भी महत?वपूर्ण होता जाता है। कई विकसित अर्थव्यवस्थाओं में आयात होने वाले खाद्य पदार्थों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए बहुत कड़े खाद्य सुरक्षा नियम और कार्यप्रणालियां हैं। खाद्य सुरक्षा संबंधी घटनाओं के सार्वजनिक स्वास्थ्य जोखिम, उपभोक्ता विश्वास में कमी और खाद्य आपूर्ति और मूल्य स्थिरता में व्यवधान जैसे गंभीर आर्थिक परिणाम हो सकते हैं। इसलिए, न केवल सार्वजनिक स्वास्थ्य की रक्षा के लिए, बल्कि आर्थिक विकास में सहयोग करने, अंतर्राष्ट्रीय व्यापार को बढ़ावा देने तथा बाजार तक पहुंच बनाए रखने के लिए भी खाद्य सुरक्षा की रक्षा करना आवश्यक है। खाद्य सुरक्षा एवं संरक्षा की समस्याओं से निपटने और अपने सतत विकास लक्ष्यों को पूरा करने की दिशा में भारत की प्रतिबद्धता के अनुरूप, वर्ष 2024-25 के केंद्रीय बजट में एमएसएमई क्षेत्र में 50 बहु-उत्पाद खाद्य विकिरण इकाइयों की स्थापना के लिए धनराशि आवंटित की गई है। यह खाद्य सुरक्षा और संरक्षा के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दशार्ता है क्योंकि खाद्य विकिरण प्रौद्योगिकी कृषि खाद्य उत्पादों की शेल्फ लाइफ और सुरक्षा में इजाफा करती है, जिससे उनका उपभोक्ताओं तक उपयुक्त स्थिति में पहुंचना तथा उत्पादन और आपूर्ति श्रृंखला में खाद्य हानि का कम होना सुनिश्चित होता है। खाद्य विकिरण में खाद्य पदार्थों को, चाहे वे पैक किए गए हों या बल्क में, सावधानीपूर्वक नियंत्रित वातावरण में आयनकारी विकिरण के संपर्क में लाना शामिल है। यह पद्धति हानिकारक सूक्ष्मजीवों को नष्ट करके खाद्य जनित बीमारियों के जोखिम को प्रभावी ढंग से कम करती है। यह समय से पहले पकने, फुटाव या अकुरण में देरी करके खाद्य हानि को कम करते हुए क्षय की प्रक्रिया को धीमा करके और उसमें खराबी उत्पन्न करने वाले जीवों को नष्ट करके खाद्य पदार्थों को खराब होने से भी बचाती है। यह खाद्य उत्पादों की शेल्फ लाइफ बढ़ाने में रासायनिक परिरक्षकों की आवश्यकता को भी कम करती है, जिससे अधिक टिकाऊ खाद्य आपूर्ति श्रृंखला में योगदान मिलता है। विकिरण प्रसंस्करण में आमतौर पर अपेक्षित प्रभाव प्राप्त करने के लिए केवल एक एक्सपोजर ट्रीटमेंट की आवश्यकता होती है, जो प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करता है, खाद्य सुरक्षा पद्धतियों को सरल बनाता है, और खाद्य आपूर्ति श्रृंखला में लागत में कमी लाने में योगदान देता है। हालांकि खाद्य संरक्षण के लिए विकिरण के उपयोग की अवधारणा कोई नई नहीं है- सदियों से संरक्षण के लिए फल, सब्जियां, वनस्पति, मांस, मछली आदि को धूप में सुखाने जैसे पारंपरिक तरीकों का उपयोग किया जाता रहा है- संयुक्त राष्ट्र के खाद्य एवं कृषि संगठन (एफएओ) के संयुक्त खाद्य मानक कार्यक्रम के अंतर्गत कोडेक्स एलिमेंटेरियस आयोग द्वारा वैश्विक मानक स्थापित किए जाने पर खाद्य विकिरण प्रौद्योगिकी के प्रति आधुनिक दिलचस्पी बढ़ी।

खाना पकाने की तरह ही खाद्य विकिरण भी सभी पहलुओं में खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने का सुरक्षित और प्रभावी तरीका है। इसे खासकर अमेरिका, यूरोपीय संघ, जापान, ऑस्ट्रेलिया और कनाडा जैसे उन्नत खाद्य सुरक्षा मानकों वाले देशों में व्यापक रूप से अपनाया गया है, जहां इसका घरेलू और निर्यात दोनों ही तरह के बाजारों में बड़े पैमाने पर उपयोग किया जाता है। इसके प्रभाव का उल्लेखनीय उदाहरण 2012 का समझौता है, जिसने 20 साल के प्रतिबंध के बाद भारतीय आमों को अमेरिका को निर्यात करने की अनुमति दी। यह सफलता भारत द्वारा कीटों के खतरे को खत्म या काफी हद तक कम करने के लिए निर्यात से पहले अपने आमों को विकिरणित करने पर सहमत होने, फलस्वरूप अमेरिका की घरेलू कृषि की रक्षा होने से हासिल हुई। भारत ने भी समूचे देश में 34 विकिरण प्रसंस्करण सुविधाएं स्थापित करते हुए उल्लेखनीय प्रगति हासिल की है। इनमें से 16 सुविधाओं को एमओएफपीआई की सहायता प्राप्त होने सहित इस बुनियादी ढांचे को विकसित करने में खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय (एमओएफपीआई) ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। यद्यपि यह प्रगति सराहनीय है, लेकिन सुविधाओं की संख्या और वितरण का विस्तार करने से हमारे जीवंत कृषि खाद्य बाजार की बढ़ती मांगों को पूरा करने की हमारी क्षमता में और वृद्धि होगी। हालांकि, खाद्य विकिरण सुविधाओं की व्यापक कमीशनिंग उच्च पूंजीगत लागतों से अवरुद्ध है। 1एमसीआई कोबाल्ट 60 सोर्स युक्त एक विकिरण सुविधा स्थापित करने के लिए भूमि और अतिरिक्त बुनियादी ढांचे की लागतों के बिना लगभग 25 से 30 करोड़ रुपये के निवेश की आवश्यकता होती है। इसकी कमीशनिंग प्रक्रिया में प्रस्ताव की जांच, अनुमोदन, साइट क्लीयरेंस, संयंत्र का निर्माण, स्रोत स्थापना, सुरक्षा आकलन और मार्गदर्शन, पर्यवेक्षण, कमीशनिंग और विकिरण स्रोतों के सामयिक प्रतिस्थापन सहित निरंतर रखरखाव जैसे कई महत्वपूर्ण चरण शामिल हैं। भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र और परमाणु ऊर्जा नियामक बोर्ड जैसे प्रमुख संगठन इस प्रक्रिया का निरीक्षण करते हैं।

इन सुविधाओं से संबंधित शुरूआती उच्च पूंजीगत लागतों के बावजूद, यहां निवेशकों के लिए पर्याप्त अवसर मौजूद हैं। घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय दोनों तरह के बाजारों में सुरक्षित, लंबे समय तक चलने वाले खाद्य उत्पादों की बढ़ती मांग निवेश के लाभप्रद अवसर प्रस्तुत करती है। खाद्य सुरक्षा संवर्धित करने और शेल्फ लाइफ बढ़ाने की क्षमता खाद्य विकिरण सुविधाओं को खाद्य अपशिष्ट में कमी लाने और कड़े निर्यात मानकों को पूरा करने की दिशा में महत्वपूर्ण बनाती है। वर्ष 2025-26 तक भारतीय खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र के 535 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंचने की संभावना और प्रसंस्कृत खाद्य निर्यात की लगातार बढ़ती हिस्सेदारी के साथ, विकिरण सुविधाएं निवेश के आशाजनक अवसर प्रस्तुत करती हैं। खाद्य की बबार्दी में कमी लाने के उद्देश्य से बुनियादी ढांचे के विकास में सहायता करने के लिए खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय (एमओएफपीआई) खाद्य विकिरण इकाइयों की स्थापना के लिए प्रति परियोजना 10 करोड़ रुपये तक की वित्तीय सहायता भी प्रदान करता है। अनुदान या सब्सिडी के रूप में प्रदान की जाने वाली यह सहायता फलों और सब्जियों सहित जल्दी खराब होने वाले उत्पादों को बचाने और उनकी स्वच्छता एवं शेल्फ लाइफ बढ़ाने के लिए प्रदान की जाती है। केंद्रीय बजट 2024-25 में घोषणा के बाद, एमओएफपीआई ने एकीकृत कोल्ड चेन और मूल्य संवर्धन अवसंरचना (कोल्ड चेन योजना) के तहत बहुउत्पाद खाद्य विकिरण इकाइयों की स्थापना के लिए उद्यमियों से अभिरुचि की अभिव्यक्ति आमंत्रित की हैं।

खाद्य सुरक्षा बढ़ाने और जल्दी खराब होने वाले उत्पादों की शेल्फ लाइफ बढ़ाने में खाद्य विकिरण की महत्वपूर्ण भूमिका को देखते हुए, भारतीय खाद्य आपूर्ति श्रृंखला और कृषि खाद्य निर्यात क्षेत्र की बढ़ती मांगों को पूरा करने के लिए हमारे बुनियादी ढांचे का विस्तार करने की सख्त जरूरत है। हम निवेशकों और उद्यमियों से आग्रह करते हैं कि वे खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय द्वारा प्रदान की जाने वाली वित्तीय सहायता का उपयोग करके अतिरिक्त विकिरण सुविधाएं स्थापित करने के इस अवसर का लाभ उठाएं। विकिरण सुविधाओं में निवेश करने से खाद्य सुरक्षा बढ़ेगी, बबार्दी में कमी आएगी और समूचे भारत में खाद्य सुरक्षा में सुधार होगा, साथ ही हमारे किसानों के लिए बेहतर दाम भी सुनिश्चित होंगे। भारत के खाद्य उद्योग में पूरी तरह बदलाव लाने के लिए हमारे साथ जुड़िए- आपका निवेश टिकाऊ कृषि के भविष्य को गति देगा और उन्नतिशील अर्थव्यवस्था में योगदान देगा।

आप की बात

## स्वामी विवेकानन्द का वो 11 सितंबर का दिन!



डॉ. मयंक चतुर्वेदी

वैसे तो इतिहास की हर तरीख किसी न किसी खास विषय के लिए जानी जाती है, किंतु वो तारीख थी सन 1893 में 11 सितम्बर की, जो सदैव के लिए भारत के अद्वैत वेदांत की आधुनिक युग में विजय पताका के लिए प्रसिद्ध हो गई है । भारत से आए भगवाधारी 30 साल के युवा सं-?यासी स्?वामी विवेकान-?द ने शिकागो की धर्मसभा में जो बोला- अमेरिका के मेरे भाइयों और बहनों। बस, उनका यह कहना रहा कि फिर क्या था ! उनके कहे ये दो शब्द इतिहास के पन्नों में वो शब्द बन गए, जिसने आर्ट इंस्टीट्यूट ऑफ शिकागो को पूरे दो मिनट तक तालियों की गड़गड़ाहट से गूंजने पर मजबूर कर दिया और आज भी उस दिन की याद में विवेकानन्द को याद करते हुए विश्?व भर में अनेकों स्थान पर भारतीय धर्म-दर्शन के मर्म को समझने का प्रयास होता है। स्वामी विवेकानंद ने आगे कहा- मुझे गर्व है कि मैं एक ऐसे देश से हूं, जिसने इस धरती के सभी देशों और धर्मों के सताए लोगों को अपने शरण में रखा है। आपने जिस स्नेह के साथ मेरा स्वागत किया है उससे मेरा दिल भर आया है, मैं आपको अपने देश की प्राचीन संत परंपरा की तरफ से धन्यवाद देता हूं। मैं आपको सभी धर्मों की जननी की तरफ से भी धन्यवाद देता हूं और सभी जाति, संप्रदाय के लाखों, करोड़ों हिंदुओं की तरफ से आभार व्यक्त करता हूं। मेरा धन्यवाद कुछ उन वक्ताओं को भी जिन्होंने इस मंच से यह कहा कि दुनिया में सहनशीलता का विचार सुदूर पूरब के देशों से फैला है। मुझे गर्व है कि मैं एक ऐसे धर्म से हूं, जिसने दुनिया को सहनशीलता और सार्वभौमिक स्वीकृति का पाठ पढ़ाया। हम सिर्फ सार्वभौमिक सहनशीलता में ही विश्वास नहीं रखते, बल्कि हम विश्व के सभी धर्मों को सत्य के रूप में स्वीकार करते हैं।

मुझे गर्व है कि हमने अपने दिल में इजराइल की वो पवित्र यादें संजो रखी हैं, जिनमें उनके धर्मस्थलों को रोमन हमलावरों ने तहस-नहस कर दिया था, फिर उन्होंने दक्षिण भारत में शरण ली। मुझे गर्व है कि मैं एक ऐसे धर्म से हूं जिसने पारसी धर्म के लोगों को शरण दी, लगातार अब भी उनकी मदद कर रहा है। भाइयों, मैं आपको एक श्लोक की कुछ पंक्तियां सुनाना चाहूंगा, जिन्हें मैंने बचपन से स्मरण किया और दोहराया है और जो रोज करोड़ों लोगों द्वारा हर दिन दोहराया जाता है ह्यरुचिनां वैचित्र्याद्दजुकुटिलनानापथजुषाम नृणामेको गम्यस्त्वमसि पयसामर्णव इव... इसका अर्थ यह है कि जिस तरह अलग-अलग स्रोतों से निकली विभिन्न नदियां अंत में समुद्र में जाकर मिल जाती हैं, उसी तरह मनुष्य अपनी इच्छा के अनुरूप अलग-अलग मार्ग चुनता है, जो देखने में भले ही सीधे या टेढ़े-मेढ़े लगें, परंतु सभी भगवान तक ही जाते हैं। **(ये इनके निजी विचार हैं)**

देश की बात

## धान की खेती से गहराया पंजाब-हरियाणा में जल संकट



डॉ. सत्यवान सौरभ
लेखक

पंजाब और हरियाणा में धान की कृषि भारत की खाद्य सुरक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है, परंतु जल पर अत्यधिक निर्भरता के कारण यह असंधारणीय होती जा रही है। धान की कृषि के कारण भूजल का अत्यधिक दोहन होने से इस क्षेत्र में गंभीर जल संकट उत्पन्न हो गया है। हरियाणा में 88 जल इकाइयों को अत्यधिक दोहन वाली श्रेणी में रखा गया है। इस समस्या से निपटने के लिए कृषि और जल संसाधनों दोनों की सुरक्षा हेतु तत्काल सुधार की आवश्यकता है। पंजाब और हरियाणा में धान की खेती के लिए अत्यधिक सिंचाई की आवश्यकता होती है, जिससे भूजल स्तर में भारी कमी हुई है। केंद्रीय भूजल बोर्ड द्वारा 2023 में किए गए एक अध्ययन में पाया गया कि धान की खेती के लिए अत्यधिक जल दोहन के कारण पंजाब के 87 प्रतिशत ब्लॉकों का अति दोहन किया गया। धान की खेती में प्रति किलोग्राम चावल के लिए लगभग 4,000-5,000 लीटर जल की खपत होती है, जिससे क्षेत्र के जल संसाधनों पर बहुत ज्यादा दबाव पड़ता है। इसकी तुलना में बाजरे को प्रति किलोग्राम केवल 500 लीटर जल की आवश्यकता होती है, जो जल की आवश्यकताओं में भारी अंतर और धान की खेती की असंधारणीय प्रकृति को दशार्ता है। ट्यूबवेल के लिए दी जाने वाली मुफ्त बिजली ने भूजल के अनियंत्रित दोहन को बढ़ावा दिया है, जिससे यह संकट और भी बढ़ गया है।

पंजाब के किसानों को वर्ष 2023-24 में बिजली, नहर के पानी और उर्वरक के लिए 38,973 रुपये प्रति हेक्टेयर की सब्सिडी मिली, जिससे भूजल का निरंतर रूप से अतिदोहन हो रहा है। धान की खेती के कारण बढ़ता जल तनाव ,जलवायु परिवर्तन के कारण और भी अधिक हो गया है, अनियमित वर्षा के कारण जलभृतों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। पंजाब और हरियाणा के जल स्तर में तेजी से हो रही गिरावट से कृषि की दीर्घकालिक व्यवहार्यता को खतरा है। धान की खेती एकल फसल प्रणाली को बढ़ावा देती है, जिससे जैव विविधता कम होती है और मृदा के पोषक तत्व कम होते हैं, जिससे कृषि संधारणीयता में कमी आती है। अध्ययनों के अनुसार फसल चक्रण से मिट्टी की गुणवत्ता में सुधार होता है परंतु धान की खेती ऐसी विविधता को हतोत्साहित करती है। **(ये इनके निजी विचार हैं)**



बोधि वृक्ष

**आन्तरिक रूप से किसी अन्य विषय या चिन्तन करते हुए, प्रार्थनाओं को बोलने एवं यन्त्रवत् रटने से ईश्वर से उत्तर नहीं मिलता। ईश्वर के नाम को व्यर्थ रटने की विवेकशून्य पुनरावृत्ति निष्फल होती है।**

## प्रतिज्ञापन और प्रार्थना की शक्ति



श्री श्री परमहंस योगानंद


श्रद्धा या सहज प्रेम से रहित, मांगों या प्रतिज्ञापनों के साथ विवेकशून्य पुनरावृत्ति व्यक्ति को मात्र एस 'प्रार्थना का आडम्बर' करने वाला ही बना देता है; जो यह नहीं जानता कि उसकी प्रार्थना का अर्थ क्या है। आन्तरिक रूप से किसी अन्य विषय या चिन्तन करते हुए, प्रार्थनाओं को बोलने एवं यन्त्रवत् रटने से ईश्वर से उत्तर नहीं मिलता। ईश्वर के नाम को व्यर्थ रटने की विवेकशून्य पुनरावृत्ति निष्फल होती है। मानसिक या मौखिक रूप में एक मांग या प्रार्थना की लगातार पुनरावृत्ति करते रहने सेतथा ध्यान और भक्ति को गहरा करने से प्रार्थना का आध्यात्मीकरण हो जाता है तथा या चेतन, विश्वासी पुनरावृत्ति को अधिचेतना के अनुभव में परिवर्तित कर देती है।

जिस मांग को आपने चुना है उसके अर्थ पर चिन्तन करें,जब तक कि वह आपका अंश न बन जाए। जब आप इसका चिन्तन करें तो इसे अपनी भक्ति के साथ सन्तृप्त कर दें। जैसे-जैसे आपका ध्यान और गहरा होता जाए, अपनी भक्ति की वृद्धि करें और मानसिक रूप से मांग को अपने हृदय के उद्वेग के रूप में अर्पण करें। अपने आपको इस विश्वास के साथ सराबोर करें कि इस विशिष्ट मांग द्वारा अभिव्यक्त आपके हृदय की तीव्र लालसा, ईश्वर के द्वारा अनुभव की तीव्र लालसा, ईश्वर के द्वारा अनुभव की जा रही है। **(क्रमशः)**

फेसबुक वॉल से




X से




अलग बात

## गिद्धों को पसंद आ रहा अपना हजारीबाग





रंजन चौधरी

सड़े- गले जीवों के मांस को खाकर सफाई करनेवाले अपमार्जक गिद्ध को हजारीबाग पसंद आ रहा है। पूरी दुनिया से गिद्ध 99 प्रतिशत समाप्त हो गए। वहीं हजारीबाग में प्राकृतिक अवस्था में गिद्ध अपना कुनबा बढ़ा रहे हैं। दुनिया भर में गिद्धों को बचाने के लिए कई स्तर पर प्रयास चल रहा है। दूसरे देश से बचाए गए गिद्ध हजारीबाग आ रहे हैं। नेपाल से सेटेलाइट टैग लगा गिद्ध हजारीबाग आया, सबसे ज्यादा हजारीबाग में ठहरा, फिर वापस चला गया। पिछले माह बांग्लादेश से सेटेलाइट टैग लगा गिद्ध हजारीबाग आया था। बीमार था और जब विष्णुगढ क्षेत्र में गिरा तो इसपर लगे टैग को लेकर लोगों में तरह-तरह की भ्रांतियां फैली। लेकिन हजारीबाग में वन्यप्राणी संरक्षण में कार्यरत संस्था नियो ह्यूमन फाउंडेशन ने इस भ्रांति को दूर किया और स्थानीय वन विभाग के साथ मिलकर गिद्ध का इलाज कराया। 26 दिनों बाद ठीक हो गया तो उसे फिर से खुले आसमान के लिए छोड़ दिया गया। हाल ही में गिद्ध जागरूकता दिवस बीता है। हजारीबाग में अच्छा करने का प्रयास जारी है और ऐसे प्रयासों की सराहना भी होनी चाहिए।

एक ओर जहां गिद्ध विलुप्तप्राय होते जा रहे हैं, देशभर में इसके संरक्षण एवं संवर्धन के लिए सरकार द्वारा कई जगह एक्स सीटू कंजर्वेशन किया जा है। वहीं हमारे हजारीबाग में ये उन्मुक्त गगन में विचरण करते हुए प्राकृतिक पर्यावास में अपना कुनबा बढ़ा रहे हैं। गिद्ध यूं तो सामान्य तौर पर हजारीबाग में दिखते ही हैं लेकिन कई अन्य देशों का सफर तय करके हजारीबाग सदर विधानसभा क्षेत्र स्थित कारकस डिस्पोजल साइट पर अलग- अलग जगह गिद्ध का दिखना सुखद संकेत है। गिद्ध सड़े गले मृत पशुओं को खाकर कई तरह की महामारी व बीमारियों जैसे कोलरा, एंथैक्स, रैबिज इत्यादि से बचाते हैं और मनुष्य की सहायता करते हैं। इन्हें हजारीबाग में आशियाना बनाना और प्रवास करना भी अच्छा लगता है। भारतवर्ष में गिद्धों की 09 प्रजातियां पाई जाती है, जिसमें हजारीबाग में 03 प्रजातियां पायी जाती हैं. गिद्ध के विलुप्ति का मुख्य कारण मवेशियों में प्रयोग होने वाला दर्द निवारक दवा डाइक्लोफेनेक हैं. अतः डाइक्लोफेनेक के जगह मेलोक्सीकेम का प्रयोग कर इनके संरक्षण में सहयोग किया जा सकता है। गिद्ध को वाइल्डलाइफ प्रोटेक्शन एक्ट 1972 के शेड्यूल- 'क' में संरक्षण प्राप्त है और इसे नुकसान पहुंचाना कानूनन जुर्म है।

गिद्धों के संरक्षण और जागरूकता के लिए कार्य कर रही हजारीबाग की एनजीओ न्यू ह्यूमन फाऊंडेशन द्वारा हर साल इसकी गणना और पहचान की जाती है। गिद्ध का मृत्यु दर अधिक और प्रजनन दर बहुत कम है। एक जोड़ा गिद्ध साल में सिर्फ एक ही अंडे देते हैं और उसका प्रजनन करते हैं। गिद्ध संरक्षण की दिशा में हजारीबाग को फिलहाल प्रोविजनल सेफ जोन घोषित किया गया है। उम्मीद है कि गिद्धों की बढ़ती संख्या को देखते हुए आने वाले दिनों में इसे वल्चर सेफ जोन घोषित किया जा सकता है। हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने भी हजारीबाग में गिद्धों के संरक्षण और जागरूकता के लिए किए जा रहें प्रयासों की सराहना की। विशेषकर हजारीबाग लोक सभा क्षेत्र में बीमार होकर पड़े गिद्ध को स्वस्थ करके सुरक्षित छोड़े जाने पर गिद्ध संरक्षण में कार्यरत संस्था न्यू ह्यूमन फाऊंडेशन और वन विभाग को बधाई दिया। इस संबंध में उन्होंनेअपने ऑफिशियल फेसबुक पेज में पोस्ट भी किया ।

**(लेखक एनएचएफ से जुड़कर शुरूआती दिनों से ही हजारीबाग में गिद्ध संरक्षण और जागरूकता के लिए कार्य किए हैं।)**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नंः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

KASHYAP'S DENTAL CLINIC

Dr. Vaibhav Kashyap

Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA

" Smiles & More"

छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट

Facilities

- आरसीटी
- पायरिया का ईलाज
- टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
- स्माईल डिजाइन
- इनविजिवल क्लिप
- दंत रोपण
- फिक्स दाँत लगाना
- अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज



CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com


## बांग्लादेश नहीं रोक पा रहा म्यांमार से रोहिंग्या घुसपैठ

**ढाका।** बांग्लादेश रोहिंग्या घुसपैठ को नहीं रोक पा रहा है। म्यांमार के रखाइन राज्य के माउंगडॉ से बड़ी संख्या में रोहिंग्या एजेंटों की मदद से नाव से नाफ नदी पार करके बांग्लादेश में प्रवेश कर रहे हैं। एजेंट इन लोगों से मोटा पैसा ले रहे हैं। वह तटीय जिलों में विभिन्न शरणार्थी शिविरों में शरण ले रहे हैं। ढाका से छपने वाले बांग्ला अखबार प्रोथोम अलो (अंग्रेजी संस्करण) की खबर के अनुसार, अवैध रूप से प्रवेश करने वाले लगभग 14,000 रोहिंग्याओं ने पिछले सात-आठ दिन में उखिया के कई शिविरों में शरण ली है। इसके अलावा 60 हजार से 70 हजार रोहिंग्या बांग्लादेश में प्रवेश करने के लिए सीमावर्ती क्षेत्रों में एकत्र हैं।

## ऑस्ट्रेलिया में बच्चों के सोशल मीडिया के प्रयोग पर होगा प्रतिबंध

**कैनबरा।** ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज ने मंगलवार को बच्चों के सोशल मीडिया के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगाने की योजना की घोषणा की। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार 2024 में सोशल मीडिया और अन्य संबंधित डिजिटल प्लेटफार्मों तक पहुंच के लिए न्यूनतम आयु लागू करने का कानून पेश करेगी। प्रधानमंत्री ने एक बयान में कहा, हम जानते हैं कि सोशल मीडिया सामाजिक नुकसान पहुंचा रहा है। यह बच्चों को असली दोस्तों और असली अनुभवों से दूर कर रहा है। इस कानून को राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के साथ विचार-विमर्श के बाद तैयार किया जाएगा।

## यूएई से लाया गया सोने की तस्करी का मास्टरमांइड अली

**नई दिल्ली।** देश में सोने की तस्करी के लिए वांछित मुनियाद अली खान को सुरक्षा एजेंसियां यूएई से गिरफ्तार कर भारत ले आई हैं। मुनियाद अली खान को 2020 में जयपुर हवाई अड्डे पर एनआईए ने पकड़ा था। खान सोने की तस्करी के मामले में मास्टरमाइंड था। एनआईए ने उसके खिलाफ यूएपीए के तहत मामला दर्ज किया था। जांच के दौरान पाया गया कि मुख्य साजिशकर्ता मुनियाद अली खान ही था। उसने ही सऊदी अरब के रियाद शहर से भारत में सोने की छड़ों को स्मगल करने की योजना बनाई थी। तस्कर के जयपुर हवाई अड्डे पर पकड़े जाने के बाद एनआईए ने एफआईआर दर्ज कर तलाश शुरू की थी।

## वैश्विक तनाव विकास को दे रहे नया आकार : डब्ल्यूटीओ

**जेनेवा।** विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) ने सोमवार को एक रिपोर्ट जारी की। इसमें कहा गया है कि भू-राजनीतिक तनाव, डिजिटल क्रांति और जलवायु परिवर्तन का असर व्यापार-आधारित विकास पर पड़ रहा है। 2024 की वर्ल्ड ट्रेड रिपोर्ट में डब्ल्यूटीओ ने अनुमान लगाया है कि वैश्विक कारक जैसे भू-राजनीतिक तनाव, क्षेत्रीय संघर्ष और व्यापार प्रतिबंधों ने पिछले 30 वर्षों में विश्व आर्थिक विकास की स्थिर नींव को प्रभावित किया है, जिससे व्यापार में विखंडन का खतरा बढ़ गया है। दूसरी ओर, आधुनिक निर्माण की बढ़ती पूंजी और कौशल की तीव्रता ने निम्न-आय वाली अर्थव्यवस्थाओं में निर्माण-आधारित विकास की गुंजाइश को कम कर दिया है।

### नवगठित अनुसंधान नेशनल रिसर्च फाउंडेशन की पहली गवर्निंग बोर्ड की बैठक में मोदी ने कहा

# समस्याएं भले वैश्विक हों, समाधान स्थानीय हो

### प्रधानमंत्री ने मौलिक शोध को बढ़ावा देने पर दिया जोर

एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के शोध पारिस्थितिकी तंत्र में बाधाओं की पहचान करने और उन्हें दूर करने की आवश्यकता पर बल दिया है। प्रधानमंत्री ने मंगलवार को अपने आवास 7, लोक कल्याण मार्ग पर नवगठित अनुसंधान नेशनल रिसर्च फाउंडेशन (एएनआरएफ) की पहली गवर्निंग बोर्ड बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में भारत के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिदृश्य तथा अनुसंधान एवं विकास कार्यक्रमों को पुनः डिजाइन करने पर चर्चा की गई। बैठक के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आज एनआरएफ की शासी निकाय की पहली बैठक के साथ एक नई शुरुआत हुई है। प्रधानमंत्री ने बड़े लक्ष्य निर्धारित करने, उन्हें प्राप्त करने पर ध्यान केंद्रित करने और पथ-प्रदर्शक अनुसंधान करने की बात कही। उन्होंने कहा कि अनुसंधान को मौजूदा समस्याओं के नए समाधान खोजने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि समस्याएं वैश्विक प्रकृति की हो सकती हैं, लेकिन उनका समाधान भारतीय आवश्यकताओं के अनुसार स्थानीय होना चाहिए। प्रधानमंत्री ने संस्थानों के उन्नयन और मानकीकरण की आवश्यकता पर चर्चा की। उन्होंने विशेषज्ञता के आधार पर डोमेन विशेषज्ञों की सूची तैयार करने का सुझाव दिया। उन्होंने एक डैशबोर्ड विकसित करने की भी बात की, जहां देश में हो रहे शोध और विकास से जुड़ी जानकारी को आसानी से ट्रैक किया जा सके।

प्रधानमंत्री मोदी ने अनुसंधान और नवाचार के लिए संसाधनों के उपयोग की वैज्ञानिक निगरानी की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि यह एक महत्वाकांक्षी शुरुआत है, देश के वैज्ञानिक समुदाय को यह विश्वास होना चाहिए कि उनके प्रयासों के लिए संसाधनों की कोई कमी नहीं होगी। अटल टिंकरिंग लैब्स के सकारात्मक प्रभावों पर चर्चा करते हुए प्रधानमंत्री ने सुझाव दिया कि इन प्रयोगशालाओं की ग्रेडिंग की जा सकती है। उन्होंने पर्यावरण परिवर्तन के लिए नए समाधान, ईवी के लिए बैटरी सामग्री, प्रयोगशाला में उगाए गए हीरे आदि जैसे विभिन्न क्षेत्रों में अनुसंधान पर भी चर्चा की।



एएनआरएफ इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) गतिशीलता, उन्नत सामग्री, सौर सेल, स्मार्ट इंफ्रास्ट्रक्चर, स्वास्थ्य और चिकित्सा प्रौद्योगिकी, सतत कृषि और फोटोनिक्स जैसे चुनिंदा प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में मिशन मोड में समाधान-केंद्रित अनुसंधान पर कार्यक्रम शुरू करेगा। शासी निकाय ने देखा कि ये प्रयास आत्मनिर्भर भारत की दिशा में हमारे प्रयासों को प्रभावी रूप से पूरक बनाएंगे। उद्योग जगत की सक्रिय भागीदारी के साथ अनुवाद संबंधी शोध को रेखांकित करते हुए, शासी निकाय ने ज्ञान की उन्नति के लिए मौलिक शोध को बढ़ावा देने पर भी जोर दिया। मानविकी और सामाजिक विज्ञान में अंतःविषय अनुसंधान का समर्थन करने के लिए उत्कृष्टता केंद्र स्थापित करने का निर्णय लिया गया। इस बात पर भी सहमति हुई कि शोध करने में आसानी प्राप्त करने के लिए लचीले और पारदर्शी वित्त पोषण तंत्र के साथ हमारे शोधकतार्ओं को सशक्त बनाने की आवश्यकता है। शासी निकाय ने यह भी निर्देश दिया कि एएनआरएफ की रणनीतियों को विकसित भारत 2047 के लक्ष्यों के अनुरूप होना चाहिए। साथ ही, कार्यान्वयन में दुनिया भर की अनुसंधान और विकास एजेंसियों द्वारा अपनाई गई सर्वोत्तम वैश्विक प्रथाओं का पालन किया जाना चाहिए।

बैठक में शासी निकाय के उपाध्यक्ष के रूप में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, सदस्य सचिव के रूप में केंद्र सरकार के प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार, सदस्य (विज्ञान), नीति आयोग और सचिव, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, जैव प्रौद्योगिकी विभाग, वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान विभाग तथा उच्च शिक्षा विभाग इसके पदेन सदस्य के रूप में शामिल हुए। अन्य प्रमुख प्रतिभागियों में प्रो मंजुल भार्गव (प्रिंसटन विश्वविद्यालय, यूएसए), डॉ रोमेश टी वाधवानी (सिंफनी टेक्नोलॉजी ग्रुप, यूएसए), प्रो सुब्रा सुरेश (ब्राउन विश्वविद्यालय, यूएसए), डॉ रघुवेंद्र तंवर (भारतीय ऐतिहासिक अनुसंधान परिषद), प्रो जयराम एन चेंगलूर (टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ फंडामेंटल रिसर्च) और प्रो जी रंगराजन (भारतीय विज्ञान संस्थान) शामिल थे।

## अगले 5 साल में तैयार होंगे 5 हजार साइबर कमांडो : शाह

### दिल्ली के विज्ञान भवन में आई4सी का प्रथम स्थापना दिवस मनाया गया

नवीन मेल संवाददाता

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को कहा कि साइबर सुरक्षा अब केवल डिजिटल दुनिया तक सीमित न रहकर राष्ट्रीय सुरक्षा का अहम पहलू भी बन गई है। उन्होंने कहा कि सरकार ने साइबर अपराध से निपटने के लिए अगले पांच वर्षों में करीब 5,000 'साइबर कमांडो' को प्रशिक्षित करने का लक्ष्य रखा है। केंद्रीय मंत्री शाह ने मंगलवार को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आई4सी (भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र) के प्रथम स्थापना दिवस समारोह को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए ये बातें कहीं। साथ ही, उन्होंने साइबर अपराध की रोकथाम के लिए प्रमुख पहलों का शुभारंभ भी किया। केंद्रीय मंत्री शाह ने कहा कि साइबर सुरक्षा के बिना किसी भी देश का विकास असंभव है। उन्होंने कहा कि तकनीक मानव जीवन के लिए आशीर्वाद साबित होती है और आज सभी नई पहलों में तकनीक का बहुत उपयोग हो रहा है। लेकिन, तकनीक के बढ़ते उपयोग से कई खतरे भी पैदा हो रहे हैं। इसीलिए साइबर सुरक्षा अब केवल डिजिटल दुनिया तक सीमित न रहकर राष्ट्रीय सुरक्षा का अहम पहलू भी बन गई है। उन्होंने कहा कि आई4सी जैसे प्लेटफॉर्म इस प्रकार के खतरों से निपटने में बहुत बड़ा योगदान कर सकते हैं। उन्होंने आई4सी से सभी स्टेकहोल्डर्स के साथ मिलकर जागरूकता, समन्वय और साझा प्रयास को जारी रखने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि कोई भी एक संस्था अकेले साइबर स्पेस को सुरक्षित नहीं रख सकती। यह तभी संभव है जब कई स्टेकहोल्डर्स एक ही मंच पर आकर एक ही तरीके और रास्ते पर आगे बढ़ें। अमित शाह ने आज यहां आई4सी के चार प्रमुख साइबर प्लेटफॉर्म का शुभारंभ किया । उन्होंने कहा कि साइबर धोखाधड़ी न्यूनीकरण केंद्र (सीएफएमसी) प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की परिकल्पना थी, जिसका आज शुभारंभ हुआ है। उन्होंने कहा कि इसके साथ-साथ आज साइबर कमांडो, समन्वय प्लेटफॉर्म और सस्पेक्ट रजिस्ट्री का भी शुभारंभ हुआ है। शाह ने कहा कि आज से आई4सी एक जनजागरूकता अभियान भी शुरू कर रहा है। देश के 72 से अधिक टीवी चैनल्स, 190 रेडियो एफएम चैनल, सिनेमाघरों और कई अन्य प्लेटफॉर्म के माध्यम से इस अभियान को गति देने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जब तक पीड़ित को साइबर अपराध से बचने का तरीका नहीं पता होगा, तब तक यह अभियान सफल नहीं हो सकता।



> केंद्रीय मंत्री ने कहा कि साइबर धोखाधड़ी न्यूनीकरण केंद्र (सीएफएमसी) के साथ बैंक, वित्तीय संस्थान, टेलीकॉम कंपनी, इंटरनेट सर्विस प्रोवाइडर और पुलिस को एक ही मंच पर लाकर इस केंद्र का विचार रखा गया है। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में यह साइबर अपराध की रोकथाम का एक प्रमुख प्लेटफॉर्म बनेगा।

## निष्पक्ष चुनाव में भाजपा 246 सीटों के पास नहीं पहुंचती : राहुल

एजेंसी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी अमेरिका के दौरे पर हैं। उन्होंने यहां एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा सरकार पर जमकर हमला बोला। इस दौरान वे आरएसएस पर भी हमलावर रहे। लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा, चुनाव से तीन महीने पहले हमारे सभी बैंक खाते सील कर दिए गए थे... हम इस बात पर चर्चा कर रहे थे कि अब क्या करना है। मैंने कहा 'देखेंगे', देखते हैं हम क्या कर सकते हैं... और हम चुनाव में उतर गए। राहुल गांधी ने कहा, चुनावों में गरीब लोगों ने गहराई से समझा कि यह संविधान की रक्षा करने वालों और इसे नष्ट करने वालों के बीच की लड़ाई है। जाति आधारित जनगणना का मुद्दा भी बड़ा हो गया। ये चीजें अचानक एक साथ आने लगीं। मुझे नहीं लगता कि निष्पक्ष चुनाव में भाजपा 246 के करीब पहुंच सकती है।

### 'इंडी गठबंधन' के फुल फॉर्म पर राहुल गांधी हुए असहज, सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल

लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी एक बार फिर अपने विदेशी दौरे को लेकर सुर्खियों में आ गए हैं। अमेरिका दौरे के बीच का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में देखा जा सकता है कि एक पत्रकार ने सवाल-जवाब के दौरान राहुल गांधी से पूछ लिया कि क्या आप इंडी अलायंस को एनडीए के विकल्प के रूप में देखते हैं? इस पर राहुल गांधी कहते हैं कि आप हमें इंडी अलायंस मत कहिए, हम इंडिया अलायंस हैं। भाजपा वाले इसे फ्रेम कर रहे हैं। इसके बाद पत्रकार ने उनसे फिर सवाल किया और पूछा कि इंडिया में 'ए' का मतलब क्या है? इंडिया में तो डबल ए नहीं है। फिर इंडिया अलायंस कैसे हुआ? इस सवाल का जवाब देते हुए राहुल गांधी कहते हैं कि इसमें 'ए' का मतलब अलायंस हुआ। राहुल गांधी का जवाब सुनने के बाद बगल में बैठे एंकर भी मुस्कुराने लगते हैं।

## एजुकेशन/करियर

**रजनीश ।** बीए राजनीति विज्ञान या बैचलर ऑफ आर्ट्स इन पॉलिटिकल साइंस 3 से 4 साल का अंडरग्रेजुएट कोर्स है। राजनीति विज्ञान में बीए दुनिया भर में राजनीतिक संस्थानों और उनके व्यवहार के विस्तृत अध्ययन से संबंधित है। इसके अंतर्गत समाजविज्ञान, अंतरराष्ट्रीय संबंधों और अर्थविज्ञान जैसे अन्य विविध पहलुओं के साथ-साथ सरकार के परिचालन स्ट्रक्चर पर प्रमुख जोर दिया जाता है। यह लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स एंड पॉलिटिकल साइंस और हार्वर्ड यूनिवर्सिटी जैसे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रसिद्ध संस्थानों द्वारा पेश किया जाने वाला एक लोकप्रिय कोर्स है।राजनीतिक सिद्धांत मुख्य रूप से राजनीतिक समुदाय और संस्थाओं की नींव से संबंधित है। यह मानव स्वभाव और राजनीतिक संघ के नैतिक उद्देश्यों पर ध्यान केंद्रित करता है। इन अवधारणाओं को स्पष्ट करने के लिए, राजनीतिक सिद्धांतकार प्राचीन ग्रीस से लेकर वर्तमान तक के स्थायी राजनीतिक लेखन और नैतिक दार्शनिकों द्वारा विभिन्न लेखन पर निर्भर करते हैं। राजनीतिक सिद्धांत व्यवहार में राजनीतिक संस्थाओं के काम करने के तरीके पर अनुभवजन्य शोध पर भी ध्यान केंद्रित करता है। यहाँ राजनीतिक सिद्धांतकार महत्वपूर्ण राजनीतिक लेखन में पाए जाने वाले राजनीतिक जीवन के बारे में विश्वासों को चल रहे मानव व्यवहार के प्रकाश में पुन: परीक्षण के अधीन करते हैं। किसी भी मामले में, राजनीतिक सिद्धांत अंतत: राजनीतिक सोच को गहरा करने और नागरिकों को जिम्मेदार और रचनात्मक राजनीतिक कार्रवाई के लिए प्रेरित करने का प्रयास करता है।

# जानिए बीए राजनीति विज्ञान में कैसे बनाएं करियर



### भारतीय विश्वविद्यालय

- हिंदू कॉलेज, दिल्ली
- प्रेसीडेंसी कॉलेज, चेन्नई
- लेडी श्री राम कॉलेज फॉर विमेन, दिल्ली
- •सेंट जेवियर्स कॉलेज, कोलकाता
- •गार्गी कॉलेज, दिल्ली
- रामजस कॉलेज, दिल्ली
- •चंडीगढ़ विश्वविद्यालय, चंडीगढ़
- •प्रेसीडेंसी विश्वविद्यालय, कोलकाता
- •लेडी ब्रेबोर्न कॉलेज, कोलकाता
- उस्मानिया विश्वविद्यालय, हैदराबाद

### करियर स्कोप

राजनीति विज्ञान में बैचलर्स पूरा करने के बाद, छात्र राजनीति विज्ञान में एमए का अध्ययन करने का विकल्प चुन सकते हैं या सरकार और अंतरराष्ट्रीय राजनीति, संघर्ष विश्लेषण और संकल्प, सार्वजनिक नीति, वैश्विक अध्ययन, लोक प्रशासन, अंतरराष्ट्रीय अर्थशास्त्र और वाणिज्यिक कूटनीति, अंतरराष्ट्रीय संबंधों में विशेषज्ञता का चयन कर सकते हैं। राजनीति विज्ञान में बैचलर्स की डिग्री के साथ, आप सिविल सेवा, कानून, राजनीतिक वैज्ञानिक, सामाजिक सेवा, पत्रकारिता, विपणन, शिक्षण, आदि जैसे अन्य क्षेत्रों में विस्तार करने के लिए एक मजबूत आधार बना सकते हैं। बीए पॉलिटिकल साइंस के बाद कुछ प्रमुख करियर विकल्प हैं-

- लाबीस्ट
- नीति विश्लेषक
- पॉलिटिशियन
- राजनीतिक सलाहकार
- खुफिया विश्लेषक
- पत्रकार या राजनीतिक संवाददाता
- सार्वजनिक संबंधो के विशेषज्ञ

### बीए राजनीति विज्ञान का अध्ययन क्यों करें

- इस कोर्स के जरिए आप एक राजनीति विज्ञान प्रमुख के रूप में, लेखन, संचार, विश्लेषणात्मक और डेटा कौशल में सुधार कर पाएंगे।
- इस कोर्स का अध्ययन आपको आलोचनात्मक और स्वतंत्र रूप से सोचने के लिए तैयार करता है। इससे आपको विभिन्न दृष्टिकोणों की सराहना करने में मदद मिलेगी और समसामयिक मामलों के आपके ज्ञान को व्यापक बनाएगी।
- राजनीति विज्ञान करियर के लिए बेहतरीन विकल्प है। राजनीति विज्ञान में पढ़ाई आपको निजी, लाभकारी और गैर-लाभकारी संगठनों के साथ-साथ सार्वजनिक क्षेत्र में कई अलग-अलग करियर के लिए अवसर प्रदान कर सकती है।
- बीए राजनीति विज्ञान का अध्ययन आपको कानून, पत्रकारिता, अंतरराष्ट्रीय मामलों, प्रारंभिक और माध्यमिक शिक्षा, सरकारी एजेंसियों और राजनीतिक कार्यालयों में पदों सहित विभिन्न प्रकार के करियर के लिए तैयार करता है।

# नक्सलियों ने अवैध कब्जे के आरोप में ठेकेदार को पीटा

**घटना से दहशत में हैं पूरा परिवार**

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** जिले के हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के घाघरा गांव में बीती रात टीपीसी नक्सलियों ने ठीकेदार राम प्रसाद यादव पर जानलेवा हमला किया। नक्सलियों ने उन्हें घर से अगवा कर बगल के जंगल में ले जाकर लाठी-डंडों से बेरहमी से पीटा। इस हिंसक हमले में प्रसाद यादव गंभीर रूप से घायल हो गए। उनका दायां हाथ एवं बायां पैर टूट गया है। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल (एमआरएमसीएच) रेफर कर दिया गया। जहां उनकी इलाज चल रहा है।



सूत्रों के अनुसार, यह हमला नक्सलियों द्वारा राम प्रसाद यादव पर सरकारी सामुदायिक भवन पर अवैध कब्जा हटाने की पुरानी मांग को लेकर किया गया। इससे पहले भी तीन महीने पहले टीपीसी उग्रवादियों ने राम प्रसाद यादव को इसी मुद्दे पर चेतावनी देते हुए पीटा था। परंतु कब्जा न हटाने के चलते नक्सलियों ने एक बार फिर उन पर हमला किया। घायल प्रसाद यादव ने कहा कि हमलावर 5-6 नक्सली थे। जिन्होंने उन्हें बंधक बनाकर जंगल में ले जाकर मारपीट की। जब उनकी पत्नी ने इसका विरोध किया तो उसे भी थप्पड़ मारा गया। इधर, एमआरएमसीएच में इलाज के दौरान राम प्रसाद ने जानकारी दी की वर्ष 2023 में गांव में ही 15 लाख की लागत से तालाब का निर्माण कराया था। इसमें 5 प्रतिशत पीसी की मांग की जा रही थी। इलाके में अब नक्सली नहीं हैं। ऐसे में धमकी को नजरअंदाज किया गया। इसी बीच अचानक उसके घर पर नक्सली पहुंचे और उसे पकड़कर उसकी पिटाई कर दी। उन्होंने कहा कि पिटाई करने वालों की पहचान नहीं कर पाए। इस घटना से उनका परिवार दहशत में है और सुरक्षा को लेकर चिंतित है। ग्रामीणों ने प्रशासन से सुरक्षा

# आपके घर तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना ही शिविर का उद्देश्य : मुखिया



नवीन मेल संवाददाता

**पांकी।** पांकी प्रखंड के मॉडन पंचायत में मंगलवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ग्रामीणों ने अपनी-अपनी समस्याओं से पदाधिकारियों को अवगत कराया। शिविर में लगाए गए स्टॉल में अबुआ आवास योजना, कृषि, समाज कल्याण, दाखिल खारिज, पेंशन योजना, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, जाति, आय, आवासीय प्रमाण पत्र, बिजली, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, मनरेगा संबंधित लोगों ने आवेदन दिया। पांकी प्रमुख पंचम प्रसाद, प्रखंड विकास पदाधिकारी अरुण कुमार मुंडा, पांकी मध्य जिला परिषद खुशबू कुमारी, मुखिया साजदा खातून ने विभिन्न स्टालों का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार में समस्याओं का निष्पादन ससमय हो और ज्यादा से ज्यादा लोगों को विभिन्न योजनाओं का लाभ मिले। इसके लिए जिला स्तर से कार्यक्रम की नियमित मॉनिटरिंग हो रही है। मुखिया साजदा खातून ने कहा कि सरकार आपकी हर समस्या से रूबरू होने आपके द्वार पहुंची है। सरकार की मंशा कल्याणकारी योजनाओं का लाभ हर पंचायत तक पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि शिविर में पहुंचकर सरकारी योजना का लाभ लेने के लिए अपील की, सभी का काम अपने पंचायत में ही हो रहा है। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि सह युवा समाजसेवी रफीक अंसारी,सी.आई उपेंद्र पासवान, पंचायत समिति मंजू देवी, अनिल कुमार पासवान, मंटू शर्मा, आरिफ अंसारी, प्रमोद कुमार पासवान, मुकेश शर्मा, स्वयं सेवक समसुल अंसारी सहित प्रखंड कर्मी सह अंचल कर्मी एवं सभी विभाग के पदाधिकारी मौजूद थे।

**अनुमंडल मुख्यालय में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का अयोजन**

# समस्या का त्वरित निष्पादन किया जाएगा : एसडीपीओ

नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** पलामू पुलिस की ओर से हुसैनाबाद अनुमंडल मुख्यालय के टाउन हॉल में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का अयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत अनुमंडल पदाधिकारी पियूष सिन्हा, एसडीपीओ मुकेश कुमार महतो, एलआरडीसी गोरांग महतो, पुलिस निरीक्षक सुरेश कुमार मंडल, अंचल पदाधिकारी हैदरनगर विकाश कुमार पांडेय, हुसैनाबाद थाना प्रभारी संजय कुमार यादव ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। एसडीपीओ मुकेश कुमार महतो ने एसडीओ को बुके देकर स्वागत किया। वहीं अंचल पुलिस निरीक्षक सुरेश कुमार मंडल ने एसडीपीओ मुकेश कुमार महतो को बुके देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में आए लोगों को संबोधित करते हुए एसडीपीओ मुकेश कुमार महतो ने कहा कि यह कार्यक्रम पुलिस महानिदेशक के निर्देश पर आम नागरिकों को सुविधा देने के लिये अयोजित की गई है। उन्होंने कहा की जो लोग अपनी-अपनी



समस्याओं को लेकर इस कार्यक्रम में पहुंचे है। उनकी समस्या शिकायत का त्वरित निष्पादन किया जाएगा। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पुलिस के प्रति लोगों के बीच विश्वाश बढ़ना है। उन्होंने कहा की लोग अपनी समस्याओं का शिकायत मोबाइल वाट्सएप नंबर 9122439779, डायल 112 फेसबुक, पलामू पुलिस के ट्विटर और जन शिकायत से संबंधित ईमेल आईडी पर भेज सकते हैं। इस कार्यक्रम में अनुमंडल क्षेत्र के हुसैनाबाद, हैदरनगर, मोहम्मदगंज, थाना क्षेत्र के आलावा दंगवार, देवरी ओपी, महुदंड ओपी के करीब 50 से अधिक लोगों ने अपनी अपनी समस्याओं के लिये आवेदन दिया। जिसमें कई आवेदनों का ऑन स्पॉट निष्पादन किया गया। इस मौके पर हैदरनगर थाना प्रभारी अफजल अंसारी, महिला थाना प्रभारी पार्वती कुमारी, मोहम्मदगंज थाना प्रभारी पंकज कुमार तिवारी , देवरी ओपी प्रभारी बब्लू कुमार, दंगवार ओपी प्रभारी सोनू गुप्ता, एसआई अनंत कुमार सिंह, एनडी सिंह, कलिका राम, महुदंड ओपी प्रभारी कामलेश सिंह, रामपुकार सिंह, डीएसपी रीडर राजशेखर कुमार, मो. अली, माया कुमारी, रंजन टूटी, सैयद मोहम्मद हुसैन, अमित कुमार समेत कई लोग मौजूद थे।

# प्रबंधन समिति के पुनर्गठन पर विवाद, अनियमितताओं का आरोप

नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** प्रखंड के हुसैनाबाद क्षेत्र स्थित देवरी खुर्द मध्य विद्यालय में स्कूल मैनेजमेंट कमेटी के अवैध पुनर्गठन को लेकर एक गंभीर मामला प्रकाश में आया है। विनोद सिंह यादव एवं अन्य ग्रामीणों ने प्रखंड शिक्षा प्रसार प्राधिकारी को एक विस्तृत शिकायत पत्र सौंपते हुए विद्यालय में हो रही अनियमितताओं की ओर ध्यान आकर्षित किया है। उन्होंने विद्यालय प्रशासन, विशेष रूप से प्रधानाध्यापक, पर नियमों की अनदेखी और शिक्षा प्रबंधन के नाम पर वित्तीय अनियमितताओं के गंभीर आरोप लगाए हैं। विद्यालय प्रबंधन और विकास योजनाओं में पारदर्शिता और अभिभावकों की सहभागिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से विद्यालय प्रबंधन समिति(एसएमसी) का गठन किया जाता है। इस कमेटी में अभिभावकों का प्रतिनिधित्व महत्वपूर्ण होता है, ताकि विद्यालय की गतिविधियों में मध्याह्न भोजन योजना, शैक्षणिक गुणवत्ता और विकास योजनाओं की निगरानी की जा सके। नियमों के अनुसार एसएमसी का गठन उन अभिभावकों की उपस्थिति में किया जाना चाहिए जिनके बच्चे विद्यालय में पढ़ते हैं। शिकायतकर्ता विनोद सिंह यादव सहित दर्जनों ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि विद्यालय में एसएमसी का पुनर्गठन अवैध तरीके से किया गया है। उनके अनुसार, पुनर्गठन के दौरान नियमों की पूरी तरह अनदेखी की गई और बैठक में ऐसे लोगों को शामिल किया गया जिनके बच्चे विद्यालय में नामांकित नहीं हैं। यादव का दावा है कि इस प्रक्रिया का उद्देश्य एक विशेष व्यक्ति, धर्मेन्द्र मेहता, को लगातार तीसरी बार एसएमसी का अध्यक्ष बनाना था। उन्होंने आरोप लगाया कि यह सब प्रधानाध्यापक की मिलीभगत से किया गया, ताकि मध्याह्न भोजन योजना और विद्यालय विकास के लिए मिलने वाली धनराशि का दुरुपयोग किया जा सके। विनोद यादव सहित ग्रामीणों ने प्रखंड शिक्षा प्रसार प्राधिकारी से आग्रह किया है कि इस मामले की उच्च स्तरीय जांच की जाए और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए।

## जन शिकायत समाधान कार्यक्रम में आए 77 मामले

**सतबरवा।** लेस्लीगंज थाना अंतर्गत धावडीह पंचायत सचिवालय में मंगलवार को जन शिकायत समाधान कार्यक्रम जागरूकता अभियान के तहत जनता दरबार लगाया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित एसडीपीओ मनोज कुमार झा ने बताया कि 77 मामले 2 बजे तक आए हैं। जिसमें 10 मामला लेस्लीगंज का है। इसमें एक मामला तरहसी थाना का आया है, जिसमें विरासपति देवी ने 2 लाख 34 हजार पॉस्को के केस में सुलह कराने के नाम से तरहसी निवासी पप्पू यादव पर ठगी कर लेने का आरोपल लगाया है। इस मामला में एफआईआर किया गया। धावाडीह मुखिया रिंकी यादव ने बताया कि गांव की समस्या का समाधान गांव में हो रहा है। इससे वह बेहद खुश है।

# 10 लाख की लागत से बनने वाले दो कमरों का शिलान्यास

नवीन मेल संवाददाता

**खरौंधी। (गढ़वा)** मंगलवार को उच्च विद्यालय खरौंधी में विधायक भानु प्रताप शाही ने विधायक मद से 10 लाख रुपये की लागत से बनने वाले पुस्तकालय भवन का शिलान्यास नारियल फोड़कर किया। इसके पश्चात विद्यालय परिसर में एक सभा का आयोजन किया गया।

उन्होंने कहा कि कुछ दिन पूर्व विद्यालय में एक कार्यक्रम आयोजित हुआ था। जिसमें पलामू सांसद विष्णु दयाल राम के साथ वह भी शामिल हुए थे। उसी समय दोनों लोगो ने अपने अपने मद से 10-10 लाख रुपए का भवन देने का घोषणा किया था। विधायक मद से विद्यालय में 10 लाख रुपए का पुस्तकालय भवन का शिलान्यास किया गया है। जिसका निर्माण कार्य पूर्ण हो जाने पर विद्यालय के छात्र-छात्रा को शिक्षण सामग्री आसानी से मिल जायेगा। उम्मीद है कि जल्द सांसद मद से भी 10 लाख का भवन निर्माण करवाया जायेगा।

## पेज एक का शेष

**गांव समृद्ध होंगे...**

इस देश में किसान वर्ग के लिए जो नीतियां बनाई गई हैं, उसका फलाफल बहुत कारगर साबित नहीं हुआ है। बड़े पैमाने पर किसान वर्ग के लोग अब खेतीहर मजदूर के रूप में गिने जा रहे है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भौतिकवादी युग में विकास के विभिन्न मापदंड, सही नीति निर्धारण की कमी तथा जलवायु परिवर्तन किसानों को मजदूर बनने पर मजबूर कर रही है। यह एक बहुत गंभीर और चिंतनीय विषय है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार ने राज्य में किसान वर्गों के लिए खेती की वैकल्पिक व्यवस्था पर विशेष बल दिया है। राज्य सरकार का प्रयास है कि किसान बंधुओं को खेती-कृषि के साथ-साथ पारंपरिक व्यवस्थाओं से जोड़कर आगे बढ़ाया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा मछली पालन, गाय पालन, मुर्गी पालन, दुग्ध उत्पादन सहित विभिन्न पशुपालन के माध्यम से जोड़कर कृषकों की आर्थिक स्थिति को मजबूत करने के लिए निरंतर योजनाएं संचालित की जा रही है। मुख्यमंत्री ने कृषकों से अपील की कि वे पशुपालन से संबंधित विभिन्न योजनाओं का लाभ जरूर लें। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड में परंपरागत खेती-कृषि के साथ-साथ पशुपालन की परंपरा भी रही है। इन सभी परंपराओं का अनुकरण करते हुए हम सभी लोग आज यहां तक पहुंचे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्रामीणों का मूलधन खेत-खलिहान और पशुधन होता है। आप इसे यह कह सकते हैं कि किसानों का बैंक और एटीएम कार्ड खेत-खलिहान और पशुधन ही है। ग्रामीण किसान परिवारों की हर जरूरत इसी से पूरी होती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार ने वनोपज को बाजार उपलब्ध कराने के उद्देश्य को पूरा कर रही है। ग्रामीणों को वन उपज का सही मूल्य मिल सके, इसके लिए भी उनकी सरकार संकल्पित है। खेती-कृषि, विभिन्न पशुपालन तथा वनोपज को एक उचित प्लेटफार्म उपलब्ध कराया जाए, तो आने वाले कई समस्याओं से ग्रामीण किसानों को बचाया जा सकेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि मेरा मानना है कि देश, समाज और परिवार में कृषक वर्ग का स्थान बहुत महत्व रखता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन सभी चीजों को मद्देनजर रखते हुए राज्य सरकार द्वारा किसान पाठशाला, बिरसा हरित ग्राम योजना, दीदी बाड़ी योजना, दीदी बगिया योजना सहित कई अन्य योजनाओं का संचालन किया जा रहा है, ताकि ग्रामीण परिवार इन योजनाओं से जुड़कर आर्थिक रूप से मजबूत हो सके।

**राज्य सरकार ने...**

ऐसे बयान से राज्य के शीर्ष अफसरों और सरकारी पाधिकारियों का चरित्र हनन करने की बात कही गई है। पत्र के अनुसार दोनों नेताओं के दौरे के दौरान यह पाया गया है कि उनके भाषण और बयान उत्तेजक, शत्रुतापूर्ण, झारखंड राज्य के प्रशासन के खिलाफ होते हैं। डीजीपी, एसएसपी, एसपी जैसे शीर्ष अधिकारियों की गतिविधियों के खिलाफ उनके बयान होते हैं।

पत्र में कहा है कि दोनों नेता कई गांवों का दौरा कर रहे हैं। रैलियां कर रहे हैं और इस तरह के बयान देते रहते हैं। इस कारण सरकारी अधिकारियों में प्रतिशोध का डर है और वह कर्तव्य का पालन करने में हतोत्साहित हो रहे हैं। पत्र के साथ हिमंता बिस्वा सरमा और शिवराज सिंह चौहान सहित अन्य भाजपा नेताओं के जरिये सोशल मीडिया पर किए गए पोस्ट की स्क्रीनशॉट भी चुनाव आयोग को भेजी गई है। साथ ही कहा गया है कि भाजपा नेताओं के बयान सांप्रदायिक तनाव पैदा करने वाले हैं।

राज्य सरकार की तरफ से लिखे गए पत्र में कहा गया है कि अभी तक राज्य में आदर्श आचार संहिता लागू नहीं हुई है, लेकिन भाजपा ने 17 जून को शिवराज सिंह चौहान को प्रभारी और हिमंता बिस्वा सरमा को सह प्रभारी नियुक्त किया है। इसके बाद से दोनों नेता हर सप्ताह झारखंड दौरे पर आते हैं। दोनों नेता जेड प्लस सुरक्षा प्राप्त व्यक्ति है। शिवराज सिंह केंद्रीय मंत्री हैं, जबकि हिमंता बिस्वा सरमा असम के मुख्यमंत्री हैं। उल्लेखनीय है कि शिवराज सिंह चौहान झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा के प्रभारी हैं, जबकि हिमंता सह प्रभारी है। दोनों नेता लगातार झारखंड आ रहे हैं। विभिन्न कार्यक्रमों में भाग ले रहे हैं और लोगों से मिल रहे हैं। इस दौरान दोनों नेताओं की प्रेस कांफ्रेंस और सभा भी हो रही है।

**बिजली उपभोक्ताओं की...**

व्यवस्था यह है कि हर महीने उपभोक्ता को बिजली बिल मिले। अगर दो महीने में भी बिजली का बिल मिलता है, तो उसमें भी 200 यूनिट बिजली की सब्सिडी मिलेगी। सब्सिडी को घटाकर उपभोक्ताओं को बिल दिया जाएगा।

अपनी सब्सिडी पाने के लिए किसी को भी आवेदन लिखने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि उपभोक्तओं की सब्सिडी के साथ खिलवाड़ करने वालों पर यथोचित कारवाई की जाएगी।

**आत्महत्या रोकथाम सप्ताह पर स्वास्थ्य विभाग ने निकाली रैली**

# आत्महत्या का विचार आने पर टॉल फ्री नंबर पर सलाह लें : सिविल सर्जन



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** विश्व आत्महत्या रोकथाम सप्ताह पर मंगलवार को स्वास्थ्य विभाग की ओर से एमएमसीएच से जागरूकता रैली निकाली गयी। मार्च सिविल सर्जन डॉ. अनिल कुमार सिंह ने हरी झंडी दिखाकर शहर भ्रमण के लिए रवाना किया। मौके पर सिविल सर्जन अनिल कुमार सिंह ने बताया कि अगर किसी व्यक्ति को आत्महत्या से जुड़े ख्याल आते हैं तो वह 14416 टोल फ्री नंबर पर बात कर उचित सलाह ले सकता है। अमूमन ऐसा देखा जाता है कि उसी व्यक्ति के अंदर आत्महत्या के विचार आते हैं जिसका विश्वास उठ जाता है। सकारात्मक विचारधारा और उम्मीद से आत्महत्या की प्रवृत्ति को काफी काम किया जा सकता है। बताते चलें कि आत्महत्या की रोकथाम के लिए पलामू जिला स्वास्थ्य विभाग की ओर से पहल की जा रही है। पूरे देश में इसका आयोजन राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत कराया जा रहा है। फिलहाल 10 से 16 सितंबर तक विश्व आत्महत्या रोकथाम सप्ताह मनाया जा रहा है। एक आंकड़े के अनुसार पलामू जिले में हर दूसरे दिन एक व्यक्ति आत्महत्या करता है। कोविड-19 के बाद आत्महत्या के मामले दिन प्रतिदिन बढ़ते जा रहे हैं। पिछले वर्ष पलामू के विभिन्न हिस्सों में 195 लोगों ने आत्महत्या की। 2024 के अगस्त माह तक यह आंकड़ा 130 से भी अधिक पहुंच चुकी है। कार्यक्रम के दौरान मनोचिकित्सक डॉ. सुनील कुमार डॉ.अंशुमान सागर एवं कई महिला एएनएम मौजूद रही।

# क्षेत्र के हर गांव व कस्बों को जोड़ना लक्ष्यः आलोक चौरसिया



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** स्थानीय विधायक आलोक कुमार चौरसिया ने क्षेत्र के विकास में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि दर्ज करते हुए करोड़ों रुपये की लागत से विभिन्न सड़कों के विशेष मरम्मति कार्यों का शिलान्यास किया। यह पहल क्षेत्र के ग्रामीण और शहरी इलाकों के यातायात और आधारभूत संरचना को और भी मजबूत करने की दिशा में एक बड़ा कदम मानी जा रही है। इन सड़कों के निर्माण और मरम्मत से क्षेत्र में आवागमन सुगम होने के साथ स्थानीय जनता को राहत मिलेगी। विधायक ने चैनपुर और उसके आसपास के कई महत्वपूर्ण सड़कों के विशेष मरम्मति कार्य का शिलान्यास किया। इसके अंतर्गत कुल 17.350 किमी लंबाई की सड़कों का मरम्मति कार्य किया जाएगा, जिसकी कुल लागत 1085.696 लाख रुपये है। मरम्मत किए जाने वाले मार्गों में पीडब्ल्यूडी पथ से जगन्नाथ मिश्रा इंटर कॉलेज से कल्याणपुर होते हुए नन्फुलिया तक, चांदो से दुबा तक, चांदो से मुरु होते हुए महाउत मुड़िया तक तथा चांदो से अवसाने तक की सड़कों का कार्य शामिल है। विधायक आलोक कुमार चौरसिया ने कहा कि यह क्षेत्र के लोगों के लिए विकास की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम है। इन सड़कों के मरम्मति से न केवल ग्रामीण इलाकों में आवागमन में सुधार होगा, बल्कि यह क्षेत्र के समग्र विकास में भी सहायक होगा। हमारा लक्ष्य है कि हर गांव और हर व्यक्ति को बुनियादी सुविधाएं मिले और विकास के इस क्रम में कोई भी पीछे न छूटे।

**20 सूत्री अध्यक्ष के शिकायत के बाद भी नहीं हो सकी कोई कार्रवाई**

# शराब दुकान की मनमानी से ग्राहक परेशान, जबरन वसूला जा रहा निर्धारित मूल्य से अधिक कीमत

**'जल्द ही सुधार कर दुकान पर मूल्य तालिका लगाई जाएगी'**

नवीन मेल संवाददाता

**हैदरनगर।** पलामू जिले के हुसैनाबाद, हैदरनगर और मोहम्मदगंज में विदेशी शराब दुकानों पर ग्राहकों से जबरन निर्धारित मूल्य तालिका से अधिक पैसा लिया जा रहा है। बताते चलें कि 9 सितंबर 2024 की शाम को हुसैनाबाद के हरिहर चौक निवासी सह बियर लेने आये ग्राहक प्रमोद कुमार ने 180 रुपये के बियर 200 रुपये में देने का विरोध किया, लेकिन बियर 200 में ही दिया गया। यह मामला पूर्व में भी कुछ प्रमुख अखबारों में सुर्खियों में रहा है। हैदरनगर प्रखंड के 20 सूत्री अध्यक्ष विमलेश कुमार सिंह ने भी पूर्व में मदनिषेध के विभागीय उच्च पदाधिकारी को भी इस मामले से अवगत कराया था। लेकिन अभी तक इस पर कोई ठोस कार्रवाई



नहीं की गई। शराब दुकानदारों द्वारा मूल्य से अधिक रुपये जबरन उगाही करने का मामला थम नहीं रहा है। वहीं सेल्समैन से पूछे जाने पर कहा कि जहां जाना है, जाइए, सभी जगह मैनेज किया हुआ है। जबकि शिकायत के बाद जिला के मदनिषेध के पदाधिकारियों ने कहा था कि जल्द ही सुधार कर दुकान पर मूल्य तालिका लगाई जाएगी। लेकिन आज तक वही निर्धारित मूल्य से अधिक 20 से 30 रुपये तक वसूला जा रहा है। कार्रवाई नहीं होने से यह साफ झलकता है कि दुकान में बैठे सेल्समैन द्वारा अधिक पैसे लेने व ऊपर से नीचे तक कमीशन देने की बात सही साबित होती नजर आ रही है। इस मामले में संबंधित पदाधिकारी भी संज्ञान नहीं ले रहे हैं। जिससे यह साबित होता है कि संपूर्ण हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र के शराब दुकानों से जनता का पैसा लूटा जा रहा है।

## फरियाद लेकर घंटों बैठी रही ग्रामीण महिलाएं

**हैदरनगर।** प्रखंड के इमामनगर बरेवा पंचायत में प्राचीन शिव मंदिर परिसर में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत निर्धारित तिथि अनुसार शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में दर्जनों गांवों के सैकड़ों बुजुर्ग महिला पुरुष अधिकारियों को विभिन्न समस्याओं को लेकर दुखड़ा सुनाने लिखित और मौखिक रूप में आये थे। यहां तक कि शिविर का शुभारंभ और संचालन शुरू कराने को लेकर प्रतिनिधियों को भी घंटों इंतजार करना पड़ा। वहीं दोपहर 12 बजे 20 सूत्री अध्यक्ष बिमलेश सिंह, समाजसेवी रामजी सिंह, उपप्रमुख पप्पू कुमार पासवान, जयप्रकाश कुशवाहा ने दीप जलाकर कार्यक्रम को शुरू कराया। उन्होंने बताया कि इस शिविर में बीडीओ और सीओ सहित अन्य कई अधिकारियों की अनुपस्थिति से सुदूर ग्रामीण क्षेत्र के लोगों में काफी निराशा हाथ लगी है। उनके आने की आस में बुजुर्ग महिला-पुरुष दोपहर बाद तक आवेदन लेकर बैठे रहे। इससे निराश ग्रामीणों ने प्रखंड और अंचल के कर्मी और कंप्यूटर ऑपरेटर को आवेदन सौंप चलते बने। इससे साफ होता है कि इस शिवीर का महज कॉलम पूरा किया गया है।

## भगवान विश्वकर्मा के भव्य पूजा की तैयारी शुरू

**मोहम्मदगंज।** प्राचीन गीता भवन परिसर में शिल्पियों के अधिष्ठता भगवान विश्वकर्मा के नवस्थापित मंदिर में 17 सितंबर को उनकी पूजा-अर्चना के लिए तैयारी शुरू कर दी गई है। दरअसल, पहले काफी वर्षों तक वहां आधे-अधूरे मंदिर में खासकर, भजनियां और मोहम्मदगंज के विश्वकर्मा समाज के लोग ही परंपरागत रूप से पूजा-अर्चना और भजन-कीर्तन के साथ हर साल अपने अधिष्ठता की आराधना करते रहे हैं। मगर नवस्थापित मंदिर में इस साल भगवान विश्वकर्मा की भव्य तरीके से पूजा अर्चना की जाएगी। जिसमें प्रखंड क्षेत्र के प्रायः सभी गांवों के विश्वकर्मा समाज के लोगों की भागीदारी होगी। इसे लेकर समाज के प्रबुद्ध लोगों से 17 सितंबर को इस मंदिर में आयोजित विश्वकर्मा पूजा महोत्सव में उनकी सहभागिता को अति आवश्यक बताते हुए समाज के सोशल मीडिया ग्रुप के माध्यम से इसे सुनिश्चित करने का निवेदन किया गया है। इससे पहले आर्थिक सहायता करने की भी बात कही गई है। जितने भी लोग काम के सिलसिले में परदेस गए हैं, उनलोगों से भी सहयोग राशि विश्वकर्मा समाज के खाता पर भेजने की अपील की गई है। बता दें कि प्राचीन गीता भवन परिसर वर्षों से विरान हो गया था।

# मोदी युग में एकात्म मानववाद

**'एकात्म'** शब्द का अर्थ है 'किसी चीज़ के एक हिस्से के रूप में आवश्यक और महत्वपूर्ण', जबकि 'मानवतावाद' का अर्थ है 'मानव मूल्यों और हितों पर आधारित विचार और तर्क की एक प्रणाली, अक्सर धर्म में विश्वासों को स्वीकार किए बिना'। दीन दयाल उपाध्याय ने 'एकात्म मानववाद' वाक्यांश गढ़ा, जिसका अर्थ था कि मनुष्य न केवल सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक केंद्र की मुख्य स्थिति में है, बल्कि प्रकृति का एक अभिन्न अंग भी है और ब्रह्मांड के साथ एक जैविक एकता में है। दीन दयाल उपाध्याय के लिए, ऐसे समग्र आदर्श केवल ऐसे समाज में ही प्राप्त किए जा सकते हैं, जिसमें ऐसे सदस्य शामिल हों जो एक-दूसरे से अभिन्न रूप से जुड़े हों। ऐसे संबंध की मूल धारणा यह होगी कि व्यक्ति अपने शरीर, मन, बुद्धि और आत्मा के समुचित विकास के माध्यम से समग्र रूप से विकसित व्यक्तित्व रखता है क्योंकि मनुष्य बहुआयामी होता है। उपाध्याय कहते हैं, "शरीर, मन, बुद्धि और आत्मा, - ये चार एक व्यक्ति का निर्माण करते हैं।" ये चार तत्व चार सार्वभौमिक उद्देश्यों के अनुरूप हैं जो मानव जीवन के शिखर अर्थात पुरुषार्थ का निर्माण करते हैं - धर्म (नैतिक कर्तव्य), अर्थ (धन), काम (इच्छा) और मोक्ष (पूर्ण मुक्ति और मोक्ष)। केवल अपने व्यक्तित्व के सभी आयामों के उचित पोषण और एकीकरण के माध्यम से, मनुष्य एक पूर्ण और संतुलित जीवन प्राप्त कर सकता है जो अपने अंतिम लक्ष्य की ओर ले जाता है। उपाध्याय के लिए, समाज में वही तत्व शामिल हैं, यानी शरीर, मन, बुद्धि और आत्मा, जो मनुष्य के हैं। उनके अनुसार, समाज एक विस्तृत मनुष्य, 'विराट' है। मनुष्य और समाज के बीच का संबंध मानव शरीर में कोशिकाओं के बीच के संबंध के समान है जो उसके अंगों का निर्माण करते हैं। उपाध्याय का एकात्म मानववाद अत्यंत महत्वपूर्ण है क्योंकि यह व्यक्ति, समाज, मानव जाति और संपूर्ण ब्रह्मांड के हितों को सामंजस्य में लाने का प्रयास करता है। मानव प्रकृति का मूल नियम विभिन्न स्थितियों में व्यवहार के औचित्य को तय करने का मानक है। मनुष्य के व्यक्तित्व का एकीकृत विकास व्यक्ति को अपने अधिकारों और दायित्वों के प्रति पूरी तरह से जागरूक बनाता है। ऐसे व्यक्तियों से युक्त समाज आत्म चेतना की भावना से, धर्म के अनुसार कार्य करता है, अर्थात कर्म के गुण और दोष पर उचित विचार करते हुए। उपाध्याय इसे 'चिति' कहते हैं। इसका अर्थ है प्रकृति की अनुकूलता के अनुसार कार्य करना, जिसे विकसित किया जाना चाहिए; जबकि, जो कुछ भी 'चिति' के विरुद्ध है उसे अवांछनीय मानकर त्याग देना चाहिए।



**प्रो. आभा सिंह**

पूर्व प्रो-वाइस-चांसलर बीएन मंडल विश्वविद्यालय मधेपुरा, बिहार

प्रोफेसर और विभागाध्यक्ष (सेवानिवृत्त), पी.जी. दर्शनशास्त्र विभाग पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय, पटना, बिहार

महात्मा गांधी संस्थान मोका, मॉरीशस में आईसीसीआर चेयर के रूप में पूर्व विजिटिंग प्रोफेसर

व्यक्तियों के संचित धर्म द्वारा निर्मित आत्म-चेतना या चिति वह शक्ति है जिसके माध्यम से एक राष्ट्र कायम रहता है। विभिन्न राष्ट्रों की संयुक्त चिति मानवता की आत्म-चेतना का निर्माण करती है। सामूहिक आत्म-चेतना ब्रह्मांड की आत्म-चेतना के रूप में कार्य करती है, जो मानवता की एकता के दृष्टिकोण को मूर्त रूप देती है जिसे एकात्म मानववाद के रूप में जाना जाता है। उपाध्याय ने इस अवधारणा को भारत के विकास के एक नए दृष्टिकोण के रूप में प्रस्तुत किया, जिसमें सांस्कृतिक और आध्यात्मिक मूल्यों, व्यक्ति और समाज की अन्योन्याश्रयता पर जोर दिया गया।

एकात्म मानववाद का दर्शन न केवल भारत के लिए बल्कि संपूर्ण मानवता के लिए रामबाण है, जो तीसरे विश्व युद्ध के कगार पर पहुंच गई है। मानवता को एकीकृत करने के ऐसे उत्कृष्ट विचारों को पीएम मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने के लिए उन्हें एक व्यावहारिक वास्तविकता में बदलने के दृष्टिकोण के रूप में अपनाया है। जब भारत के लोगों ने 2014 में श्री नरेंद्र मोदी को इसकी बागडोर सौंपी, तो देश गहरे संकट में था क्योंकि कल्याण के सभी चार आयाम - बुद्धि (मानसिक आयाम), शरीर (भौतिक आयाम), मन (भावनात्मक आयाम), आत्मा (आध्यात्मिक आयाम) - जो एकात्म मानववाद के स्पेक्ट्रम की रचना करते हैं, गहराई से प्रभावित थे। पीएम मोदी यह अच्छी तरह से समझते थे कि जब तक मनुष्य के सभी चार आयामों को सहायता नहीं मिलती, तब तक भारत दलदल से बाहर नहीं निकल पाएगा और वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने और नेतृत्व करने की अपनी क्षमता को पुनः प्राप्त नहीं कर पाएगा। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में सरकार ने इस दिशा में अथक प्रयास करना शुरू कर दिया है, जिससे आम जनता को मानव जीवन के चार पुरुषार्थों - धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष - के माध्यम से एकीकृत व्यक्तित्व प्राप्त करने में मदद मिल सके, ताकि उन्हें अपने वास्तविक स्वरूप का एहसास हो सके। ये चारों पुरुषार्थ, एकीकृत तरीके से, व्यक्तियों के समग्र विकास के लिए मार्गदर्शक सिद्धांतों के रूप में काम करेंगे और उन्हें एक एकीकृत व्यक्तित्व विकसित करने में मदद करेंगे, जो 'चिति' का निवास है। इसलिए, मैं चारों पुरुषार्थों के लिए मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार की पहलों को समझाने की कोशिश करूंगा, जो न केवल व्यक्तियों को एक एकीकृत व्यक्तित्व विकसित करने और राष्ट्र की "चिति" को मजबूत करने वाला एक अच्छा नागरिक बनने में मदद करती हैं, बल्कि सार्वभौमिक स्तर पर एक एकीकृत मानवता बनाने का प्रयास भी करती हैं।

**धर्म:** भारतीय परंपरा में मोक्ष को नैतिकता की प्रेरणा और धर्म को इसका साधन माना गया है। हालाँकि धर्म शब्द के अर्थ बहुत व्यापक हैं, मैं इसका प्रयोग उन गुणों और कर्तव्यों के अर्थ में करना चाहूँगा जिनका मनुष्य को पालन करना चाहिए क्योंकि भारतीय परंपरा कर्तव्य केंद्रित है। एक आदमी के धर्म से, इसका सामान्य अर्थ दूसरों के प्रति और स्वयं के प्रति उसके कर्तव्यों या दायित्वों से है। यह ऋण (ऋण) की अवधारणा के आधार पर कर्तव्य की एक अनूठी समझ को बनाए रखता है। एक व्यक्ति वह है जो वह बहुत सारे लोगों, सामान्य रूप से मानवता और प्रकृति के योगदान के कारण है। दूसरों के प्रति एक व्यक्ति के कर्तव्य उनके प्रति ऋणग्रस्तता से उत्पन्न होते हैं। विभिन्न व्यक्तियों और पूरी मानवता के प्रति अपने दायित्वों को पूरा करना उन सभी व्यक्तियों, मानवता और प्रकृति के प्रति अपने ऋण को चुकाने के लिए किए गए कार्यों में शामिल है। इस प्रकार, धर्म के अंतर्गत गिनाए गए कर्तव्य या गुण हमेशा, सख्ती से कहें तो, सामान्य शब्दावली में नैतिक कर्तव्य या गुण नहीं होते हैं; उदाहरण के लिए, इनमें स्वास्थ्य, ज्ञान आदि के संबंध में कर्तव्य भी शामिल हैं। यह जैविक विचार पर आधारित है, जिसमें यह एक ऐसे राष्ट्र की कल्पना करता है, जो नैतिक व्यवस्था के सामान्य सिद्धांतों द्वारा निर्देशित होता है, एक ऐसा राष्ट्र, जहाँ सभी नागरिक खुद को एक ही लोकाचार के हिस्से के रूप में पहचानते हैं। इस प्रकार, 'धर्म' नैतिक मूल्यों को दर्शाता है। भौतिकवाद में लिप्त भारतीय जनसमूह को ज्ञान और डिजिटल प्रौद्योगिकी में घातीय वृद्धि की प्रमुख विघटनकारी और अजेय शक्तियों की चुनौती का सामना करना पड़ा। नए समग्र ज्ञान और प्रौद्योगिकियों की एक श्रृंखला की संयुक्त शक्ति ने समाज को ज्ञान/वैचारिक युग में आगे बढ़ाया। हालाँकि, इस प्रक्रिया का आम जनता पर कुछ प्रतिकूल प्रभाव भी पड़ता है। कुछ सामाजिक वैज्ञानिकों का अनुमान है कि आने वाले दशकों में केवल दो प्रतिशत कार्यशील आबादी जमीन पर काम करेगी, लगभग 10% उद्योग में और बाकी लोग प्रगतिशील विचारों के नए ज्ञान युग द्वारा बनाए गए सहयोगी मानव नेटवर्किंग और सेवा नौकरियों में होंगे। इस तथ्य को समायोजित करने के लिए सभी प्रमुख शिक्षा, राजनीतिक व्यवसाय और अन्य सामाजिक सेवा संस्थानों को पूर्ण परिवर्तन से गुजरना होगा। समाज को ज्ञान/वैचारिक युग के समाज में सुचारू रूप से संक्रमण का मार्गदर्शन करने की जिम्मेदारी लेने के लिए नवीन पद्धति विकसित करने की तत्काल आवश्यकता थी। इस उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए और मूल्य-आधारित कर्तव्य केंद्रितता और नैतिकता की मूल अवधारणा के साथ जुड़ाव को लागू करने के लिए, भारत की शिक्षा प्रणाली में पूर्ण बदलाव हुआ। इसे राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी), 2020 के रूप में प्रतिष्ठित किया गया है। एनईपी 2020 एक अच्छी तरह से शोध किया गया और अच्छी तरह से तैयार किया गया दस्तावेज है यह नैतिक तर्क, पारंपरिक भारतीय मूल्यों और सभी बुनियादी मानवीय और संवैधानिक मूल्यों जैसे सेवा, अहिंसा, स्वच्छता, सत्य, निष्काम कर्म, शांति, त्याग, सहिष्णुता, विविधता, बहुलवाद, धार्मिक आचरण, लैंगिक संवेदनशीलता, बड़ों के प्रति सम्मान, सभी लोगों के प्रति सम्मान और छात्रों की अंतर्निहित क्षमताओं को उनकी पृष्ठभूमि की परवाह किए बिना बढ़ाने आदि के साथ वैश्विक मानकों के अनुरूप शिक्षा प्रणाली को नया रूप देने पर केंद्रित है। एनईपी 2020 तार्किक निर्णय लेने और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए रचनात्मकता और आलोचनात्मक सोच को प्रोत्साहित करने पर केंद्रित है। पीएम मोदी के लिए, सार्वभौमिक उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा व्यक्ति, समाज, देश और दुनिया की भलाई के लिए हमारे देश की समृद्ध प्रतिभाओं और संसाधनों को विकसित करने और अधिकतम करने का सबसे अच्छा तरीका है, क्योंकि यह लोगों के बीच एकजुटता विकसित करने में मदद करेगी। इसका उद्देश्य बहुभाषी और समग्र शिक्षा की स्थापना के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता संचालित समाधानों का उपयोग करना है। पीएम मोदी का इरादा भारत को ज्ञान का केंद्र बनाना और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तक सार्वभौमिक पहुँच प्रदान करके इसके पिछले गौरव को पुनर्जीवित करना है। यह आर्थिक विकास, सामाजिक न्याय और समानता, वैज्ञानिक उन्नति, राष्ट्रीय एकीकरण और सांस्कृतिक संरक्षण के मामले में भारत के निरंतर उत्थान और वैश्विक मंच पर नेतृत्व की कुंजी है। यह कल्पना की गई थी कि इस तरह के विकास से जन्मजात मानवीय ज्ञान का पता चलेगा और एक प्रबुद्ध नैतिक समाज के निर्माण में गहरा प्रभाव पड़ेगा। रचनात्मक समाज का निर्माण बुद्धि के विकास का एक स्वाभाविक परिणाम है। इसके अतिरिक्त, ऐसे लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए, सरकार को कानून और व्यवस्था बनाए रखनी होगी और अराजकता को रोकना होगा, जो निश्चित रूप से धर्म को नष्ट कर देती है। धर्म की व्यापकता के लिए राज्य में स्थिरता आवश्यक है और मोदी सरकार इस लक्ष्य के लिए प्रयास करने के लिए सच्ची है। बेशक, भारत में बहुलवादी समाज शामिल हैं। विभिन्न समाजों में उनके संस्थागत ढांचे और पारंपरिक रोल मॉडल के अनुसार अंतर-व्यक्तिगत दायित्वों की अलग-अलग अवधारणाएँ और मानदंड होंगे। लेकिन दूसरों के प्रति अपने ऋण को चुकाने के रूप में कर्तव्य का विचार सार्वभौमिक है और धर्म या नैतिकता की इमारत को मजबूत करने वाले किसी भी ऐतिहासिक-सांस्कृतिक संदर्भ से स्वतंत्र है।



**अर्थ :** मूल्यों की तुलना में, बेशक, धर्म प्रमुखता रखता है, लेकिन अर्थ के बिना धर्म का पालन करना संभव नहीं है। मूल्यों की योजना में अर्थ का आर्थिक महत्व है। जीवन की बुनियादी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए अर्थ की खोज एक शर्त है। धर्म इस तरह से अर्थ में व्याप्त है कि अर्थ की प्राप्ति में, धर्म को मनुष्य का आवश्यक मार्गदर्शक होना चाहिए। बुद्धि पर ध्यान देना महत्वपूर्ण है; लेकिन यह भी जरूरी है कि शरीर की उपेक्षा न हो। उपनिषद स्पष्ट रूप से घोषणा करते हैं कि कमजोर व्यक्ति आत्मा का एहसास नहीं कर सकता। शरीर वास्तव में धर्म द्वारा दिए गए उत्तरदायित्व को निभाने का प्राथमिक साधन है। निस्संदेह, अर्थ धर्म के तहत दिए गए उत्तरदायित्वों को पूरा करने के साधन के रूप में कार्य करता है। हालाँकि, यह अर्थ को कम महत्वपूर्ण नहीं बनाता है। जाहिर है, इसी धारणा को ध्यान में रखते हुए प्रधानमंत्री मोदी प्रत्येक भारतीय नागरिक के आर्थिक उत्थान के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं। उपाध्याय और अन्य एकात्म मानवतावादियों की विचारधाराओं का अनुसरण करते हुए मोदी का आदर्श वाक्य समावेशी विकास है, जिसमें प्रत्येक नागरिक और समाज का प्रत्येक क्षेत्र आर्थिक प्रगति में योगदान देता है और उससे लाभान्वित होता है। सरकार आर्थिक और सामाजिक क्षेत्र में बेहतरी के लिए प्रयास कर रही है, ताकि लंबे समय में आम जनता आत्मनिर्भर बन सके। राष्ट्र निर्माण के लिए एक स्पष्ट रूप से कठोर प्रयास में, सरकार ने वस्तु एवं सेवा कर लागू किया, जो केंद्रीय और राज्य कानूनों को एकीकृत करता है। इससे बदले में, एकल साझा बाजार बनाने में मदद मिली। इसके अलावा, यह बेरोजगारी को दूर करने, कृषि क्षेत्र को बढ़ावा देने और बुनियादी ढांचे, विशेष रूप से ऊर्जा और बिजली उत्पादन के विकास में तेजी लाने के माध्यम से सुधारों का पुनर्मूल्यांकन और पुनरुद्धार करने का प्रस्ताव करता है। इसके अलावा, सामाजिक जागरूकता और आर्थिक उत्थान के लिए पहल के लिए विभिन्न कार्यक्रम शुरू किए गए हैं। उनमें से कुछ सबसे महत्वपूर्ण हैं 'स्वच्छ भारत मिशन', 'मेक इन इंडिया', 'जन धन योजना'। इसके अतिरिक्त, 'मुद्रा योजना' 'उज्ज्वला योजना', 'आयुष्मान भारत', 'डिजिटल इंडिया' का उद्देश्य वित्तीय समावेशन है और ऋण तथा बैंकिंग सेवाओं तक आसान पहुँच प्रदान करना है, जिससे व्यक्ति अपनी आर्थिक आकांक्षाओं को पूरा करने में सक्षम हो सके। ये सभी कार्यक्रम स्वदेशी पर ज़ोर देते हैं ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था इस सिद्धांत पर बढ़े कि 'भारत का निर्माण भारतीयों द्वारा किया जाएगा'। "स्वदेशी" और "विकेंद्रीकरण" सामाजिक और आर्थिक न्याय का मार्ग प्रशस्त करते हुए आत्मनिर्भर अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के मूल मंत्र हैं।

इन सकारात्मक प्रयासों के मज़बूत कार्यान्वयन के माध्यम से, भारतीय अर्थव्यवस्था ज्यामितीय रूप से तेज़ी से बढ़ने लगी। इसने विभिन्न तरीकों से गरीब लोगों की मदद की ताकि, समय के साथ, वे समृद्ध हों। वास्तव में, ऊपर बताए गए सकारात्मक उपायों को शामिल करके, राज्य की प्रकृति में एक नवउदारवादी प्रतिष्ठान से एक अधिक कल्याणकारी निकाय में परिवर्तन हो रहा है, जिससे एक समतावादी प्रणाली बन रही है जिसमें आर्थिक न्याय सुनिश्चित और संरक्षित है। यह रेखांकित किया जा सकता है कि वर्तमान सरकार इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत कर रही है, और यह सुनिश्चित कर रही है कि संस्थागत व्यवस्था और विकास के पैटर्न गैर-शोषणकारी होने चाहिए। यह सबसे कमजोर लोगों को निर्णय लेने की प्रक्रिया में भाग लेने और आत्म-साक्षात्कार के माध्यम से अपनी पूरी क्षमता का एहसास करने में सक्षम बनाएगा। मोदी एक ऐसे भारत के लिए प्रयास करते हैं जहाँ हम आधुनिकीकरण करें लेकिन पश्चिमीकरण न करें, जहाँ हमारे पास व्यक्तिगत आर्थिक स्वतंत्रता हो लेकिन वह सामाजिक सुरक्षा जाल से जुड़ी हो। ये सभी अर्थ पुरुषार्थ का पालन करने के लिए आवश्यक शर्तें हैं जो लंबे समय में "सबका प्रयास" के माध्यम से जनता के नैतिक चरित्र को बढ़ावा देंगी।

**काम :** पुरुषार्थ के भीतर काम को शामिल करना भारतीय विचारकों की मानव जीवन की बुनियादी जरूरतों में से एक के प्रति संवेदनशीलता को दर्शाता है। पहली नज़र में काम एक व्यक्तिगत लक्ष्य लगता है, क्योंकि यहाँ वास्तव में जो हासिल किया जाता है वह व्यक्तिगत इच्छाओं की संतुष्टि है। हालाँकि, काम का अनुवाद जुनून के रूप में करना, कामुक इच्छा या भौतिक प्राप्ति की इच्छा को दर्शाता है, मेरे विचार से, उचित नहीं है। इच्छा मानसिक भी हो सकती है। एक रचनात्मक वैज्ञानिक की प्रयोग में खो जाने की इच्छा, एक कवि की प्रकृति की उदारता और मनोरमता में लीन होने की तीव्र इच्छा, स्पष्ट रूप से सूक्ष्म, उदात्त और गैर-भौतिक चीजों पर निर्देशित होती है। इसके अलावा, क्योंकि काम को धर्म के बंधन में काम करना पड़ता है, इसलिए यह धर्म के मानदंडों के भीतर पीछा किया जाने वाला एक सामाजिक लक्ष्य बन जाता है। मोदी सरकार ने मानव कल्याण के विभिन्न पहलुओं के संबंध में कई पहल की हैं और नीतियां तैयार की हैं जिन्हें काम पुरुषार्थ से जोड़ा जा सकता है। जीवन की गुणवत्ता में सुधार लाने और व्यक्तिगत और सामाजिक कल्याण में योगदान देने वाली बेहतर सुविधाएं प्रदान करने के उनके प्रयास अप्रत्यक्ष रूप से इच्छा और पूर्ति की खोज का समर्थन करते हैं। मोदी के नेतृत्व में की गई पहलों को काम पुरुषार्थ से जोड़ा जा सकता है, जिसमें बुनियादी ढांचे का विकास शामिल है। परिवहन, आवास और स्वच्छता जैसे क्षेत्रों में विकास जीवन की गुणवत्ता में सुधार लाने और लोगों को अपनी इच्छाओं और महत्वाकांक्षाओं को पूरा करने के लिए बेहतर सुविधाएं प्रदान करने में योगदान देता है। इसके अतिरिक्त, विशेष रूप से महामारी के बाद के युग में पर्यटन को बढ़ावा देने पर मोदी का लक्षित जोर न केवल देश की अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देगा, बल्कि पूरे भारत में आनंद के अवसर भी प्रदान करेगा। उन्होंने देश के विभिन्न क्षेत्रों की अज्ञात पर्यटन क्षमता को बढ़ावा देने के लिए कई पहल की हैं। वह स्वयं ऐसी यात्राओं के बारे में साझा करने का प्रयास करते हैं, जिसके बाद वे जिस स्थान पर जाते हैं, वह लोगों के लिए पसंदीदा स्थान बन जाता है। हाल ही में अपने एक भाषण में प्रधानमंत्री मोदी ने घरेलू पर्यटकों से देश में कम से कम 15 स्थानों पर जाने का आग्रह किया, ताकि घरेलू पर्यटन को बढ़ावा मिले। स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में सरकार ने स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुँच बढ़ाने के लिए 'आयुष्मान भारत' योजना और शिक्षा और कौशल विकास को बढ़ावा देने के लिए 'कौशल भारत' जैसे कार्यक्रम शुरू किए हैं, जिससे व्यक्ति अपनी आकांक्षाओं और इच्छाओं को अधिक प्रभावी ढंग से पूरा कर सकें। 'डिजिटल इंडिया' जैसे डिजिटल परिवर्तन कार्यक्रमों ने इंटरनेट की पहुँच और डिजिटल बुनियादी ढाँचे का विस्तार किया है, जिससे आर्थिक गतिविधियों, शिक्षा और मनोरंजन के लिए नए अवसर खुले हैं, जिससे इच्छाओं और सुखों की खोज में योगदान मिला है। 'उज्ज्वला योजना', 'स्वच्छ भारत मिशन' और 'पीएम आवास योजना' जैसी सामाजिक कल्याण योजनाओं ने सीधे तौर पर जीवन की स्थितियों में सुधार किया है और बेहतर जीवन स्तर की खोज को सुगम बनाया है। कुल मिलाकर, हालांकि इसे सीधे तौर पर काम पुरुषार्थ पर ध्यान केंद्रित करने के रूप में लेबल नहीं किया गया है, मोदी की पहल और नीतियों का उद्देश्य व्यक्तिगत और सामाजिक विकास के लिए अनुकूल वातावरण बनाना है, जो अप्रत्यक्ष रूप से व्यक्तियों को उनकी इच्छाओं और आकांक्षाओं, यानी काम को आगे बढ़ाने में सहायता कर सकता है। इस प्रकार, काम पुरुषार्थ व्यक्ति को अपने उद्देश्य के रूप में पूर्णता और आनंद (अनंत सुख) प्राप्त करने के लिए एक आदर्श बनने की अपनी सहज लालसा को महसूस करने में मदद करता है।

**मोक्ष :** मोक्ष एक अवधारणा नहीं बल्कि एक अनुभवात्मक अवस्था है। यह किसी व्यक्ति या वर्ग का विशेषाधिकार नहीं है। यह एक अस्तित्वगत अवस्था है, जिसे कोई भी व्यक्ति प्राप्त कर सकता है जो धर्म के मार्ग पर चलता है। यह वह अवस्था है जहाँ व्यक्ति राष्ट्र की 'चिति' के अनुसार एक सामान्य राष्ट्रीय चेतना विकसित करने के लिए विभिन्न धार्मिक और सामाजिक समुदायों के सदस्यों के रूप में समूह चेतना से परे होता है। अब सवाल यह है: क्या विकसित भारत के लिए मोदी के दृष्टिकोण में मोक्ष का कोई महत्व है? जवाब हां है। मोक्ष के लिए मोदी के प्रयास न केवल उनकी सरकार द्वारा भारत की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत को बढ़ावा देने में निहित हैं, बल्कि उनकी पहलों में भी निहित हैं, जिनका उद्देश्य सभी के समग्र विकास और कल्याण को बढ़ावा देना है। स्वामी विवेकानंद के प्रसिद्ध शब्दों के माध्यम से व्यक्त किया गया संदेश और तात्कालिकता, 'उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो जाए', एक सहस्राब्दी बाद मोदी के लिए एक प्रचलित शब्द बन गया। मोदी ने दुनिया को सनातन धर्म द्वारा प्रदान की जाने वाली आध्यात्मिकता प्रदान की। पदभार ग्रहण करने के तुरंत बाद, उन्होंने संयुक्त राष्ट्र से योग के लिए एक अंतर्राष्ट्रीय दिवस बनाने के लिए कहा था। उन्होंने इसे प्राप्त कर लिया। उन्होंने 21 जून की तारीख चुनी, जो ग्रीष्म संक्रांति है, जो उत्तरी गोलार्ध में वर्ष का सबसे लंबा दिन है, और महत्वपूर्ण रूप से, भारतीय दृष्टिकोण से, पहली पूर्णिमा, जिसे "गुरु पूर्णिमा" के रूप में जाना जाता है, इसी तिथि को अस्त होती है, सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि शिव, पहले योगी (आदि योगी) के बारे में कहा जाता है कि उन्होंने इस दिन शेष मानव जाति को योग का ज्ञान देना शुरू किया था, और पहले गुरु (आदि गुरु) बने।

'योग भारत की प्राचीन परंपरा का दुनिया को एक अमूल्य उपहार है। यह मन और शरीर की एकता, विचार और कर्म, संयम और पूर्ति, मनुष्य और प्रकृति के बीच सामंजस्य, स्वास्थ्य और कल्याण के लिए एक समग्र दृष्टिकोण का प्रतीक है। पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास पर पीएम मोदी का ध्यान मोक्ष के सिद्धांतों के अनुरूप है, जो सभी जीवन रूपों के परस्पर संबंध पर जोर देता है यहां तक कि मोदी की विदेश नीति में भी भारत की समृद्ध आध्यात्मिक विरासत पर जोर देने और अंतर-धार्मिक संवाद और सहयोग को बढ़ावा देने के माध्यम से आध्यात्मिकता के तत्व शामिल हैं। उपर्युक्त के आधार पर, कोई यह तर्क दे सकता है कि स्वामी विवेकानंद के 1893 के भाषण से भारत की प्रतिष्ठा जो बढ़ गई थी, वह फिर से जागृत हो गई है क्योंकि पीएम मोदी ने भारतीय सभ्यता और संस्कृति, योग और वैदिक दर्शन को दुनिया के सामने फिर से पेश किया है। वे तुरंत भारत में वंचित और उपेक्षित लोगों के लिए प्रेरणा के प्रतीक बन गए। मोदी उन लाखों गरीबों को सम्मान देने का प्रयास कर रहे हैं, जिनका अतीत में इस्तेमाल और दुरुपयोग किया गया है, राष्ट्रीय गौरव को बहाल करना।

**(ये इनके निजी विचार हैं)**